फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 4, वर्ष 11, अंक 304, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, गुरुवार, 23 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अन्दर : ऋचा घोष बोलीं- हमें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कम से कम 180 रन बनाने होंगे





# यूपी का सबसे बड़ा बजट पेश

## जनता पर कोई नया टैक्स नहीं



**लखनऊ।** योगी सरकार 2.0 ने बुधवार को अपनी सरकार का दूसरा बजट पेश किया। बजट का आकार छह लाख 90 हजार दो सौ 42 करोड़ 43 लाख रुपये है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बजट का आकार हमारे कुशल वित्तीय प्रबंधन का प्रमाण है। बीते वर्ष जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया फिर भी राजस्व की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा जनता को महंगाई से राहत देने के लिए पेट्रोल-डीजल पर वैट कम किया है। प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा निवेश किया गया है। यही कारण है कि आने वाले समय में 21 एयरपोर्ट वाला यूपी देश का पहला राज्य होगा। शक्ति पीठ माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर के समेकित पर्यटन विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज के समेकित विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बौद्ध परिपथ के समेकित पर्यटन विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रुपए, बुन्देलखण्ड का समेकित पर्यटन विकास हेतु 40 करोड़ रुपये, शुकतीर्थ धाम का समेकित पर्यटन विकास हेतु 10 करोड़ रुपये, प्रदेश में युवा पर्यटन को बढ़ावा देना हेतु 2 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म, लखनऊ बोर्ड की स्थापना हेतु 2.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिये 30 करोड़ रुपये व प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना हेतु 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। खेल विकास कोष की स्थापना हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मेरठ में मेजर ध्यान चन्द्र खेल विश्वविद्यालय की स्थापना किये जाने के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

### राजकोषीय घाटे पर लगाम की तैयारी

हर जिले में खुलेगा मेडिकल कॉलेज, पर्यटन में 20 हजार को नौकरी, किसान पेंशन योजना के लिए सात हजार करोड़

कृषि विकास और सिंचाई के लिए 24 हजार करोड़ का बजट

योगी के बजट में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

### बजट एक नजर में

| | |
|---|---|
| बजट का आकार : | 6,90,242.43 करोड़ |
| नई योजनाओं पर खर्च : | 32,721.96 करोड़ |
| कुल प्राप्तियां : | 6,83,292.74 करोड़ |
| राजस्व प्राप्तियां : | 5,70,865.66 करोड़ |
| पूंजीगत प्राप्तियां : | 1,12,427.08 करोड़ |
| कर राजस्व : | 4,45,871.59 करोड़ |
| राज्य कर राजस्व : | 2,62,634 करोड़ |
| केंद्रीय करों में राज्य का अंश : | 1,83,237.59 करोड़ |
| कुल व्यय (अनुमानित)- | 6,90,242.43 करोड़ |
| राजस्व बचत : | 68,511.65 करोड़ |
| राजकोषीय घाटा : | 84,883.16 करोड़ |

### महत्वपूर्ण घोषणाएं

☛ प्रदेश में ओडीओपी एवं हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहित करने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना होगी जिस पर 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ☛ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण व नए शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2023-2024 में 12,39,877 आवासों का लक्ष्य प्रस्तावित है। योजना हेतु 9000 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था दी गई है।



☛ आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश में 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा 16 घरेलू एयरपोर्ट समेत कुल 21 एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएंगे। ☛ महाकुंभ मेला, 2025 की तैयारी के लिए 2,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। ☛ आकांक्षी नागर योजना के लिए 100 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। ☛ मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1203 करोड़ रुपए प्रस्तावित। ☛ केंद्र सरकार की मदद से पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) नामक नई योजना के लिए 510 करोड़ रुपए का बजट। ☛ ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की नई योजना के लिए 300 करोड़ रुपए। ☛ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 30 करोड़ रुपए की व्यवस्था। ☛ मेरठ में मेजर ध्यानचंद्र खेल विश्विद्यालय की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपए। ☛ 14 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना एवं संचालन के लिए 2491 करोड़ 39 लाख का बजट।

### बड़ी घोषणाएं

☛ प्रदेश के छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए 3600 करोड़ रुपये देने का एलान किया गया है। ☛ वाराणसी-गोरखपुर में मेट्रो के लिए 100 करोड़ रुपये का एलान। ☛ झांसी-चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 235 करोड़ रुपये का एलान। ☛ स्वास्थ्य व्यवस्था पर 12,650 करोड़ रुपये खर्च का एलान।☛ प्रदेश में फार्मा पार्कों की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये देने का एलान। ☛ प्रदेश के सभी जिलों में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने के उद्देश्य के तहत 14 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। ☛ लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने हेतु 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ कानपुर मेट्रो रेल परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में 585 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ आगरा मेट्रो रेल परियोजना हेतु 465 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है।☛ दिल्ली-गाजियाबाद मेरठ कॉरिडोर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2023- 2024 में 1306 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना के कियान्वयन हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण / नये शहर प्रोत्साहन योजना हेतु 3,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ गोरखपुर नगर स्थित गोडधोड़या नाला एवं रामगढ़ ताल के जीर्णोद्धार तथा इंटरसेप्शन, डाइवर्जन एवं ट्रीटमेंट सम्बन्धी परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए 650 करोड़ 10 लाख रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। ☛ उत्तर प्रदेश के कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु व दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना 14 सितम्बर, 2019 से लागू है। इस योजना के अन्तर्गत कृषक की परिभाषा का विस्तार किया गया है। योजना के अन्तर्गत दुर्घटनावश मृत्यु व दिव्यांगता की दशा में अधिकतम 5 लाख रुपये दिये जाने का प्रावधान है। योजना हेतु 750 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था की गई है। ☛ निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा हेतु प्रत्येक राजस्व मण्डल में 1000 बालक व बालिकाओं के लिये कक्षा 06 से कक्षा-12 तक अध्ययन हेतु अटल आवासीय विद्यालय निमार्णाधीन हैं । इन विद्यालयों का संचालन आगामी सत्र 2023 2024 से प्रारम्भ किया जाना है। अवशेष निर्माण कार्य हेतु 63 करोड़ रुपये तथा उपकरण आदि के क्रय हेतु लगभग 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। ☛ मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत पंजीकृत महिला श्रमिक के संस्थागत प्रसव की दशा में निर्धारित तीन माह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि एवं रुपये 1000 को चिकित्सा बोनस तथा पंजीकृत पुरूष कामगारों की पत्नियों को रुपये 6000 एकमुश्त में दिये जाने का प्रावधान है । ☛ अधिकतम दो नवजात शिशुओं के पोष्टिक आहार हेतु लड़का पैदा होने पर एकमुश्त रुपये 20,000 तथा लड़की पैदा होने की स्थिति में रुपये 25,000 बतौर सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा, भुगतान किया जायेगा। ☛ जन्म से दिव्यांग बालिकाओं को रुपये 50,000 बतौर सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा, भुगतान किये जाने का प्रावधान है।









# उद्धव गुट को नहीं मिली कोर्ट से राहत

### शिंदे गुट खुश

**सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई शिंदे गुट के पास ही रहेंगे 'शिवसेना' और 'धनुष-बाण'**

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता देने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गई। शीर्ष अदालत ने आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे खेमे की याचिका पर सुनवाई करने का निर्णय लेते हुए एकनाथ खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई करते हुए ठाकरे गुट को चिंचवड़ और कस्बा पेठ उपचुनाव के लिए 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' नाम और 'जलता मशाल' चुनाव चिन्ह का उपयोग करने की स्वतंत्रता दी। सुनवाई के दौरान नोटिस जारी करते हुए सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इस दौरान पीठ ने कहा कि 'चुनाव आयोग का आदेश चुनाव चिन्ह तक ही सीमित है। हम चुनाव आयोग के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश पारित नहीं कर सकते। हम उद्धव खेमे द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका(एसएलपी) पर विचार कर रहे हैं। हमें दोनों पक्षों की दलीलों को सुनना होगा। बिना दलील सुने रोक नहीं लगाई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उद्धव ठाकरे गुट कानून के अन्य उपायों का पालन कर सकता है यदि कोई कार्रवाई की जाती है जो चुनाव आयोग के आदेश पर आधारित नहीं है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी पर शिंदे खेमे और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर एक हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

# एमसीडी पर 'आप' का कब्जा

## मेयर के बाद डिप्टी मेयर का भी जीता चुनाव



### 15 साल बाद सत्ता चेंज

**आप की शैली ओबेरॉय ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 मतों से हराया**


**आले मोहम्मद इकबाल बने डिप्टी मेयर, उन्होंने भाजपा के कमल बागड़ी को दी मात**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली को बुधवार को नया मेयर मिल गया। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शैली ओबेरॉय को मेयर पद के चुनाव में भारी मत से जीत मिली है। आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर बने। उन्होंने भाजपा के कमल बागड़ी को हराया।

भले ही भाजपा यह चुनाव हार गई हो लेकन कांग्रेस और आप के खेमे में वह सेंधमारी करने में जरूर कामयाब हुई है। आप और कांग्रेस के एक-एक पार्षद ने भाजपा के लिए क्रॉस वोटिंग की है। वहीं, एक निर्दलीय पार्षद ने भी भाजपा को वोट दिया है।

आप पार्षद शैली ओबरॉय ने मेयर पद का चुनाव जीता है। शैली ओबरॉय को 150 और भाजपा की प्रत्याशी रेखा गुप्ता 116 वोट मिले हैं। मताधिकार वाले 266 सदस्यों ने मतदान किया। आम आदमी पार्टी के पास कुल 151 वोट थे। जिनमें 134 पर आप ने जीत दर्ज की, एक निर्दलीय, तीन राज्यसभा सांसद और 13 नामित विधायक शामिल हैं। वहीं भाजपा के पास कुल 113 वोट थे। जिनमें 105 पार्षद, सात लोकसभा सांसद और एक नामित विधायक शामिल हैं। आप के टिकट पर शैली ओबरॉय ने दिल्ली की पटेल नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 86 से पार्षद का चुनाव लड़ा औ सफलता हासिल की। 39 साल की शैली ओबेरॉय पेशे से प्रोफेसर हैं। उन्होंने पीएचडी तक की पढ़ाई की है। वह पहली बार पार्षद चुनी गईं और पहली बार में ही वह मेयर भी बन गईं। चुनाव आयोग के अनुसार शैली ओबेरॉय मात्र 269 वोटों से चुनाव जीती थीं। उन्होंने पटेल नगर विधानसभा के वार्ड नंबर 86 से बीजेपी की दीपाली कपूर को हराया था।

# एक ट्रिलियन इकॉनमी के लिए नींव का पत्थर है आज का बजट




**लखनऊ।** बजट घोषित होने के बाद सीएम योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि आज का बजट हमारे 1 ट्रिलियन इकोनॉमी के संकल्प की नींव का पत्थर है। सीएम योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तरप्रदेश, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन में आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष हमारा बजट थीम आधारित रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 का पहला बजट किसानों को समर्पित था। वर्ष 2018-19 का बजट औद्योगिक विकास तथा बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के नाम रहा। वर्ष 2019-20 का बजट महिला सशक्तिकरण और महिला सम्मान को लेकर पेश किया गया था। वर्ष 2020-21 का बजट युवा व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और वर्ष 2021-22 का बजट स्वावलंबन से सशक्तिकरण को समर्पित रहा। जबकि इस बार का बजट अंत्योदय से आत्मनिर्भरता की थीम पर आधारित है।

# अखिलेश ने बजट को दिशाहीन बताया



### विपक्ष की प्रतिक्रिया

**मायावती के लिए बजट ऊंट के मुंह में जीरा, शिवपाल का तंज- आंकड़ों की बाजीगरी को सलाम**

**लखनऊ।** योगी सरकार 2.0 अपना दूसरा बजट पेश किया है। साल 2023-24 का यह बजट 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपए का है। जिसके बाद विपक्षी दलों ने सरकार के इस बजट की आलोचना की है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और शिवपाल ने जमकर निशाना साधा। शिवपाल यादव ने कहा आज का बजट नौकरशाही के नाम, आंकड़ों की बाजीगरी को सलाम।' वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने बजट की ऊंट के मुंह जीरा बताया।

अखिलेश यादव ने कहा कि बजट में कुछ भी नहीं दिखता, सिर्फ ऐतिहासिक बोलने से कुछ नहीं होगा। इस सरकार को सिर्फ मेला लगाने आता है। बजट ऐसा इंतजाम नहीं है, जिससे निवेश आए। जो निवेशक यहां आए, यहां ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नहीं इज ऑफ डूइंग क्राइम हो गया है। सपा प्रमुख ने कहा कि फायर की ठडउ नहीं मिलती है। नमामि गंगा में मां गंगा को बुलाया था वो भी बर्बाद हो गया। क्या किसान को वाजिब दाम मिल रहा है। क्या आमदनी दुगनी हो गई।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का यह सातवें बजट में दिशा हीन है। न आज की समस्या का समाधान, न भविष्य। युवाओं और महिलाओं को निराश किया। यह वित्त मंत्री व सीएम बताए के वन ट्रिलियन इकोनॉमी कब बनेगी। कितनी ग्रोथ रेट है बताया जाए।

लखनऊ में बिना इलाज के लोग मर रहे हैं। सपा के समय के मेडिकल कॉलेज चल है। इकाना भी सपा के समय ही बना हुआ है। जो सीएम क्रिकेट ना खेल पाते हो वो क्या करेगे। उन्होंने कहा कि ये सरकार छात्रवृत्ति नहीं दे रही है। जातिगत गणना के लिए कोई बजट नहीं है। वन ट्रियेलन डॉलर इकॉनमी नहीं बना सकते। किसान फंड नहीं बनाया। गोरखपुर में नाला बनाया जाएगा। सीएम को गोबर पसंद है। मंत्री को समिट के दौरे पर बुलडोजर ले कर जाना चाहिए था।

# कोरोना जैसी महामारी से लड़ने को भारत तैयार




सेमिनार का उद्घाटन करती केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार



कार्यशाला में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री को सुनते डेलीगेट्स

अश्विनी कुमारश्रीवास्तव

### बोलीं स्वास्थ्य मंत्री

**देश में 5 करोड़ लोगों तक सरकार ने पहुंचाया आयुष्मान कार्ड, पांच लाख रुपए तक का करा रहे ईलाज**

**कार्यशालाओं में तकनीक का आदान-प्रदान होता है और किसी भी मिशन में सफलता मिलती है**

**वन इंडिया एफईटीपी रोडमैप डॉक्यूमेंट एवं सीडी अलर्ट ऑन इबोला वायरस डिजीज का भी अनावरण भी किया**

**वाराणसी।** भविष्य में कोरोना जैसी महामारी से निबटने के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है, कोरोना काल में जो कमियां देखने को मिलीं, उसे भी पूरा किया जा रहा है, चिकित्सकों की संख्या बढ़ायी जा रही है इसके साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को और तकनीक युक्त बनाते हुए मशीनें और लैब भी स्थापित किया जा रहा है।

उक्त बातें वाराणसी सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग, भारत के लिए डब्लूएचओ, कंट्री ऑफिस और यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सम्मेलन-2023 (साउथ ईस्ट एशिया रीजन) का उद्घाटन करते हुए बातौर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार कही।

भारत के विभिन्न स्थानों के साथ ही बांग्लादेश, नेपाल से आये डेलिगेट्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले लगभग नौ वर्षों में दुनिया की स्वास्थ्य देखभाल की सेवाओं के लिए नरेंद्र प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। भारी चुनौतियों के बावजूद, भारत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली 130 करोड़ से अधिक लोगों को प्राथमिक देखभाल से लेकर पुनर्वास तक की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है।

### 69 प्रतिशत बढ़े मेडिकल कॉलेज

अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि आज मेडिकल कॉलेजों कि संख्या 2014 के मुकाबले अधिक है, बताया कि 2014 में यह आकड़ा जहां 387 था वहीं अब 655 तक पहुंच चुकी है। यहां 69 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके अलावा एमबीबीएस सीटों में 95प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जहाँ 2014 से पहले की 51348 सीटें थी जो अब 100163 हो गई है। इसी प्रकार पीजी सीटों में 110प्रतिशत की वृद्धि होते हुए 2014 से पहले की 31185 से बढ़कर अब 65335 हो गई है। केवल पिछले पांच वर्षों के दौरान कुल 175 सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं।

### 5 करोड़ लोगों तक पहुंचा आयुष्मान कार्ड

देश की जनता को स्वास्थ्य के प्रति चिंता मुक्त करने की मुहिम आयुष्मान कार्ड के रुप में जिस तरह चलायी गयी उसमें आज लोगों को लाभ मिल रहा है। 50 करोड़ लोगों तक इस कार्ड का लाभ पहंचाया गया है। आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा व आश्वासन योजना है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत सभी को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराई जा रही है। कुछ अस्पतालों व संस्थानों में अफोर्डेबल मेडिसिन्स एंड रिलायबल इंप्लांट्स फॉर ट्रीटमेंट (अमृत) फामेसीं स्टोर स्थापित किए गए हैं, जिसका उद्देश्य अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना में पर्याप्त छूट पर दवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में विशेष सचिव एस गोपालकृष्णन, उत्तर प्रदेश सरकार में प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) पार्थ सारथी शर्मा, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक एवं निदेशक राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र डॉ. अतुल गोयल उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भगवान सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार करते हैं : हरिप्रपन्नाचार्य महाराज

**जंघई।** गोपालापुर गांव में पूर्व प्रधान अभयराज मिश्र के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन की कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं। जैसे भगवान ने प्रहलाद की नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। उन्होंने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन अपने प्रवचन कथा में किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं। जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं, उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। कथा में स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है। इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए, इसी में मनुष्य का उद्धार है।

# डंफर की चपेट में आने से आठ साल के मासूम सहित मामा की हुई मौत, तीन जख्मी

**हादसा**

**झूंसी के लीलापुर रोड के पास हाईवे पर हुआ हादसा,**

**एक ही बाइक पर सवार थे चार लोग, काफी दूर तक डंफर में फंसी रही बाइक**


डंफर में फंसी बाइक

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर लीलापुर रोड के पास मंगलवार की देर रात डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार आठ साल के मासूम की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुआ आठ साल का मासूम दिव्यांश अपनी मां, बड़ी मां और मामा के साथ बाइक से हनुमानगंज के कोटवा से झूंसी होते हुए झलवा पीपल गांव जा रहे थे। झूंसी के लीलापुर रोड के पास पहुंचने पर डंफर ने बाइक में पीछे से टक्कर मारी थी। टक्कर के बाद डंफर के पिछले हिस्से में फंसी बाइक तकरीबन 20 मीटर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में जख्मी दो महिलाओं और युवक को पुलिस ने एसआरएन में भर्ती कराया है। आक्रोशित लोग पुलिस से भी भिड़ गए थे। हादसे के कारण हाईवे पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा।शहर के झलवा पीपल गांव निवासी दिलीप की पत्नी संजू देवी अपने आठ साल के बेटे दिव्यांश, भाई बब्लू तथा जेठानी मंजू देवी के साथ मंगलवार की रात तकरीबन सवा ग्यारह बजे बाइक से हनुमानगंज के कोटवा गांव से झलवा वापस लौट रहे थे। कोटवा में रिश्तेदार रामजी के यहां निशान चढ़ने के बाद दावत थी। सभी दावत में शामिल होने गए थे। बाइक बब्लू चला रहा था। एक ही बाइक पर दो महिलाओं व बच्चे समेत चार लोग सवार थे। झूंसी के लीलापुर रोड पर चकहरिहरवन के पास पहुंचने पर पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंफर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद डंफर के पिछले हिस्से में फंसी बाइक हाईवे पर तकरीबन 20 मीटर दूर तक घिसटती चली गई। हादसे में आठ साल के दिव्यांश की मौके पर ही मौत हो गई। मासूम के मांस के लोथड़े मौके पर ही जगह-जगह पड़े हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची तो आक्रोशित लोग पुलिसकर्मियों पर भी हमलावर हो गए। हालांकि पुलिस ने तत्काल हालात पर काबू पाते हुए हादसे में जख्मी दोनों महिलाओं और युवक को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के कारण हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। साथ ही यातायात भी बाधित रहा।

### इलाज के दौरान डंफर से घायल मामा की भी हुई मौत

**झूंसी।** जीटी रोड चक पर मंगलवार की रात डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में घायल किशोर के मामा की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल किशोर की मां व बड़ी मां की भी हालात गंभीर बनी हुई है।कौशांबी के पिपरी मकनपुर निवासी बबलू कुमार पीपल गांव से अपनी बहन मंजू देवी, भांजा दिव्यांश, बहन की जेठानी संजू को लेकर बाइक से सरायइनायत के कोटवा में एक रिश्तेदार के यहाँ निशान भंडारे में शामिल हो कर मंगलवार की देर रात लौट रहा था। झूंसी चक के पास जीटी रोड़ पर तेज रफ़्तार डंफर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी बाइक डंफर के पिछले पहिए में फस कर करीब 20 मीटर तक घिसटती हुई गई। डंफर चालक गाड़ी रोक कर मौके से फरार हो गया। डंफर के कुचल कर मौके पर ही 8 वर्षीय दिव्यांश की दर्दनाक मौत हो गई हादसे में बबलू कुमार संजू मंजू को गंभीर चोटें आई थी देर रात इलाज के दौरान बबलू की भी मौत हो गई। मामा भांजे की मौत घर में कोहराम मचा हुआ है।

## प्रधान पुत्र ने बीजेपी पदाधिकारी सहित चौदह के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**रंजिश**

**मऊआइमा के ग्राम छाता में दो पक्षों के बीच चल रही है पुरानी अदावत, हो चुकी है आठ मुकदमों की सीबीआई जांच**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छाता गांव तीन बार से लगातार ग्रामप्रधानी एक ही परिवार में रहने से प्रधान के विरोधियों को राश नहीं आ रहा है। मनरेगा के तहत हुए कार्यों के भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने जिले के अधिकारियों के सामने प्रधान पुत्र को जान से मारने और गालियां देने पर प्रधान पुत्र ने भाजपा पदाधिकारी सहित नौ को नामजद करते हुए। पांच अज्ञातों के खिलाफ बलवा आदि का मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि भाजपा पदाधिकारी ने एक दिन पूर्व प्रधान पुत्र सहित नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा छाता में तीन बार से लगातार एक ही घर परिवार में ग्राम प्रधान चुने जा रही फूला देवी पत्नी देवा नन्द यादव के विपक्षियों को राश नहीं आ रही है। बताया गया है कि इसके पूर्व देवानन्द यादव भी प्रधान चुने जाते रहे हैं। आरोप है कि उनको उनके विपक्षी तथा कथित मुकदमों में फंसा कर जेल में बंद कराए हुए हैं।। बताया गया है कि लगभग आठ मुकदमों की जांच सीबीआई दोनों पक्षों की कर चुकी है। आरोप है कि प्रधान फूला देवी पर आठ लाख रुपए मनरेगा के तहत कार्य न करा कर पैसा हजम करने का आरोप विपक्षियों ने लगाया था। जिसकी स्थली जांच करने जिले से जे ई एम आई, ए ई आई सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे जांच सही पाए जाने पर वह चले गए। प्रधान पुत्र धर्मेंद्र यादव पुत्र देवानंद का आरोप है कि विपक्षी लामबंद होकर उन्हें गालियां देते हुए और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसपर एक पक्ष के भाजपा पदाधिकारी दिवाकर मिश्रा ने ग्राम प्रधान पुत्र सहित नौ पर मार पीट कार तोड़ने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। दूसरे दिन ग्राम पुत्र धर्मेंद्र यादव पुत्र देवानन्द ने मऊआइमा थाने में भाजपा पदाधिकारी दिवाकर मिश्रा पुत्र बृजेश नारायण मिश्रा, उसके भांजे शुभम तिवारी तथा विकास, विवेक, विनीत पुत्रगण शीतला प्रसाद, रवि जायसवाल पुत्र रमेश, मोहम्मद सैफ पुत्र चिराग अली, मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय नन्द लाल, अशोक कुमार पुत्र ललन और पांच अज्ञातों के खिलाफ बलवा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# माफिया जावेद उर्फ पप्पू गजिया के घर हुई कुर्की की करवाई


कुर्की के दौरान तैनात पुलिस बल

**नैनी।** गजिया गांव निवासी माफिया मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गाजिया के पुश्तैनी मकान में बुधवार को पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस को वहां कोई खास सामान नहीं मिला।

मालूम हो कि डांडी गांव निवासी विशाल यादव ने बीते जून महीने में जमीन के मामले में पप्पू गाजिया द्वारा रंगदारी मांगे जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 25000 का इनाम भी उस पर घोषित कर रखा था। उसकी गिरफ्तारी न होने पर बीते 28 दिसंबर को पुलिस ने 82 की कार्रवाई करते हुए उसके दरवाजे पर नोटिस चस्पा की थी। इसके बावजूद भी पुलिस उसे नहीं पकड़ सकी, जिसे लेकर आज कुर्की की कार्रवाई की गई। इस मौके पर एसीपी अजीत सिंह चौहान इंस्पेक्टर बृजेश सिंह समेत भारी पुलिस फोर्स और पीएसी के जवान तैनात रहे। गांव वालों की ओर से भीड़ लगाने पर पुलिस ने उन्हें डांट कर वहां से भगाया।

### युवक ने किया युवती के साथ दुष्कर्म

**मऊआइमा।** खेत मे शौच के लिए गयी युवती को एक युवक मुंह दबा कर जमीन पर पटख दिया और दुष्कर्म किया। परिजनों द्वारा उलहना देने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया। पीड़िता के पिता ने आरोपी युवक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता को मेडिकल चेकअप के लिए भेज कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक 19 वर्षीय युवती रात लगभग 10 बजे खेत मे शौच के लिए गयी थी। आरोप है कि पहले से घात लगाकर कर बैठे गांव का एक युवक युवती को पकड कर मुंह दाब कर जमीन में पटख दिया और बलात्कार किया। घर आ कर युवती परिजनों को आब बीती बताई।तो परिजन जब उलहना लेकर आरोपी युवक के घर गए तो उल्टा आरोपी के परिजन पीडिता के घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। बुधवार को पीडीता को लेकर परिजन आए और पीडिता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक मोनू पुत्र बद्री प्रसाद तथा उसके परिवार के राजेश कुमार, पिंटू, मिथुन, सोनू, मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस पीडिता को लेकर मेडिकल चेकअप के लिए भेज दी है तथा आरोपी युवक और उसके परिजनों की तलाश में जुट गई है।

# सुलभ शौचालय को तरस रहा तहसील मुख्यालय, फरियादी परेशान

**समस्या**

**परिसर में लगा हैंडपंप वर्षो से खराब निष्प्रयोज है पानी की टंकी**

**कोरांव।** तहसील परिसर कोरांव सुलभ शौचालय के लिए तरस रहा है। दूर-दूर से आने वाले फरियादी समस्या को लेकर काफी परेशान है लेकिन समस्या को लेकर जिम्मेदार अमला उदासीन बना हुआ है ।तहसील परिसर में कई वर्षों पूर्व बनाया गया सुलभ शौचालय पूरी तरह से बदहाल पड़ा हुआ है ।शौचालय का दरवाजा टूटा पड़ा है इसके अलावा पानी का कोई इंतजाम नही है ।तहसील परिसर में दूर से आने वाले हजारो फरियादियो के लिए समस्या बनी हुई है। परिसर के अंदर जो शौचालय कर्मचारियों के लिए बनाए गए है उनमे भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।सबसे बड़ी समस्या दूर दराज से आने वाली महिलाओं के लिए है। तहसील परिसर के भवन निर्माण के समय ही बनाया गया शौचालय मरम्मत एवम सुविधाओं के आच्छादन का इंतजार कर रहा है। परिसर में लगा सरकारी हैंडपंप भी वर्षो से खराब पडा हुआ है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई पानी की टंकी भी अव्यवस्था का शिकार हो गयी है जिसके कारण लोगो को पानी के लिए भी भटकना पड़ रहा है। अफसरों के लिए तो उनके आवास पर शौचालय की व्यवस्था की गई है लेकिन बाहर से आने वाले फरियादियो को उक्त समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के बावत तहसीलदार अनिल बर्मा का कहना है कि परिसर में सुलभ शौचालय एवम महिलाओं को अलग शौचालय के निर्माण के लिए प्रभारी अधिकारी नजारत को पत्र भेजा गया है धनराशि मिलते ही शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

## शान्ति भंग की आशंका में 11 को कोरांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरांव।** थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में निरंतर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उप निरीक्षक बृजेश तिवारी व वंश नारायण यादव द्वारा 11 अभियुक्तों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय मिश्रा पुत्र अंबिका प्रसाद मिश्र व राजपाल पांडेय पुत्र राम प्रताप निवासी ग्राम भगेसर, दूधनाथ व जगन्नाथ पुत्रगण बैजनाथ निवासी ग्राम बलापुर, आशीष पुत्र मंगला व लालबाबू सिंह पुत्र दूध नाथ सिंह व सुखेंद्र सिंह पुत्र हरिश्चंद्र सिंह निवासी ग्राम पियरी, नेब्बू लाल पुत्र चिंतामणि व राजकुमार पुत्र बेनीमाधव निवासी ग्राम बहियारी कला, अशोक सिंह पुत्र देवता दीन निवासी ग्राम बदौवा पाल, धनेश्वर प्रसाद पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम मिश्र पुर को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है, थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अराजक व गैर कानूनी गतिविधि अस्वीकार्य होगी शांतिभंग की कोशिश करने वालो से सख्ती से निपटा जाएगा।

**आवश्यकता है**

**शिव लॉ कालेज करनाईपुर, बहरिया, प्रयागराज** में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत त्रिवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के प्राचार्य एक पद एवं सह आचार्य विधि संकाय के छः पद की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार। वेतनमान राज्य सरकार एवं यू.जी.सी. के मानकानुसार देय होगा।
**नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।
**प्रबंधक-मो0: 9936234744**

**आवश्यकता है**

श्याम सुन्दर शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय मवई कला कुण्डा, प्रतापगढ़ (उ0प्र0) में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत कला संकाय (बी0ए0) में भारतीय प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र (प्रत्येक विषय हेतु एक पद) एवं शिक्षा संकाय (बी0एड0) में बी0एड0 प्रवक्ता हिन्दी, गणित, विज्ञान (प्रत्येक विषय हेतु एक पद) और सामाजिक विज्ञान विषय के दो पद हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर आमंत्रित किये जाते हैं।
सभी पदों हेतु योग्यता यू0जी0सी0/NCTE/उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुरूप होगी।
**मैनेजर**
**श्याम सुन्दर शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय मवई कला कुण्डा, प्रतापगढ़।**
**मो0: 9450184497, 7905488086**


शादी के बंधन में बंधे जोड़े

## सामूहिक विवाह में 63 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का दामन

**गरीबों की बेटियों की शादी करवा रही भाजपा सरकार : मुकेश कोल**

**कोरांव।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश में गरीब बेटियों के हाथ सरकारी खर्चे से पीले करने का काम कर रही है । सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है । उक्त बातें बुधवार को विकासखंड के भागीरथी गेस्ट हाउस में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल ने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामना देते हुए कही । प्रमुख ने सभी जोड़ो के उज्जवल भविष्य की कामना की। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी निर्देश के तहत गरीब बेटियों की शादी करवाई जा रही है। विवाह समारोह में 63 जोड़ों ने एक दूजे का दामन थाम लिया । पूरे विधि विधान के साथ सभी जोड़ों की शादी संपन्न कराई गई । ब्लाक प्रमुख एवं खंड विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से नवविवाहित जोड़ों को उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन बबलू सिंह ने किया । इस दौरान प्रमुख रुप से संजय सिंह, संतरा देवी, आनंद कुमार श्रीवास्तव, सपना सिंह, राजू सिंह, विनीत पाठक, कमल कुमार, सत्येंद्र पांडे, आनंद मोहन, सुनील सरोज सहित नवविवाहित जोड़ों के परिजन मौजूद रहे।

### रिंगरोड में प्रभावित किसानों की भूमि का उचित मुआवजा दिया जाएगा : एसडीएम

**करछना।** इनर रिंगरोड से प्रभावित करछना तहसील क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने बुधवार को रामपुर स्थित मिशन सभागार में एसडीएम से मुलाकात की। मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय की अगुवाई में मौजूद किसानों ने कहा कि एनएचआई द्वारा निर्मित कराये जा रहे इनर रिंगरोड़ को लेकर प्रभावित किसानों को उनकी बेशकीमती जमीन का उचित मुआवजा नही दिया जा रहा है। जिससे किसान संतुष्ट नही है।उपजिलाधिकारी के सामने अपना पक्ष रखते हुए किसानों ने कहा कि 2014 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम प्रावधान के अनुरूप मुख्य मार्केट बैल्यू के हिसाब से उनकी जमीन का आंकलन किया जाना चाहिए। इस दौरान पालपुर, चंपतपुर, बगबना, चकशाह मीर फजल अली, पूरे खगन, मसिका, घोघापुर, चक हिदायत उल्ला, रेही, महुवारी, लवायन से आये दो दर्जन किसानों ने बताया कि नोटिस की प्रक्रिया चल रही है।लेकिन उनके परिवार के पालन पोषण और रोजी रोटी का सहारा कीमती जमीन का उचित मुआवजा नही दिया जा रहा है।डॉ.पांडेय ने कहा कि निश्चित रूप से यह रिंगरोड़ यमुनापार की जीवन रेखा है और इससे विकास को नई गति मिलेगी।

# पीडीए की टीम ने 15 करोड़ की जमीन कराई खाली


अवैध कब्जे पर कार्रवाई करते पीडीए के अधिकारी

**नैनी।** पीडीए की टीम ने बुधवार को देवरख उपरहार, काजीपुर, चकबबुरा अलीमाबाद और अवंतिका आवास योजना में अवैध कब्जे पर बुल्डोजर चलाया। इस कार्रवाई में 1700 वर्ग मीटर जमीन खाली करवाई गई, जिसकी कीमत 15 करोड़ बताई जाती है। इसके अलावा पूरा फतेह मोहम्मद मोहल्ले में एक अवैध निर्माण को सील किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सकें। इस दौरान जोनल अधिकारी बीपी सिंह, अवर अभियंता श्रीरंग दूबे, कुंवर आनंद सिंह आदि शामिल रहे।

### जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में हुआ वार्षिक खेलकूद का आयोजन

**करछना।** तहसील क्षेत्र के जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर के प्रांगण में 22 फरवरी 2023 को वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पांडे जी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और साथ ही में मशाल जलाकर वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन पर वूमेन वेलफेयर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पांडे जी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा एवं विद्यालय के संरक्षक डॉ. के के शुक्ला, अभिभावकगण एवं शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की आराधना के साथ आरंभ हुआ। तत्पश्चात प्री प्राइमरी, प्राइमरी, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बच्चो द्वारा विभिन्न खेल खेले गए। इस कार्यक्रम में प्री प्राइमरी के प्रमुख खेल खरगोश दौड़, मेढक दौड़, कोन रेस थे। प्राइमरी के बच्चों के प्रमुख खेल बलून रेस, लेमन रेस, सुई धागा रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक छात्र - छात्राओं द्वारा अपने विभाग को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम किया गया।

**होली पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये होली पर्व के अवसर पर विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर-दानापुर सुपरफास्ट होली विशेष रेलगाड़ी**

जबलपुर से : गाड़ी संख्या 02191, दिन सोमवार, दिनांक 06.03.2023 को।
दानापुर से : गाड़ी संख्या 02192, दिन मंगलवार, दिनांक 07.03.2023 को।
गाड़ी संरचना - सामान्य श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01 एवं एसएलआर-02

| गाड़ी संख्या - 02191 जबलपुर - दानापुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 02192 दानापुर - जबलपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:05 | जबलपुर | 00:10 | ---- |
| 00:10 | 00:12 | मानिकपुर | 19:53 | 19:55 |
| 00:53 | 00:55 | शंकरगढ़ | 18:13 | 18:15 |
| 01:50 | 01:55 | प्रयागराज छिवकी | 17:40 | 17:45 |
| 03:10 | 03:12 | मिर्जापुर | 16:18 | 16:20 |
| 08:45 | ---- | दानापुर | ---- | 11:30 |

**गाड़ी संख्या 02155/02156 रानी कमलापति-दानापुर सुपरफास्ट होली विशेष रेलगाड़ी**

रानी कमलापति से : गाड़ी संख्या 02155, दिन रविवार, दिनांक 05.03.2023 एवं 12.03.2023 को।
दानापुर से : गाड़ी संख्या 02156, दिन सोमवार, दिनांक 06.03.2023 एवं 13.03.2023 को।
गाड़ी संरचना - सामान्य श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-03, एसएलआर/डी-01 एवं जेनरेटरयान-01

| गाड़ी संख्या - 02155 रानी कमलापति-दानापुर | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 02156 दानापुर-रानी कमलापति | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:20 | रानी कमलापति | 05:50 | ---- |
| 00:10 | 00:12 | मानिकपुर | 19:53 | 19:55 |
| 00:53 | 00:55 | शंकरगढ़ | 18:13 | 18:15 |
| 01:50 | 01:55 | प्रयागराज छिवकी | 17:40 | 17:45 |
| 03:10 | 03:12 | मिर्जापुर | 16:18 | 16:20 |
| 08:45 | ---- | दानापुर | ---- | 11:30 |

नोट- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad. indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे G20 290/23(A)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @cpro

# समाजसेवा के लिए सम्मानित हुए संजय तिवारी, जताई खुशी

**लालगोपालगंज।** विभिन्न माध्यमों से आम जनमानस की सेवा कर रहे जय श्रीराम सेवा समिति श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष संजय तिवारी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त के पश्चात संजय के हौसले बुलंद नजर आए।

बायोवेद शोध संस्थान द्वारा आयोजित कृषि वैज्ञानिकों के अधिवेशन में क्षेत्र में विभिन्न माध्यमों और संसाधनों द्वारा समाज की सेवा कर रहे महानुभावों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में एक नाम श्रृंगवेरपुर क्षेत्र के बिजलीपुर शिवरतन का पूरा गांव निवासी संजय तिवारी का भी रहा। संजर जय श्रीराम सेवा समिति श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष हैं। संस्थान द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन किया जाता है। श्रृंगवेरपुर महोत्सव, पूर्णिमा के अवसर पर गंगा आरती प्रमुख हैं। इनके द्वारा शनिदेव धाम में प्रति शनिवार को विशेष हवन पूजन का आयोजन और महा प्रसाद वितरण कराना विशेष कार्यों में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जरुरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इनके उत्कृष्ट कार्यों को देखकर बायोवेद के डायरेक्टर कृषि वैज्ञानिक डा. बृजेश कांत द्विवेदी ने अंगवस्त्रम पहना कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त के बाद संजय तिवारी के हौसले बुलंद दिखे। उन्होंने कहा कि मावन और धर्म सेवा से ही सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे समाज में अच्छा संदेश जाएगा।


सम्मानित होते संजय तिवारी

## हेलीकॉप्टर से परिजनों के साथ दूल्हा बारात लेकर गया फिर शाम को दूल्हन लेकर वापस लौटा

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा नगरपंचायत के इतिहास में पहली बार एक परिवार का युवक दूल्हा बनकर अपने परिजनों के साथ हेलीकॉप्टर से बारात ले कर गया। फिर दुल्हन को बिदा करा कर शाम को वापस लौटा तो हेलीकॉप्टर को देखने के लिए लोगों का मजमा लग गया। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी डाक्टर राहुल साहू बीएएम एस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन सर्जरी) पुत्र उमाशंकर साहू जो बर्तन के कारोबारी हैं। बुधवार को दिन में हेलीकॉप्टर से 11 बजे उमाशंकर का पुत्र डाक्टर राहुल दूल्हा बन कर अपनी बहन खुशबू ,अपने पिता उमाशंकर साहू, बहनोई नितेन्द्र साहू के साथ नगर पंचायत मऊआइमा के जिला पंचायत कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खडी हेलीकॉप्टर से बारात लेकर प्रयागराज के थाना धूमनगंज के हरवारा निवासनीय चन्द्रिमा सी एच ओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) पुत्री चन्द्रिका प्रसाद पूर्व ब्लाक प्रमुख एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू एकतामंच(13/2/त ) के यहां बारात लेकर गया। फिर शाम को दुल्हन बनी चन्द्रिमा को दूल्हा बने डाक्टर राहुल साहू, पिता उमाशंकर, बहन खुशबू ,बहनोई नितेन्द्र साहू दुल्हन चन्द्रिमा साहू बिदा करा कर शाम को , हेलीकॉप्टर से शाम लगभग साढे चार बजे हेलीपैड पर उतरे और फोटो खिंचवाए । हेलीकॉप्टर। देखने के लिए लोगों की भीड उमड पडी। बताते हैं कि शेष बाराती वाहनों से सुबह धूमनगंज चले गए थे। मऊआइमा के इतिहास में पहली बार बारात हेलीकॉप्टर से गई है और दुल्हन लेकर वापस हेलीकॉप्टर से आयी। बताया गया है कि 66 महाराजा एवीटन प्राइवेट लिमिटेड का भाडा लगभग ढाई लाख रुपये आया। उक्त शादी एक यादगार बन गई। और क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। हेलीपैड पर पहले से पीडब्ल्यूडी, दमकल ,थाने की फोर्स तैनात थी। बताते हैं कि उक्त प्राइवेट हेलीकॉप्टर के लिए कन्या पक्ष ने आवेदन किया था।तथा खर्च दोनों ने बांटा । उक्त शादी एक अनोखी शादी बन गई।

**आवश्यकता है**
बृजराज सिंह डिग्री कालेज
बुलमा, आलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
बी.एस.सी. (एग्रीकल्चर) पाठ्यक्रम हेतु
विभागाध्यक्ष (01) पद, सहायक आचार्य (12) पद, योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी. + आई. सी. ए. आर /पी.आर.एस.यू. के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 7 दिन के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
बृजराज सिंह पी.जी. कालेज
बुलमा, आलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
Mob.: 9889056889
Email: brsdcollege87@gmail.com

बृजराज सिंह लॉ कालेज
बुलमा, आलेपुर, सैदाबाद, प्रयागराज
सम्बद्ध
प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज
प्राचार्य (01) पद, सहायक आचार्य (06) पद, योग्यता L.L.M., NET, Ph.D.
वेतनमान – यू.जी.सी. मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिवस के अन्दर महाविद्यालय में आवेदन जमा करें।
प्रबन्धक
विनय सिंह
Mob.: 9889056889
Email: brijrajsinghlaw college@gmail.com



# प्रयागराज



## मौसम

अधिकतम : 27.00
न्यूनतम : 15.00
सूर्योदय : 06.50
सूर्यास्त : 05.27

### ट्रैक्टर के पहिए से कुत्ते के दबने को लेकर चालक को पीटा , पुलिस ने लिया मामले को संज्ञान में

**थरवई ।** थाना थरवई अंतर्गत बड़नपुर गांव में दबंगों ने ट्रैक्टर चालक विनोद कुमार पाल पुत्र भोलानाथ पाल निवासी जैतवारडीह को ट्रैक्टर के पहिए से पालतू कुत्ता दब गया था उसी बात को लेकर चालक विनोद पाल को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है विनोद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के अर्जुन कुमार सहित तीन पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# सांसद फूलपुर ने 'पड़ोस युवा संसद' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**शुभारंभ**

**देश के युवा राष्ट्र निर्माण में कर सकते हैं महत्वपूर्ण योगदान : सांसद**



दीप प्रज्जवलित कर 'पड़ोस युवा संसद' कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल

**प्रयागराज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत की जी 20 अध्यक्षता के उपलक्ष्य में 'पड़ोस युवा संसद' कार्यक्रम का आयोजन मेहता हाल, प्रयाग संगीत समिति में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों के युवा मंडल सदस्यों, स्वयं सेवकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का निर्देशन कर रहीं नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय ने कार्यक्रम विषय से सभी को अवगत कराया। यह कार्यक्रम कुल 4 सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की युवा वर्ग राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं.नईं पीढ़ी की भारतीय युवा शक्ति ने अपनी बुद्धि, कौशल और क्षमता के आधार पर दुनियाभर में अपना लोहा मनवाया हैं. वे राष्ट्र निर्माण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान देश के युवा ही कर सकते हैं। सांस्कृतिक सत्र का शुभारंभ फर्म्स चिट्स एवम सोसाइटीज प्रयागराज के सहायक रजिस्ट्रार संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अतिथि देवो भवः पर गंगा दूतों यशी शुक्ला मोहिनी, अनुष्का पंडित तथा अन्य ग्रुप प्रतिभागियों ने ''केसरिया बालम पधारो म्हारो देश'' पर समूह नृत्य व सुनीता द्वारा एकल नृत्य, नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान द्वारा नुक्कड़ प्रस्तुत कर प्रतिभागियों तथा दर्शकों का मन मोह लिया।

जी 20 के अंतर्गत युवाओं पर आधारित 5 प्रमुख विषयों पर सत्र 2 में अनुभवी विद्वानों द्वारा व्याख्यान दिए गए। सत्र 2 में भविष्य में कार्य का स्वरूपः उद्योग - 4.0, नवाचार एवं 21 वीं सदी के कौशल पर एम एस एम ई के प्रेम चंद्र ने, जलवायु परिवर्तन तथा आपदा जोखिम नियंत्रण पर प्रो० एन०बी० सिंह तथा पर्यावरण विद राम बाबू त्रिपाठी, लोकतंत्र व सुशासन में युवाओं की भूमिका पर डा० रमा सिंह स्वास्थ्य - युवाओं का एक एजेंडा पर प्रतापगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० अवनीश पाण्डेय, वैश्विक शांति एवं सामाजिक सौहार्द पर इ०वि०वि० की डा० स्मृति सुमन ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओं को जलवायु परिवर्तन संबंधी नदी संरक्षण अभियान में युवाओं को आगे आने का आहवान किया। युवा प्रतिभागियों प्रशांत, निर्मल, अभिनव, रूपशंकर, रोहित, श्रुति, आंचल, अयांश, सपना, ऋषभ, सौरभ दुबे ने उक्त 5 विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन आभा श्रीवास्तव ने किया। लेखाकार अदनान उल्ला खां , राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र की तरफ से दीवार घड़ी तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड के स्काउट्स तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों कुलदीप, रोहित, बल्लभ भाई पटेल, अमन, अमन, रितिका, गुड़िया, आरती, हिमांशु, बबिता , कुसुम आदि का सहयोग रहा।

### उत्साहवर्धक प्रेरणा से होगा ऑटिज्म बच्चों का विकास : डॉ जैन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित त्रिदिवसीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम आईसीटी एंड एजुकेशन ऑफ चिल्ड्रेन विद ऑस्टिम स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर्स के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार जैन, अध्यक्ष, त्रिशला फाउंडेशन, प्रयागराज ने कहा कि चुनौतियों के बाद भी जीवन होता है। ऑटिज्म एक न्यूरो डेवलपमेंटल विकार है, जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार और संपर्क को प्रभावित करता है। सही देखभाल, समुचित इलाज और उत्साहवर्धक प्रेरणा से ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों का विकास किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिक सहयोग और मनोबल की भूमिका दवाइयों से भी अधिक होती है। डॉ जैन ने कहा कि त्रिशला फाउंडेशन दिव्यांगों के उन्नयन में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने ऑटिज्म और सेरेब्रल पाल्सी की विभिन्नताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई ऐसे उदाहरण दिए जिनमें ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे कई ऊंचाइयों को प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस विकार के समाधान हेतु स्कूलों, शिक्षकों और परिवार के सदस्यों की भूमिका विशेष रहती है। अध्यक्षता करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे में स्वाभिमान जागृत करना है। उसे गौरव प्रदान करना है। यह जानना बेहद जरूरी है कि आईसीटी इसमें कैसे मदद कर सकती है। इसीलिए इस पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमें ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों की क्षमताओं को जानना एवं पहचानना है।

## संक्षेप

### इस बजट से प्रदेश का चहुमुखी विकास होगा : नीलम करवरिया



**मेजा।** पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कहा कि प्रदेश का यह बजट प्रदेश को चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर करेगा। यह बजट प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की ऊंची सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूर्ण रूप से जनहित में है। श्री मती करवरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब प्रदेश की सत्ता सम्हाली है तब से प्रदेश का लगातार विकास हो रहा है जिसके लिए मैं योगी आदित्यनाथ जी को बधाई देती हूं।

### सरकार का बजट जनता के हित में नहीं : नितेश तिवारी



**मेजा।** समाजवादी पार्टी के नेता यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव नितेश तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर कहा जो सरकार सपना दिखाए और बजट में झुनझुना पकड़ाए उनसे उत्तर प्रदेश की जनता अब एक बार फिर ठगी गई है। सरकार के बजट का इंतजार बेसब्री से किसान नवजवान और बेरोजगारों, छात्रों व व्यापारियों के साथ साथ महिलाओं को था लेकिन बजट पूर्व की तरह खोखला है। सरकार ने इनके उद्धार के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया,नवजवान रोजगार के लिए बेबस है प्रदेश से बड़े स्तर पर नवजवानों को दो वक्त की रोटी के लिए बाहर जाकर गुजारा करना पड़ रहा है। नितेश तिवारी ने कहा की चंद पूंजीपतियों के लिए सरकार का बजट हो सकता है लेकिन आम जनता का इससे कोई सरोकार नहीं है।

### इस बजट से प्रदेश आत्म निर्भर ता की ओर अग्रसर होगा : अमरेश



**मेजा।** भाजपा नेता अमरेश तिवारी ने कहा "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति लिए, आमजन को समर्पित सर्वस्पर्शी जनकल्याणकारी बजट हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्तमंत्री सुरेश खन्ना एवं प्रदेश सरकार का बहुत बहुत धन्यवाद एवं सह्रदय आभार। मुख्यमंत्री के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के चहुमुखी विकास हेतु प्रस्तुत किया गया ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी और प्रगतिशील बजट प्रदेश को प्रगति, समृद्धि, विकास और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगा।

### प्रदेश सरकार का यह जनता में खुशहाली लाएगा : प्रेमशंकर



**मेजा ।** सरकार का बजट किसानों नौजवानों छात्रों बेरोजगारों के हित में है उक्त बातें भाजपा के बरिष्ट नेता प्रेमशंकर सिंह ने कही । उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ पिछली सरकारों में जनता उदास और हताश रहती थी आज वही बजट जनता के लिए खुशहाली और तरक्की का रास्ता बना रहा है बजट पूरी तरह उत्तर प्रदेश की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है जनता इस बात को जानती है सरकार ने समय-समय पर उनके हित में फैसला लिया है।

### यूपी सरकार का वजट जनता के लिए कम, सत्ता के लिए ज्यादा : नरेन्द्र सिंह



**मेजा।** उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सपा के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि "यह वजट जनता के लिए कम,सत्ता के हित मे ज्यादा है" इस भाजपाई बजट से जनता को कोई राहत मिलने वाली नहीं है बल्कि महंगाई व बेरोजगारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। किसान, मजदूर, छात्र, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी सहित समाज के प्रत्येक वर्ग में इस बजट से आशा नहीं, बल्कि निराशा बढ़ी है। क्योंकि पिछले बजट में घोषणा की गई राशि का आधा भी सरकार खर्च नहीं कर पाई तो आगे उम्मीद बेमानी होगी। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि पूर्व की अखिलेश यादव सरकार का भी अनुकरण कर लेते तो कम से कम छात्रों-युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में खासकर मेडिकल की पढ़ाई में प्रवेश को लेकर निजी प्रबंध तंत्र को और अधिक छूट देकर पूरी तरह से पूंजीवाद को बढ़ावा न देते।कहा है कि बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए सरकार की ओर से किसी ठोस योजना की चर्चा इस बजट में नहीं की गई है। कहा कि बजट मे वाक्य बहुत हो सकते हैं लेकिन विचार हीन हैं।

### नकल बिहीन परीक्षा का दावा फेल, जमकर उड़ाई जा रही है धज्जियां

**उतरांव।** हंडिया तहसील के महटीकर नंदा पट्टी गांव में स्थित टी आर शास्त्री इंटर कॉलेज में नकल विहीन परीक्षा का दावा खोखला साबित हो रहा है। नकल अध्यादेश की सारी धज्जियां उड़ा कर केंद्र पर जमकर नकल की जा रही है। नकल के नाम पर छात्रों से वसूली की जा रही है। जिससे परीक्षा केंद्र संचालक मालामाल हो रहे हैं।उतरांव थाना क्षेत्र के महटीकर नंदा पट्टी गांव में टी आर शास्त्री इंटर कॉलेज में कई विद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस विद्यालय में परीक्षा केंद्र संचालक द्वारा सिर्फ अपने नात रिश्तेदारों और घर के लोगों को विद्यालय में लगाकर परीक्षार्थियों से जमकर वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है।

## भारतीय रेल ने उत्तर प्रदेश में संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

**प्रयागराज।** भारतीय रेल ने रेलवे विद्युतीकरण के मामले में कल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर पूर्व रेलवे के तहत सुभागपुर-पछपेरवा ब्रॉड गेज (बीजी) मार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के साथ, भारतीय रेल ने उत्तर प्रदेश में सभी बीजी मार्गों के विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। इससे इस क्षेत्र में रेल संपर्क बेहतर होगा और रेलगाड़ियों की गति में बढ़ोतरी होगी। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए भारतीय रेल की सराहना की है। इस उपलब्धि के साथ, भारतीय रेल ने छह जोनल रेलवे अर्थात पूर्वी तटीय रेलवे (ईस्ट कोस्ट रेलवे), उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे में बीजी मार्गों के विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। इसके अलावा, अत्यधिक उपयोग में आने वाला नेटवर्क (एचयूएन -5), झांसी-मुजफ्फरपुर- कटनी अब पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो गया है। इससे भटनी-वाराणसी- नैनी (इलाहाबाद)- मानिकपुर-सतना-कटनी और छपरा- वाराणसी सहित झांसी- लखनऊ- बाराबंकी-बुढ़वाल, गोंडा- आनंदनगर- गोरखपुर- वाल्मीकि नगर- सुगौली, मुजफ्फरपुर- बछवाड़ा और नरकटियागंज- रक्सौल- सीतामढ़ी-दरभंगा- समस्तीपुर, सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर- हाजीपुर के बीच कनेक्टिविटी में बेहतर होगी। कुल रूट किलोमीटर (आरकेएम) के 85 प्रतिशत हिस्से के विद्युतीकरण के साथ, भारतीय रेल मिशन 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को पूरा करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है और यह दुनिया में सबसे बड़ा हरित रेलवे नेटवर्क बन गया है।

## उमरे मुख्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की प्रदर्शनी आयोजित



प्रदर्शनी का अवलोकन करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की भव्य एवं सुरुचिपूर्ण प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार ने कहा कि हमारे कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। हमारा कार्यक्षेत्र पूरी तरह हिंदीभाषी क्षेत्र में है, इसलिए हमें पूरी निष्ठा और दायित्व भावना के साथ हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए, ताकि राजभाषा के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में लगातार अग्रसर रहें तथा नई उपलब्धि हासिल कर सकें। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों तथा रचनात्मक एवं आकर्षक साज-सज्जा और प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण की सराहना की और विभाग के कर्मचारियों के लिए सोलह हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की।

इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर मनोज कुमार बेउरा द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा हिंदी में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, सचिव/ महाप्रबंधक अजय सिंह, मुख्य सिगनल इंजीनियर प्रशांत कुमार वर्मा, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/ कार्य संतराम मीना, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/ योजना दीपक कुमार सिंह, मुख्य संचार इंजीनियर राम नरेश सिंह, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/ परियोजना भोलेन्द्र सिंह, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित राजभाषा तथा सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## योगी सरकार 2.0 के बजट में महाकुम्भ के लिए 2500 करोड़ का प्रावधान

**उद्यमियों ने बताया विकास और रोजगार की संभावनाओं का बजट**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2023 - 24 के लिए कुल 690242.43 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है इसमें प्रयागराज के लिए 2794 करोड़ से अधिक की हिस्सेदारी जिसमे 2025 में लगने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान शामिल है । इस बजट में 150 परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

योगी सरकार 2.0 के बजट में महाकुम्भ के लिए 2500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । सरकार इस आयोजन को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ भव्य और दिव्य रूप में आयोजित करना चाहती है जिसके चलते पिछले साल इस आयोजन के लिए प्रावधानित बजट 621.55 करोड़ के बजट को बढाकर 2500 करोड़ कर दिया गया है । इसके अलावा प्रयागराज के समेकित विकास हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ रुपए की व्यवस्था भी इसमें प्रस्तावित है । सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज की स्थापना हेतु 103 करोड़ रुपए की व्यवस्था भी इसमें है। इसके अलावा हाईकोर्ट कोर्ट के न्यायाधीशों की आवासीय कालोनी के लिए 150 करोड़ का प्रावधान की इसमें जगह मिली है जिससे शहर के झलवा में बन रही न्यायाधीशों की कॉलोनी का निर्माण जल्दी पूरा हो सकेगा। वाराणसी और प्रयागराज में रोपवे बनना है जिसके लिए सरकार ने 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है । अयोध्या एवं चित्रकूट की तरह की संगम किनारे स्थायी भजन संगम संध्या स्थल के निर्माण को भी बजट में जगह मिली है।

### व्यापारी संगठनो ने बजट को विकास और रोजगार का बजट बताया

योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत किये बजट पर व्यापारी संगठनो ने अपनी राय देते हुए इसे विकास और रोजगार उन्मुख बजट बताया है । ईस्टर्न यूपी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार टंडन का कहना है कि सरकार का यह सबसे बड़ा बजट है जिसमे 5.9 लाख करोड़ राजस्व द्वारा प्राप्ति है । जनता और उद्यमियों द्वारा टैक्स दिए जाने में बढ़ोत्तरी से यह संभव हुआ जो सरकार को लेकर इन पर बढता हुआ विश्वास दिखाता है । सरकार द्वारा भय मुक्त वातावरण देने और नीतियों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता से ऐसा संभव हुआ है । उनका कहना है कि बजट में पूर्वांचल में एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक संकुल की स्थापना से उद्यमी यहाँ आयेंगे और व्यापार और राजस्व बढेगा । बजट में स्टार्ट अप पर फोकस भी अपने साथ स्वरोजगार और रोजगार की संभावनाएं लाएगा। रोजगार बढ़ने से युवाओं का माइग्रेशन भी रुकेगा । इसी तरह कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल इस बजट से प्रयागराज में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को तीव्र गति देने वाला और इन्वेस्टर्स समिट के निवेशको को और प्रोत्साहित करने वाला बताया है । उनका कहना है कि इस मेगा बजट से जहां कुम्भ नगरी में मूलभूत अवसंरचना का विकास तेजी से होगा तो वहीं एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक संकुल का विकास होने से निवेश और रोजगार की संभावनाए भी बढ़ेगी।

## प्रधान वित्त सलाहकार उमरे प्रयागराज का सम्मान समारोह आयोजित



प्रधान वित्त सलाहकार को सम्मानित करते हुए

**प्रयागराज।** योगेश कुमार श्रीवास्तव, प्रधान वित्त सलाहकार, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के सम्मान में बुधवार को आल इण्डिया रेलवे एकाउन्ट्स स्टॉफ एसोशिएसन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश खरे, श्याम बहादुर तिवारी, क्षेत्रीय सचिव तथा अन्य क्षेत्रीय प्रतिनिधिगण ने एक सभा आयोजित की। जिसमें पुष्पगुच्छ एव शाल देकर प्रधान वित्त सलाहकार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीएफए/ एनसीआर योगेश कुमार श्रीवास्तव जो इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं केद्वारा प्रदान की गई अनुकरणीय सेवा के दृष्टिगत किया गया था, जो अपने करियर के प्रारंभ से ही कर्मचारियों के कल्याण के लिए तत्पर रहे हैं।

ज्ञात हो कि योगेश कुमार श्रीवास्तव 1988 बैच के भारतीय रेल लेखा सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने 20.07.22 को प्रधान वित्त सलाहकार, उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण किया। श्री श्रीवास्तव ने रेलवे में सहायक मंडल वित्त प्रबंधक /पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के रूप में कैरियर प्रारंभ किया।

उन्होंने पूर्वी रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, बीएलडब्ल्यू और उत्तर मध्य रेलवे में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। योगेश कुमार श्रीवास्तव ने 2009-2019 के दौरान विभिन्न पदों पर उत्तर मध्य रेलवे में कार्य किया है तथा 2018 और 2019 में दो बार प्रधान वित्त सलाहकार/उत्तर मध्य रेलवे का प्रभार भी संभाल चुके है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न संरचनात्मक परिवर्तन किये तथा उत्तर मध्य रेलवे के खर्चों में रेशनलाइजेशन में बड़ा योगदान दिया। उन्हें लेखा कार्यों के प्रत्येक पहलू का व्यापक अनुभव है।

एक प्रशासक के अलावा, वह साहित्यिक कार्यों से दृढ़ता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने तत्कालीन मुख्य जनसंपर्क अधिकारी/उत्तर मध्य रेलवे, के साथ हेरिटेज कॉफी टेबल बुक के लिए सह-लेखन किया, जिसका 2012 में महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विमोचन किया गया था। प्रधान वित्त सलाहकार, बीएलडब्ल्यू/वाराणसी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बीएलडब्ल्यू/वाराणसी के कैश एंड पे विभाग के मैनुअल की तैयारी में योगदान दिया। इस बैठक में उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/ सामान्य डॉ. गरिमा त्रिपाठी, भी उपस्थित थी।

### सिपाही से दरोगा का स्टार लगने पर जताई खुशियां

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात इब्नेयास अहमद सिद्दीकी को स्टार मिलने पर पुलिस महकमे में तथा परिवारजनों में खुशियों की लहर है ।एक तरफ जहां पुलिस नगर कार्यालय में डीसीपी दीपक भूकर स्टार लगा कर सिपाही से को दरोगा बनने की शुभकामनाएं दे रहे थे वहीं दूसरी तरफ परिवार तथा शुभचिंतकों में खुशियों का ठिकाना नहीं रहा । पदोन्नति का स्टार पाकर इब्नेयास भी खुशी के मारे फुले नहीं समा रहे थे आपको बताते चलें कि सिपाही के पद पर तैनात सैकड़ों सिपाही को दरोगा बनाया गया है।

## माघ मेला सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु किया गया पुरस्कृत



मीडिया प्रभारी रजनीश शुक्ला को सम्मानित करते पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा

**पुरस्कार**

**माघ मेला 2023 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल द्वारा अत्यंत ही निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया गया**

**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में मंगलवार को मां गंगा की गोद में 44 दिन लागतार चले माघ मेले/सभी मुख्य स्नान पर्व के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न होने पर अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज आकाश कुलहरी क्ढर, मेलाधिकारी अरविंद चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल व माघ मेला में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारीअन्य इकाई प्रभारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा बताया गया कि माघ मेला 2023 के सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने में विभिन्न इकाइयों के समस्त पुलिस बल द्वारा अत्यंत ही निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया गया एवं सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण व सेवाभाव से किये गये कर्तव्यो के निर्वाहन की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की गई। एवं अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा माघ मेला 2023 के सकुशल संपन्न होने के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में उत्कृष्ठ व सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारियों/ पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया व शेष पुलिसकर्मियों को जरिये उचित माध्यम से प्रशस्ति पत्र सम्बन्धित जनपद को प्रेषित किया गया। तीर्थ राज प्रयाग के संगम में लागतार 44 दिन चले माघ मेले के सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारी गण को बधाई देते हुए धन्यवाद प्रकट किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा बताया गया कि सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के संयुक्त योगदान/ सहयोग के फलस्वरूप माघ मेला 2023 सकुशल व निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। साथ ही सम्पूर्ण माघ मेला के सकुशल समापन पर रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला में बड़े खाने का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों ने भोजन ग्रहण किया।

## संक्षेप

### मासूम के साथ कुकर्म का आरोप, शिकायत

**दारानगर, कौशाम्बी।** तीन साल के मासूम बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। मासूम को बिस्किट देने के बहाने युवक पर कुकर्म का आरोप परिवार के लोगों ने लगाया है। बताया जा रहा है कि सैनी थाना क्षेत्र निवासी एक मासूम घर के बाहर खेल रहा था। मासूम बच्चे को फुसला कर युवक ने कुकर्म की घटना को अंजाम दिया है। परिजनो ने घटना की पुलिस से शिकायत किया है। इतना ही नहीं पुलिस ने मासूम को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा जहा उसका इलाज चल रहा है। मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।

### पानी टंकी की नहीं कराई जा रही सफाई

**कौशाम्बी।** करारी चैराहे पर एक हजार लीटर की पानी की टंकी रखवाई गई है। इसमें टोटी भी लगी है। आसपास के लोगों का कहना है कि टंकी की महीनों से सफाई नहीं कराई गई है। परिणाम है कि उससे निकलने वाले पानी से दुर्गंध आती है। जिससे प्यास बुझा पाना मुश्किल है। लोगों ने टंकी की सफाई कराने की मांग की है।

### शौचालय न होने से दिक्कत

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा इलाके के अषाढ़ा चैराहे पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। इसकी वजह से राहगीरों को परेशानियों का सामाना करना पड़ता है। बाजार के दिन दूर-दराज से आने वाले दुकानदार भी परेशान होते हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को होती है। लोगों ने चैराहे पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है।

### कार की टक्कर से महिला घायल

**कौशाम्बी।** करारी कस्बे के नेतानगर मोहल्ले की रेशमा बानो (56) बुधवार सुबह दुकान जा रही थी। घर के सामने की मुख्य सड़क पार करते वक्त कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गई। घायल को मंझनपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की डीएम ने किया समीक्षा

## एक भी गोल्डेन कार्ड न बनाने वाले पंचायत सहायकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को कैम्प लगाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भुगतान में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा आशाओं के भुगतान में शत-प्रतिशत प्रगति लाया जाए। वहीं ठीक प्रकार से कार्य न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मौजूद अफसर

तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने तथा अन्धता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला जेल एवं वृद्धाश्रम में भी कैम्प लगाकर जॉच कराने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन पंचायत सहायकों द्वारा अभी तक एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बनाया गया है, उन सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय तथा प्रत्येक पंचायत सहायक को गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के लिए मासिक लक्ष्य आवंटित किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने आयुष्मान भारत योजना के तहत नियमानुसार और निजी अस्पतालों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने के निर्देश दियें। उन्होंने हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा रेडियोलॉजिस्ट की मॉग के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी एएनएम ड्यूलिस्ट अवश्य बनायें तथा उसके अनुरूप बच्चों का टीकाकरण करें, ताकि टीकाकरण में प्रगति सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को मन्त्रा ऐप पर फीडिंग में प्रगति लाने तथा एमपीसीडीएसआर पोर्टल पर फीडिंग कार्य में प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।बैठक में बताया गया कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अलावा अन्य नगर पालिका नगर पंचायतों में आशा की नियुक्ति नहीं की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने आशाओं की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि कुछ ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियॉ वीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन नहीं लेकर जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री सभी आवश्यक उपकरण सेशन पर अवश्य लेकर जायें, इस सम्बन्ध में उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि आवश्यक उपकरण लेकर सेशन पर न जाने वाली ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों की आख्या डीपीओ को प्रेषित किया जाय। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि माह जनवरी में 38 प्राथमिक विद्यालयों तथा 362 ऑगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने और स्कूलों के बच्चां का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार एवं सीएमएस सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर गांव में ब्याही युवती को ससुरालवालों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर करारी पुलिस ने आरोपित पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नेवारी गांव की श्रीमती का विवाह साल भर पहले गुवारा तैयबपुर गांव में सुनील कुमार के साथ हुआ था। विवाहिता ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग मायके से दो लाख रुपये नकदी के साथ सोने की चेन आदि लाने की जिद कर प्रताड़ित करने लगे। महीने भर पहले मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालवालों ने विवाहिता को पीटते हुए घर से निकाल दिया। मायके पहुंची पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी। थाने पहुंच पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति सुनील, सास, ससुर समेत पांच लोगों के खिलफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में एक व्यक्ति की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक के पीछे उसकी एक मां है जो दोनों आंख से अंधी बताई जाती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी लाला गुप्ता पुत्र स्व. अमरनाथ (35) की गरीबी आर्थिक समस्या देखते हुए प्रशासन ने उसे प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया था। उसके बैंक खाते में विभाग ने 40 हजार रुपए की पहली किस्त की रकम भी भेजी थी। रकम निकालते ही गांव के एक असरदार व्यक्ति ने उससे 20 हजार रुपए प्रधानमंत्री आवास के कमीशन के नाम पर छीन लिया था, जिसका विरोध लाला गुप्ता कर रहा था। उसने कई लोगों से इस बात को बताया कि उसके प्रधानमंत्री आवास की रकम से 20 हजार रुपए की रकम उपरोक्त असरदार व्यक्ति ने छीन लिया है। खैर यह तो रही चचाएं और इसमें सच्चाई क्या है यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन सुनने को यह मिल रहा है कि मृतक शराब के नशे में था, अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि क्या वह शराब का लती था या फिर उसे पिलाया गया था यह स्पष्ट नहीं हो सका था। उधर मृतक के दो भाई बताए जा रहे हैं लेकिन दोनों कमाने के चक्कर में बाहर रहते हैं। हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर खबर के बाबत जब एसओ चरवा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शव पीएम के लिए गया है, हालांकि उसकी बीमारी के चक्कर में मौत हुई है।

## अधेड़ को पीटकर किया जख्मी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में पड़ोसियों ने अधेड़ को पीट दिया। जमीनी खुन्नस में दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

रसूलपुर निवासी केदारनाथ का पड़ोसी राम कैलाश व रंजीत से जमीन का विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद आरोपित ने साथियों के साथ मिल पड़ोसी के घर पहुंच गया। घर के बाहर बैठे अधेड़ को आरोपितों ने पीट दिया। अधेड़ के साथ मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित की तहरीर पर आरोपित राम कैलाश, रंजीत समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुबाना गांव में बह रही श्रीमद् भगवत कथा की बयार

**श्रीमद्भागवत कथा**

**चौथे दिन हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम**

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड अंतर्गत दुबाना गांव इन दिनों भक्तिरस में डूबा हुआ है। गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। कथा के चैथे दिन भागवत ज्ञान गंगा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथा में जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग आया पूरा पंडाल हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की, के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बाल स्वरूप श्री कृष्ण के दर्शन किए। व्यास पीठ पर विराजित भागवताचार्य पं. मणि ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग सुनाते हुए कृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। इस दौरान बाल कृष्ण को कंस के कारागार से नंद बाबा के घर ले जाने की झांकी भी प्रस्तुत की गई। कथा में कथा व्यास ने कहा कि



संगीतमयी कथा पर झूमते भक्तगण

ययाति के बड़े पुत्र यदु हुए। उन्हीं के वंश में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी को रात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में हुआ। भगवान कृष्ण ने संसार को अंधेरे से प्रकाश में लाने के लिए जन्म लिया और अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञानरूपी प्रकाश से दूर किया। भगवान कृष्ण को जब वासुदेव यशोदा मैया के घर लेकर जा रहे थे तो शेषनाग ने छाया की और मां यमुना ने चरण छुए। वासुदेव कृष्ण को नंदबाबा के घर छोड़कर यशोदा मैया की कन्या को लेकर वापस कंस के कारागृह में आए। संगीतमयी कथा के दौरान श्रोतागण भावविभोर होकर झूमते रहे।

## पेड़ से गिरकर राजगीर जख्मी

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा के महावां गांव का राजभवन सरोज पेशे से राजगीर है। बुधवार सुबह वह दातून तोड़ने के लिए नीम के पेड़ पर चढ़ा था। इसी बीच डाल टूटने के कारण नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि दोनों हाथ में फैक्चर हो गया है।

## हरे पेड़ काट ले गए अराजकतत्व

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के बिदांव गांव के समीप सरकारी जमीन पर हरे पेड़ लगे थे। दो दिन पहले अराजकतत्व हरे पेड़ों को काटकर उठा ले गए। ग्रामीणों ने हरे पेड़ों के काटने की शिकायत हल्का लेखपाल से की। जांच पड़ताल करते हुए मंगलवार को हल्का लेखपाल राम कृष्ण ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात लकड़हारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चायल चौकी प्रभारी की हुई भावभीनी विदाई

**विदाई**

**क्षेत्रीय लोगों ने कार्यकाल को सराहा, माला पहना कर किया सम्मानित**

**चौकी प्रभारी ने कहा जहां भी रहेंगे क्षेत्र में शांति व्यवस्था, आपराधिक घटनाएं कम करने में पूरी तरह काम करते रहेंगे**

**तिल्हापुर, कौशाम्बी।** चायल चौकी इंचार्ज रहे अयोध्या सिंह का पिछले दिनों एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तबादला किया है। ऐसे में बुधवार को क्षेत्रीय लोगों ने उनकी विदाई कार्यक्रम आयोजित कर जहां उन्हें माला पहना कर स्वागत किया वहीं लोगों ने उनके अच्छे कार्य की सराहना भी किया।

मौजूद लोगों को अपना उद्देश्य बताते हुए चौकी इंचार्ज अयोध्या सिंह ने कहा वह अभी चायल चौकी में अपना दायित्व निभा रहे



माला पहना कर उपनिरीक्षक का विदाई करते लोग

थे अब सैय्यद सरावा चौकी में अपना उसी तरह दायित्व निभाएंगे जिस तरह एक पुलिस विभाग को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जहां भी रहेंगे क्षेत्र में शांति व्यवस्था, आपराधिक घटनाएं कम करने में पूरी तरह काम करते रहेंगे। हालांकि इस दौरान क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

## अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ दुराचार का केस

**कौशाम्बी।** चरवा इलाके में 10 महीने पहले युवकों ने विवाहिता के साथ दुराचार और मारपीट की थी। अदालत के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित घर छोड़कर फरार है। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता छह अप्रैल को घर में अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक साथियों के साथ पहुंचा और उससे दुराचार किया। इसके बाद मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि नामजद तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सूचना न देने पर अफसरों पर लगा जुर्माना

**कौशाम्बी।** जन सूचना अधिनियम के तहत आवेदकों को समय से सूचना न देने पर राज्य सूचना आयोग ने डीपीआरओ व एसडीएम पर जुमार्ना लगाया है। 25-25 हजार का अर्थदंड लगाया है। आयोग से लगातार कार्रवाई होने पर अब अधिकारी आवेदनों को लेकर गंभीर हो गए हैं।

जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत महोली, सीतापुर की रश्मि बाजपेयी ने डीपीआरओ से विकास कार्यों को लेकर कई गांवों की सूचनाएं मांगी थी। सूचना नहीं दी गई। इस पर राज्य सूचना आयोग में अपील की गई। आयोग ने इसको गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन डीपीआरओ गोपालजी ओझा के खिलाफ 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। सहायक जिला सूचना अधिकारी कार्यालय ने इस मामले में डीपीआरओ बाल गोविंद श्रीवास्तव को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि आयोग के निर्देश पर तत्कालीन डीपीआरओ से जुमार्ना जमा कराकर आवेदक को सूचना दी जाए। इसी तरह मंझनपुर एसडीएम के भी खिलाफ 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अशोक कुमार सिंह, निवासी जयंतीपुर, बौली ने सूचना मांगी थी, सूचना न मिलने पर अशोक कुमार सिंह ने अपील की थी। जिस पर आयोग ने जुर्माना की कार्रवाई की है।

### पड़ोसी ने अधेड़ को पीटा

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के समदा निवासी रामकैलाश ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर बुधवार सुबह वह गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## बाइकों की भिड़ंत में सिपाही घायल

**कौशाम्बी।** कानपुर देहात के पुखरायां गांव का पवन कुमार पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। इन दिनों उसकी ड्यूटी पइंसा क्षेत्र में डायल-112 में लगी है। बुधवार सुबह वह किसी काम से पुलिस लाइन जा रहा था। पइंसा इलाके में ही उदिहिन बाजार के समीप सामने से आए बाइक सवार से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी बाइक पर सवार रहा युवक फरार हो गया।

## करंट की चपेट में आने से झुलसा युवक

**कौशाम्बी।** हेवाघाट के हिनौता गांव का सुरेश कुमार रविवार सुबह अपने घर की बिजली ठीक कर रहा था। तभी करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उसे जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति गंभीर है।

# टीवी रोगी की खोज घर-घर दस्तक देंगी आशाएं



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

**प्रशिक्षण**

**सीएचसी कड़ा में आयोजित हुआ प्रशिक्षण**

**दारानगर, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करेंगी। इतना ही नहीं टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के सैंपल लेने के साथ ही उनको जागरूक करने का काम भी किया जाएगा। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान शुरू किया है।

बता दें बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में टीबी हारेगा देश जीतेगा के तहत 24 फरवरी से 5 मार्च तक चलने वाले सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान को सफल बनाने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया केंद्र के अधीक्षक डॉ मो सऊद के निर्देश पर रोगियों की खोजबीन के लिए अस्पताल क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओ व सुपर वाइजरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। ब्लाक प्रबन्धन अधिकारी प्रदीप सिंह ने आशाओं को अभियान के बारे में जानकारी देने के साथ ही सर्वे किट का वितरण किया। इस मौके पर बीसीपीएम रोहिणी त्रिपाठी, एसटीएस राजेन्द्र सिंह सहित अस्पताल क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता व सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## फार्म जमा करने वालों की कलेक्ट्रेट में लग रही भारी भीड़

**कौशाम्बी।** बैंकिंग कंपनी के नाम पर जमा कताओं का धन जमा कराने के बाद कंपनी के कार्यालय को बंद करके बैंकिंग कंपनी के लोगों द्वारा भाग जाने से जमा कर्ता विचलित हो उठे इसी बीच जमा कताओं को जानकारी मिली कि बैंकिंग कंपनी द्वारा उनके रुपए को वापस किए जाने के प्रयास शुरू हो गए हैं जिला अधिकारी कार्यालय के द्वारा जमा कताओं के ब्रांड जमा कराए जाने लगे कलेक्ट्रेट में एडीएम कार्यालय के बाहर एक लिपिक द्वारा जमा कताओं के बॉन्ड जमा कराए जा रहे हैं इस बात की जानकारी जैसे ही बैंकिंग कंपनी के जमा कताओं को लगी कई दिन से कलेक्ट्रेट में जमा कताओं की भीड़ लग रही है जिलाधिकारी ने एक कर्मचारी को बॉन्ड जमा कराने के लिए लगाया है लेकिन भीड़ अधिक होने से पूरे समय कलेक्ट्रेट में जमा कताओं की भीड़ लगी रहती है अपने बॉन्ड जमा करने के लिए जमाकर्ता पूरे दिन परेशान रहते हैं देर शाम हो जाने के बाद प्रतिदिन सैकड़ों लोग बिना बॉन्ड जमा किए वापस लौट रहे हैं जमा कताओं की समस्याओं को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाकर जमा कताओं के बॉन्ड को जल्दी जमा कराए जाने की मांग बैंक कंपनी के जमा कताओं ने अधिकारियों से की है।

# नालियां चोक, गलियों में जलभराव की समस्या

**सिराथू कौशांबी।** नगर को स्वच्छ रखने का कार्य नगर पंचायत का है। लेकिन सिराथू नगर पंचायत इसके लिए शुरू से उदासीन रही। जिसका खामियाजा यहां के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड नं 11 में टूटी नालियों में भरा पानी विकास कार्यों की पोल खोल रहा है। नाली चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ऐसे में सड़कों से वाहन गुजरने पर गंदे पानी की छीटें लोगों पर पड़ता है। वहीं स्कूली बच्चे का भी आवागमन बना रहता है। जिसके लिऐ वार्ड निवासियों के द्वारा शिकायत किए जाने पर भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

सिराथू नगर पंचायत साफ सफाई के मामले में गंभीर नहीं है। नगर के कई मुहल्लों में कचरा बिखरा हुआ है। नालियां गंदगी से बजबजा रही है। लोग बदबूदार माहौल में जीने को मजबूर है। नगर में कई जगह नालियों की सफाई नहीं होने के



गंदगी से पटी नाली

कारण नाली का गंदा पानी में से लोग आने जाने को मजबूर हैं। नालियों से पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वार्डों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। नगर के कई वार्डो में नाली के पास ही पेयजल के पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। कई जगह पाइप लाइन लीकेज है। जो नालियों से होकर गुजरी है। नाली का गंदा पानी जाम रहता है, वहीं इससे होकर गुजरी पाइप के पानी का उपयोग अधिकांश वार्डवासी करते हैं। जिसके चलते वार्ड में डायरिया सहित अन्य बीमारी फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है, बावजूद इसके नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों से अधिकारी कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। हालांकि लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## संक्षेप

### सई में उतराया मिला बुजुर्ग का शव, कोहराम

**प्रतापगढ़।** बुजुर्ग का बुधवार को सई में शव मिलने से इलाके में हड़कम्प मच गया। कोतवाली के रायपुर तियाई निवासी सुगई सरोज का पुत्र अलगू (60) बीती सत्रह फरवरी की रात से घर से गायब हो गया। परिजनों ने तलाश के बाद बीती बीस फरवरी को कोतवाली में अलगू के गायब होने की सूचना दी। परिजनों की तहरीर पर इक्कीस फरवरी को अलगू के गायब होने को लेकर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया। बुधवार को अपरान्ह तीन बजे के आस पास रानीगंज कैथौला के कैथौला धोबियन का पुरवा घाट पर अलगू का चरवाहों ने सई नदी में शव उतराया देखा। सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर आ पहुंचे। अलगू का शव रस्सी से बंधा देख वहां घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा होने लगी। हालांकि कुछ लोग अलगू को इधर बीमारी से परेशान भी बता रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर लालगंज कोतवाल कमलेश पाल फोर्स के साथ पहुंचे। संदिग्ध दशा में सई में उतराये शव को देख पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए देर शाम जिला मुख्यालय भिजवाया। अलगू के तीन पुत्र रमाशंकर, शिवशंकर, सचिन तथा दो पुत्रियां अमरावती व आरती हैं। इनमें सचिन एवं आरती का हाथ पीले करने का अलगू का सपना अधूरा रह गया। वह रायपुर तियाई बाजार में गुमटी में साइकिल का पंचर बनाने का व्यवसाय कर परिवार का भरणपोषण किया करता था।

# टकराने से विशालकाय गेट डम्फर पर गिरा चालक समेत मैकेनिक की दबकर मौत

**प्रतापगढ़।** डंपर के टकराने से सड़क पर बना विशाल प्रवेश द्वार उस पर गिर गया। इस हादसे में डंपर चालक समेत दो लोगों की दबकर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे का है। जिले के संग्राममगढ़ ब्लाक के समीप लालगंज कालाकांकर मार्ग से जुड़े रानीगंज कैथौला मार्ग पर एक बड़ा गेट बना है। निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे में सामान की ढुलाई कार्य में लगा डंपर मंगलवार को खराब हो गया था। इसकी मरम्मत के लिए मऊआइमा मोहम्मदपुर सराय निवासी 30 वर्षीय मैकेनिक फरहान पुत्र मोहम्मद वजीर को बुलाया गया था। मरम्मत में रात होने पर उसी खराब दशा में डंपर को लेकर मैकेनिक और चालक 58 वर्षीय रमाकांत यादव लक्ष्मीगंज मांधाता सोने के लिए घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित परिसर में जा रहे थे। डंपर का लोडिंग वाला हिस्सा ऊपर की ओर काफी ऊंचाई तक उठा हुआ था जो टकरा गया। तेज झटके से विशालकाय गेट डंपर पर आ गिरा। जिसमें चालक समेत दो लोगों की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। चारों तरफ चीख पुकार मच गई। मलबा हटाए जाने के बाद



हादसे के बाद मलबा हटाता जेसीबी

मैकेनिक फरहान और चालक रमाकांत मृत पाए गए। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा ने बताया कि दो की मौत हुई है। बाभन की बखरी.रानीगंज कैथौला मार्ग पर हुए हादसे से दो सौ मीटर से पहले ही कई डंफर चालक व गंगा एक्सप्रेसवे कार्य में लगे कई कर्मचारी रुके हुए थे। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि मैकेनिक मो0 फरहान बाहर काम करने नहीं जाता था। पहली बार ही वह बाहर काम करने के लिए आया था और उसके साथ हादसा हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने



मृतक की फाइल फोटो

बताया कि डंपर दकवापुर गांव स्थित तालाब में मिट्टी खुदाई के कार्य में लगा था। तालाब से मिट्टी खुदाई के बाद वह निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर ले जाता था। मौके पर मौजूद लोगों की माने तो एक्सप्रेसवे कार्य में लगा डंपर सुल्तानपुर के एक पूर्व विधायक का है। हादसे की सूचना मिलते ही थाने की फोर्स समेत पीआरवी 112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी को मौके पर बुलाकर राहत कार्य शुरू किया। डंपर के केबिन से दो शव निकलेए जिन्हें पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से घंटों मार्ग अवरुद्ध रहा। मृतक ड्राइवर रमाकांत यादव के पांच बच्चे हैं। हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन देर रात संग्रामगढ़ सीएचसी पहुंचे।



परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

# नोडल अधिकारी ने कंट्रोलरूम से रात में परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा को देखा

**प्रतापगढ़।** जिले में मुन्ना भाइयों के पकड़े जाने से शिक्षा अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों पर चौकस नजर रख रहे हैं। शासन ने नामित नोडल अधिकारी डा0 विनोद शर्मा ने मंगलवार की रात जीआईसी नगर स्थापित कंट्रोल रूम पहुंचकर आनलाइन कैमरों के जरिये परीक्षा केन्द्रों की सरुक्षा को देखा। बुद्धवार की सुबह हाई स्कूल की प्रथम पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा का निरीक्षण करने जिले के कई परीक्षा केन्द्रों पर गए। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा समेत कई बिन्दुओं पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नोडल अफसर के साथ लाइजनिंग अफसर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस, प्रतिभा शुक्ला व सुमन यादव साथ रहे।

# यूपी सरकार का पेश बजट उद्योगपतियों का व्यवसाय बढ़ाने वाला बजट : डा0 आर.के. वर्मा विधायक

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के सपा विधायक डा0 आरके वर्मा ने यूपी सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 6 लाख 90 हजार 242.43 करोड़ का पेश बजट उद्योगपतियों का व्यवसाय बढ़ाने वाला बजट है। मनरेगा बजट में कटौती से ग्राम पंचायतों और मनरेगा मजदूरों को भारी नुकसान होगा। किसान सम्मान निधि के बजट में कटौती से किसानों को नुकसान होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के अपेक्षित बजट में भी कटौती हुई है। खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स लिए केवल तीस करोड़ कें आंवटन से खिलाड़ी हतोसाहित होंगे। प्रस्तुत बजट से एक




जिला एक उत्पाद योजना के तहत राजगार चाहने वाले नौजवान व कुटीर उद्यमी हतोत्साहित होंगे। विधायक डा0 आरके वर्मा ने कहा कि कृषि और ग्राम विकास के आबंटित बजट घोर निराशा वाला है। इस बजट से 84 हजार 883 करोड़ से अधिक का राजकोषीय घाटा अनुमानित है। यह घाटा विकासशील प्रदेश के लिए अहितकर होगा। विधायक डा0 आरके वर्मा ने बजट सत्र के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र रानीगंज में बदहाल विद्युत व्यवस्था पर सदन में सवाल उठाया था। जिले के विजली विभाग के अधिकारियों ,द्वारा दिए गये जवाब से क्षेत्र की भौतिक स्थिति में काफी अन्तर है। जर्जर विद्युत तारों व जले हुए ट्रांसफरों के मुद्दे पर सरकार से सवाल करते हुए पूंछा कि क्या सरकार बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी देने पर उन पर कार्यवाही करेगी। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी संजीव कुमार ने दी है।

# रोजगार मेले का आयोजन 24 को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि आगमी 24 फरवरी को राजकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पट्टी में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेल में निजी क्षेत्र की कम्पनियॉ अपने यहॉ रिक्त पदों के लिए योग्य अभ्यार्थियों का चुनाव करेंगी। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स आफीसर, अप्रेन्टिसशिप टेर्जनंग के लिए बेराजगारों का चयन किया जाना है। सिक्योरिटी गार्ड के लिए लम्बाई 170 सेमी0 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व से सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी आईडी लागिन कर पासवर्ड से आवेदन कर मेले में भाग ले सकते हैं। इसके लिए अभ्यार्थियों को मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

# प्रमोद व मोना ने योगी सरकार के बजट को बताया जनता के साथ छलावा

**प्रतापगढ़।** उप्र कांग्रेस विधान मण्डल दल के नेता एवं जिले की रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने योगी सरकार के वर्ष-2023-2024 के बजट को दिशाहीन एवं निराशाजनक एवं नकारात्मक बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह असफल सरकार का असफल बजट है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने योगी सरकार के बजट को भ्रमक तथा यूपी की जनता के राहत की आस पर छलावा और धोखा कहा है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार के बजट में किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किये गये हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए बजट में कोई खास प्राविधान नहीं किया गया है।



पिछले 2022 के चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से कई तरह के लोकलुभावन वायदे किए थे। जिसके नाम पर जनता ने बीजेपी को वोट दिया था।आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि राज्य सरकार जो बड़े आकार के बजट प्रस्तुत करने का ढ़िढोरा पीट रही थी कि बजट का आकार बड़ा हो सकता है किंतु उसे खर्च करने की



सरकार में इच्छाशक्ति भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण विभागों में तो पिछले बजट का तीस प्रतिशत ही सरकारी खर्च हो सका। यह सरकार की विकास के प्रति नकारात्मक सोंच के साथ जनता के प्रति असंवेदनशीलता दशार्ती है। वहीं यूपी सरकार के बजट पर कांग्रेस के सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट निराशाजनक और यूपी वासियों के लिए अंधेरे की दर्द भरी पीड़ा के सिवाय कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने किसानों को फसलों की मूल्य बढ़ाने का कोई खास उल्लेख न होना दुःखद है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यदि निजी कम्पनी या पाइवेट कंम्पनियां पावर प्लान्ट स्थापित करेंगे तो उपभोक्ताओं को बिजली और भी अधिक महंगी मिलेगी। यह बजट भयंकर महंगाई से जूझ रही प्रदेश की जनता को महंगाई से राहत दिलाने में बिना किसी प्राविधान के पूरी तरह भ्रामक है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा यूपी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया से जुड़े बयान को बुधवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला के हवाले से निर्गत किया गया है।

# चेकिंग के दौरान गांजा तस्कर गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में गांजा संग तस्कर

**प्रतापगढ़।** कुण्डा पुलिस ने बुद्धवार को चेकिंग के दौरान तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकंजे में आया अवैध गांजे का कारोबारी पिन्टू सिंह पुत्र अभिमान सिंह कुण्डा क्षेत्र के तिलोरी हसनपुर का निवासी बताया गया। पुलिस को उसके कब्जे से एक किलो 190 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी पहले भी बाहर से गांजा लाकर क्षेत्र में बेचने का काम करता रहा है। आरोपी पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट आदि की धाराएं लगाई है।

# कथा श्रवण भवसागर से तरने का सरल रास्ता : आचार्य करुणा पति

**प्रतापगढ़।** बिहार क्षेत्र के गोगौर गांव में श्यामलाल तिवारी के यहां बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ की शुरूआत कलशयात्रा के साथ हुई। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। इसमें महिलाएं सिर पर मंगल कलश रखकर एवं पुरुष श्रद्धालु जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। इससे समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा की जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत की गई। कथावाचक आचार्य करुणा पति त्रिपाठी जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य भवसागर से तर जाता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म में सच्चिदानंद भगवान तथा भक्त नारद संवादए गोकर्ण उपाख्यान की कथा भक्तों को सुनाई। इस मौके पर पवन



कलश यात्रा में शामिल लोग

तिवारी, गोविंद नारायण तिवारी, जीतलाल तिवारी, छोटेलाल तिवारी, राहुल तिवारी, विपिन तिवारी, चंदन तिवारी, अम्बुज तिवारी, शिवा, शिवांश आदि भागवत प्रेमी मौजूद रहे।

# सीएमएस का वेतन वृद्धि रोकने सहित प्राचार्य ने बारह स्टाफ का वेतन काटने का दिया निर्देश

**प्रतापगढ़।** आवास बनाकर रहने की बजाय रोज घर भाग जाने वाले राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश सिंह का वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश मेडिकल कालेज प्रिंसिपल ने दिया है। साथ ही निरीक्षण में अनुपस्थित रहने पर बारह आउट सोरसेज कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का भी निर्देश उन्होंने दिया हैं। प्रिंसिपल के इस कदम से अस्पताल में हड़कंप मचा है। दोषी कर्मचारी अब अपने बचाव का रास्ता ढूंढ रहे हैं। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक यानी सीएमएस का पद बहुत ही जिम्मेदार और इमरजेंसी का माना जाता है। अस्पताल की सारी जिम्मेदारी उनके कंधे पर रहती है। जरूरत पड़ने पर वे मरीज और अस्पताल हित में उपस्थित हो सके इसके लिए परिसर में उन्हें आवास बनाकर रहना होता है। वर्तमान में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के सीएमएस डा सुरेश सिंह हैं। आरोप है कि ये रात में नहीं रुकते हैं। अपने घर प्रयागराज से डेली आते जाते है। उनकी अनुपस्थिति में अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा सलिल कुमार ने आवास बनाकर न रहने पर उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार रात में अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रिंसिपल को ड्यूटी से गायब रहने वाले सफाई कर्मचारी के अलावा आउट सोर्सिंग से रखे गए बारह लोगों का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है। प्रिंसिपल के अनुसार कर्मचारी निरंकुश हो गए हैं। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

# युवा अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश में नाम करें रोशन : हरिप्रताप

**प्रतापगढ़।** युवा अपनी प्रतिभा से प्रदेश व देश में नाम रोशन करें। यह विचार पूर्व विधायक नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के दौरान कही। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि युवा अपनी प्रतिभा को खेल व शिक्षा के माध्यम से निखारे। इस दिशा में सफलता मिल रही है। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रोशनलाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंहए पूर्व सहायक सूचना निदेशक आरबी सिंह ने कबड्डी तथा फुटबॉल टीम के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र विनय कुमार मिश्रा ने किया। कबड्डी में पट्टी विजेता व कालाकाकर उपविजेताए बॉलीबॉल



कार्यक्रम में सम्मानित होते बच्चे

में लक्ष्मणपुर विजेता तथा गौरा की टीम उपविजेता रही। दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग के सौ मीटर में मोहम्मद राशिद प्रथमए दो सौ मीटर बालिका वर्ग में वर्षा सिंह प्रथम व आठ सौ मीटर बालिका वर्ग में वर्षा सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चार सौ मीटर बालक वर्ग में प्रथम लवकुश कुमार व सोलह सौ मीटर में राजकुमार प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर रेफरी जंग बहादुर सिंहए राम सजीवन वर्माए आजादए सूर्य देव पाण्डेय को भी पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रश्मि मिश्राए कविता गौतमए प्रियंका सिंहए राज यादवए बलरामए कश्यपए सर्वेश सिंहए शिव शंकर तिवारीए अभिषेक पांडे व नमन कुमार तिवारी को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नेहरू युवा केंद्र के जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादवए जिला प्रशिक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह पूर्व एनवाईवी श्याम नारायण पटेल आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

### हरे पेड़ों की कटान पर प्रशासन नहीं लगा पा रहा अंकुश

**प्रतापगढ़।** जिले में वनमाफिया हरे पेड़ों के दुश्मन बने हैं। स्थानीय पुलिस व स्थानीय वन विभाग के कर्मियों से मिलकर ठेकेदार हरे पेड़ों को बेरोकटोक काट रहे हैं। जंगल बीरान करने में सबसे बड़े जिम्मेदार व वन विभाग के कर्मचारी हैं। हर वर्ष सरकार अभियान चलाकर जितना पेड़ लगवाती है उसमें से बचते नाम मात्र के हैं। उससे कहीं अधिक हर वर्ष ठेकेदारों द्वारा जिम्मेदारों की जेब गरमकर पेड़ों को काटा जाता है। इन दो दिनों से बाघराय थाना क्षेत्र कमे गांव खरगापुर दवेरी मार्ग पर हरे महुआ के पेड़ सहित अन्य पेड़ों की कटाई चल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार रामफेर यादव स्थानीय पुलिस व वन दरोगा की जेब गरम कर पेड़ों को बेखौफ कटवा रहा है। दूसरी तरफ लीलापुर थाना क्षेत्र के मत्तूपुर बोझी गांव में भी पेड़ों को काटा जा रहा है। यहॉ भी वही तीन तिकड़ी काम कर रही है ठेकदार, स्थानीय पुलिस व वन विभाग। बिडम्बना है कि सरकार द्वारा धरती को पेड़ों से अच्छादित करने की योजना को विभाग के जिम्मेदार ही दुश्मन बने हुए हैं। नाम न छपने की शर्त पर कुछ ठेकेदारों ने बताया कि पेड़ काटने के लिए हल्के की पुलिस व क्षेत्रीय निगरानी कर रहे वन विभाग के जिम्मेदार को पूजना पड़ता है।

# पुण्यस्मृति दिवस के रूप में मनाई गई कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि

**प्रतापगढ़।** सामाजिक संस्था समभाव फाउंडेशन द्वारा कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि को पुण्यस्मृति दिवस के रूप में मनाया गया।जिसमें कस्तूरबा गांधी के संक्षिप्त जीवनी पर चर्चा की गई। साथ ही कस्तूरबा गांधी की संक्षिप्त जीवनी न्यायालय परिसर में अन्य लोगों को भी वितरित की गई। कार्यक्रम किशोर न्यायालय के प्रथम तल पर सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम के अतिथि के रूप में न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के सदस्यगण रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के सदस्य राजदेव पांडेय ने कहा कि कस्तूरबा गांधी का संपूर्ण जीवन अपने आप में प्रेरणादायक है। कस्तूरबा जी के संघर्षों की भी चर्चा आम जनमानस में होनी चाहिए। उसी क्रम में अभय शुक्ला द्वारा कहा गया कि महात्मा गांधी जी की पत्नी जो भारत



पुण्यतिथि पर उपस्थित लोग

में बा के नाम से विख्यात हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए मार्गदर्शन है और संपूर्ण जीवन यह बताता है कि कितना भी संघर्ष आ जाए लेकिन सत्य को छोड़ना नहीं चाहिए। उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रभात पांडेय ने कहा कि गांधी जी का देश में जितना योगदान है, उसमें कस्तूरबा जी का भी योगदान रहा है।वह खेड़ा सत्याग्रह के समय में स्त्रियों को घूम घूम कर उन्हें उत्साहित करती रही।1922 में जब बापू गिरफ्तार किए गए और उन्हें छह साल की सजा हुई उस समय उन्होंने जो वक्तव्य दिया वह उन्हें वीरांगना के रूप में प्रतिष्ठित करता है। उक्त कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्यगण राजदेव पांडेय, अजय कुमार सिंह, श्रद्धा मिश्रा,बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला, संस्थाध्यक्ष प्रभात पांडेय, नीतू मिश्रा, नसीम अंसारी, धीरेंद्र कुमार, आशीष वर्मा, सूरज पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# जातीय राजनीति की मानसिकता से कब उबरेंगे

गिरीश्वर मिश्र



लोकतंत्र की व्यवस्था में राजनीति समाज की उन्नति के लिए एक उपाय के रूप में अपनाई गई । इसलिए सिद्धांततः उसकी पहली और अंतिम प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी जनता और देश के साथ बनती है । दुर्भाग्यवश आज की दलगत राजनीति के चलते एक दूसरे के साथ उठने वाली वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा के बीच नेता गण राजनीति के इस बड़े प्रयोजन से आसानी से आँख मूँद लेते हैं । दूसरी ओर वे ऐसे मुद्दों और प्रश्नों को लेकर चिंताओं और विमर्शों को जीवित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते जिनके सहारे उनके पक्ष की कुछ पुष्टि होती दिखती है या फिर मीडिया में चर्चा के बीच बने रहने के लिए कुछ जगह मिल जाती है । इस सिलसिले में ताजी हलचल जाति की प्रतिष्ठा को ले कर मची हुई है । हमारे राजनेता जाति को लेकर बड़े ही संवेदनशील रहते हैं क्योंकि वे एक ओर जाति का विरोध करते नहीं थकते क्योंकि वह अनेक विषमताओं का कारण मानी जाती है । एक सामाजिक समस्या के रूप में जाति का प्रकट विरोध किया जाता है । पर यह बात वे सिद्धान्त में ही स्वीकार की जाती हैं । व्यवहार के स्तर पर नेता गण जमीनी हकीकत को पहचानते और जानते हैं कि किस तरह जाति बिरादरी रिश्तों-नातों को आयोजित करती है । जाति एक राजनैतिक हथियार भी है । जाति की इस सच्चाई से वे भलीभाँति वाकिफ हैं और उसकी रक्षा के लिए जी जान से जुटे रहते हैं । वे जानते हैं कि अपने लिए वोट उसी के आधार पर बटोरना होगा । विचार और व्यवहार की यह दुविधा देश की नियति हो चुकी है । यह एक ऐसी खाई है जिसे भारतीय राजनीति पार करने या पाटने के लिए अपने को अभी तक तैयार नहीं कर सकी है । इस तरह जो जातिविरोधी हैं वे जाति की जयकार करते भी नहीं अघाते । उनका असमंजस वाला विचार यही है कि जाति ठीक तो नहीं है पर जाति जाए भी नहीं ! और इस तरह जाति-विरोध और जाति-सुरक्षा दोनों पर एक ही वक्ता सज धज कर मंच पर बैठे मिलते हैं और संदर्भ की दुहाई दे कर अपने छद्म को सही साबित करने की जुगत करते रहते हैं । अवसर निकाल कर जाति को आसानी से 'धर्म' से जोड़ दिया जाता है , फिर जाति और वर्ण को इच्छानुसार मिला दिया जाता है और उसे पाप मानते हुए अपनी सुविधानुसार किसी के भी ऊपर ठीकरा फोड़ा जाता है । यह कहानी जब तब दुहराई जाती रहती है , खास तौर पर तब जब हाथ में कुछ नहीं रहता और चुनाव आदि की सुनगुन के बीच बढ़ते वैचारिक शून्य को भरने की उतावली रहती है । इस बीच गोस्वामी बाबा तुलसीदास पर हाथ साफ किया जा रहा है । राजनीतिज्ञ जनों को मीडिया में भी सनसनी लाने के बहाने चाहिए सो उन्हें व्याख्या कुव्याख्या पेश करने का अवसर मिलता है । इन सबके बीच अभिव्यक्ति की आजादी अज्ञान पर टिके वैचारिक प्रदूषण का एक अनोखा जरिया भी बनता जा रहा है ।ऐसे में गोस्वामी तुलसीदास जैसे संत और उनकी वाणी को आरोपित करना और बिना समझे बूझे साहित्य से बहिष्कृत करने तक की संस्तुति देना अब बड़ा सरल हो गया है । अच्छा हो साहित्य के अध्ययन-विश्लेषण का कार्य साहित्यकारों को ही करने दिया जाय । व्यक्ति के रूप जो कोई कुछ करना और कहना चाहे उसके लिए वह जरूर स्वतंत्र है । यह चिंता का विषय है कि आज हवा हवाई बात करना एक राजनीतिक शगल होता जा रहा है । गैर ज़िम्मेदार तथ्यहीन बयानबाजी करते रहना राजनीति के खिलाड़ियों का जन्मजात अधिकार जैसा होता जा रहा है ।


इधर हुई चर्चा का लक्ष्य तुलसीदास जी का रामचरितमानस और फिर पंडित शब्द को बनाया गया । तुलसीदास जी की चौपाइयों को पिछली पाँच सदियों में आम आदमी ने गले लगाया है और वे आज भी लोक की जनस्मृति में दर्ज है । उनका अर्थ अनर्थ किया जाता रहता है । जहां तक पण्डित शब्द का प्रश्न है उसका एक मात्र अर्थ वह व्यक्ति है जो बुद्धिमान हो । बुद्धि का विकास तो इस बात में होता है कि व्यक्ति बड़े सत्य को देख सके । जो सब प्राणियों में एक ही तत्व देख सके ( सर्वभूतेषु येनैकं भावमव्ययमीक्ष्यते ) वह पंडित हुआ । भगवद्गीता की मानें तो पण्डित समदर्शी होता है और जो भेद बुद्धि अपनाए वह बुद्धि से रहित होता है । इसी तरह धर्म शब्द का अर्थ वह नियम है जिससे सब कुछ धारण किया जाता है । जो भी सृष्टि में विद्यमान है उसका आधार धर्म है । वह सबको संचालित करने वाला तत्व है । धर्म का आदर और पालन करना व्यक्ति , समाज और समस्त विश्व के लिए कल्याणकारी है । व्यवहार में धर्म के अनेक अर्थ मिलते हैं जिनमें आंतरिक गुण , नैतिकता , कर्तव्य , आदर्श नियम , प्रकृति आदि प्रमुख हैं। निश्चय ही रेलिजन एक सीमित अर्थ का बोधक है । एक प्रमुख विचार यह भी है कि धर्म वह है जिससे अभ्युदय और निःश्रेयस की प्राप्ति होती है। आचार , आनृशंस्य ( करुणा ), अहिंसा , सत्य को भी धर्म कहा गया है । साधारण धर्म , विशेष धर्म , सनातन धर्म , आपद धर्म , वर्णाश्रम धर्म भी होते हैं । धर्म का विचार गूढ़ है और परिस्थिति सापेक्ष होता है । धर्मशास्त्र , स्मृतियाँ , महाभारत आदि ग्रंथों में धर्म का विस्तृत विवरण मिलता है। धर्म , जिसे मनुष्यता का लक्षण कहा गया , धर्म के विचार के साथ न्याय न कर उसे सेकूलर का विरोधी घोषित कर रेलिजन का समानार्थी बना दिया गया ।

हमें धर्म शब्द का विवेक के साथ उपयोग करना चाहिए । रही बात तुलसीदास जी की और उनके धर्म और जाति के विवेक की तो खुद उन्हीं के शब्द याद करने की जरूरत है । वे अपने आराध्य श्रीराम से कहते हैं : सो सब धर्म कर्म जरि जाऊ । जिहि न रामपद पंकज भाऊ । जाति-पाति धनु धरमु बड़ाई । सब तजि रहे तुम्हहि लौं लाई । हे राम जी ! जाति-पाति , धन , धर्म , बड़ाई , सब कुछ छोड़ कर जो तुममें लौ लगाए , आप वहीं रहो । जो आदमी धर्म से चिपका रहे , जाति से चिपका रहे , वहाँ न रहो , तुम्हारे लिए वहाँ जगह नहीं है , वहाँ रहो जहां यह सब छोड़ कर केवल तुममें ध्यान रहता है । राम में ध्यान का मतलब है सबके सुख दुःख का ध्यान , सबकी आवश्यकता का ध्यान । राम का ध्यान समूचे जीवन को देखना है । उनका ध्यान करने का आशय है क्षुद्र सीमाओं का अतिक्रमण कर व्यापक होना है और मानवीय मूल्य को प्रतिष्ठित करना है । यही धर्म है और उससे निरपेक्ष नहीं हुआ जा सकता । लोभ और स्वार्थ से ऊपर उठाना धर्म का प्रयोजन है ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

## चाय सुबह सुबह

सुबह सुबह आत्मा मांगती है एक प्याली चाय
और आंखें हॉकर का इंतजार करती हैं
सुबह सुबह कोई चाय का कप दे तो उसका हाथ छूने का मन करे
चाय से उठती हुई भाप को देखकर याद आती है
गली के नुक्कड़ की चाय की दुकान और वह दुबली पतली श्यामल लड़की
जो हर बार मुस्करा कर हमें देती थी चाय
और हमारे चाय का स्वाद बढ़ जाता था
चाय के एक दो घूंट पीने के बाद मुझे चाय बागान की
स्त्रियां बेतरह याद आती है
जिनकी चपल उंगलियां चुनती हैं चाय की कोमल पत्तियां
उस तरह तो हम जीवन के लम्हें भी नही चुन पाते



**- स्वप्निल श्रीवास्तव**

# हिंदी पट्टी में राजनैतिक, सामाजिक आंदोलन

## सामयिकी

मनोज पासवान



राजनैतिक हिस्सेदारी के सवाल पर हमें सामाजिक न्याय, अस्मिता, पहचान की राजनीति को करीब से देखना होगा। डा अम्बेडकर,फूले, पेरियार की उत्तर भारत में वैचारिक, सामाजिक, राजनैतिक उपस्थिति के पूर्व जो सामाजिक न्याय का आधुनिक विमर्श बना उसके मूल में जातिगत अस्पृश्यता का विरोध ,वंचितों को अवसर, सामाजिक तौर हाशिए पर स्थित वर्गों को शिक्षा का अवसर एवं पाखंड, अंधविश्वास के विरोध के साथ साथ उन वर्गों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना और वैज्ञानिक चिंतन प्रमुख था।

जिसके लिए आरंभ में चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु,रामचरन मल्लाह, बौद्ध भिक्षु बोधानंद,स्वामी अछूतानंद हरिहर,छेदी लाल साथी, शिवदयाल चौरसिया जैसे पिछड़े व दलित वर्ग के नायक थे,(तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था में शूद्र और गैर अधिकार प्राप्त वर्ग) इसमें बोधानंद अपवाद है जो कि ब्राह्मण थे हालांकि वह असमानतावादी ब्राह्मणवादी, सांस्कृतिक मूल्यों के मुखर विरोधी थे।

प्रारंभ में सामाजिक व्यवस्था में पीड़ित, शोषित,गैर अधिकार प्राप्त वर्गों को सामाजिक सामानता और आत्मसम्मान दिलाने की लड़ाई बाद में इन वर्गों को राजनीति व प्रशासन में हिस्सेदारी तक पहुंची।

विदित है कि चंद्रिका प्रसाद जिज्ञासु ने इसके लिए काफी मशक्कत की।

जिज्ञासु समेत शूद्र वर्ग के सामाजिक आधार वाले तमाम नायकों ने तब बैकवर्ड क्लासेज लीग का गठन किया था। 1930 में भारत के प्रमुख नेता महात्मा गांधी को इस बाबत उनके लखनऊ आगमन पर एक ज्ञापन भी सौंपा था।

चूंकि बैकवर्ड क्लासेज लीग के अधिकतर नेता आदि हिंदू आंदोलन से निकले थे ,जिनका लक्ष्य था सामाजिक परिवर्तन और लोकतंत्र में निचले वर्गों की भागीदारी। इसलिए वे ब्राह्मणवाद, सामंतवाद और पूंजीवाद के जबरदस्त विरोधी थे।

1948 में शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन का पांचवां प्रांतीय सम्मेलन लखनऊ में हुआ। सम्मेलन को डा अम्बेडकर ने सम्बोधित किया था , जिसमें बड़ी तादाद में पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के नेता भी शामिल थे।

बाबा साहब ने इस सम्मेलन में कहा था कि यह दुखद है कि दो ऐसे वर्ग जिनकी आवश्यकताए समान है,आपस में एक नहीं है।उन्होंने कहा कि इसका कारण यह है कि पिछड़े वर्ग के लोगों को यह डर है कि अनुसूचित जातियों से जुड़कर उनका स्तर भी उन्हीं के जैसे हो जाएगा। लेकिन,उनका डर गलत है ।वे अपना पृथक सामाजिक अस्तित्व बनाए रख सकते हैं , परन्तु उन्हें अपने पिछड़ेपन को दूर करने के लिए अनुसूचित जातियों के साथ मिलकर एक राजनैतिक पार्टी का गठन करने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। आशय यह है कि सामाजिक न्याय की राजनीति के शुरूआती समय से ही इसके केन्द्र में वंचित समूहों की एकता एवं प्राकृतिक ,मानवीय अधिकारों को प्राप्त करना रहा है जिसमें कमोबेश वंचित समूहों की सामूहिक भागीदारी को साफ देखा जा सकता है

70 के दशक में जब जातीय पहचान और चेतना की राजनीति का उभार नही हुआ था, तब सामाजिक न्याय की राजनीति और व्यापक सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्तर भारत में रामस्वरूप वर्मा, महराज सिंह भारती,ललई सिंह यादव,कपूर्री ठाकुर के वैज्ञानिक चिंतन और प्रयासों ने पिछड़े समाज को प्रगतिशीलता और आत्मसम्मान के मूल्यों के साथ भागीदारी प्राप्त करने का आह्वान किया।

इसी दौरान समाजवादी आंदोलन धारा ने उत्तर भारत की कामगार जातियो को करीब से छुआ और सामाजिक न्याय के सवाल पर डा लोहिया और महाराज सिंह भारती ने एक स्पष्ट रेखा खींच कर भारतीय राज्य निर्माण में वंचितो की हिस्सेदारी के सवाल को जरूरी मानकर उनके प्रति प्रतिबद्धता जताई।

डा लोहिया हिंदू समाज,जाति,वर्ण, सामाजिक न्याय और संस्कृति और भावना के सवाल पर तत्कालीन समय में काफी प्रगतिशील माने जा सकते हैं। 1957 में बनारस में दिए गए भाषण में स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि 'अब मैं ऐसे मुद्दे पर बोलना चाहता हूँ जिसका ताल्लुक आमतौर पर धमार्चार्यों से है लेकिन वे गैरजरूरी और बेकार बातों में लिप्त हो गये हैं, इससे विरत ह जहाँ तक मेरा सवाल है, यह साफ कर दूँ कि मैं एक नास्तिक हूँ. किसी को यह गलतफहमी न हो कि मैं ईश्वर पर विश्वास करने लगा हूँ. आज के और अतीत के भी भारत की जीवन-पद्धति, दुनिया के दूसरे देशों की ही तरह, लेकिन और बड़े पैमाने पर, किसी न किसी नदी से जुड़ी रही है. राजनीति की बजाय अगर मैं अध्यापन के पेशे में होता तो इस जुड़ाव की गहन जाँच करता. राम की अयोध्या सरयू के किनारे बसी थी. कुरु, मौर्य और गुप्त साम्राज्य गंगा के किनारों पर फले-फूले, मुगल और शौरसेनी रियासतें और राजधानियाँ यमुना के किनारों पर स्थित थीं. साल भर पानी की जरूरत एक वजह हो सकती है, लेकिन कुछ सांस्कृतिक वजहें भी हो सकती हैं. एक बार मैं महेश्वर नाम की जगह में था जहाँ कुछ समय के लिए अहल्या ने एक शक्तिशाली शासन स्थापित किया था. वहाँ ड्यूटी कर रहे संतरी ने यह पूछकर मुझे दंग कर दिया कि मैं किस नदी का हूँ. यह दिलचस्प सवाल था क्योंकि मेरी भाषा, मेरे शहर या मेरे कस्बे के बारे में पूछताछ करने की बजाय उसने मुझसे मेरी नदी के बारे में पूछा. सभी बड़े साम्राज्य नदी-तटों पर बसते आए हैं, - चोल, पांड्य और पल्लव साम्राज्य क्रमशः कावेरी, व्गीर और पालर नदियों के किनारों पर थे.

हमारे देश की कुल चालीस करोड़ की आबादी में से तकरीबन एक या दो करोड़ लोग रोजाना नदियों में डुबकी लगाते हैं और पचास से साठ लाख लोग नदी का पानी पीते हैं. उनके दिल और दिमाग नदियों से जुड़े हुए हैं. लेकिन नदियाँ शहरों से गिरने वाले मल और अवजल से प्रदूषित हो गयी हैं. गंदा पानी ज्यादातर फैक्ट्रियों का होता है और कानपुर में ज्यादातर फैक्ट्रियां चमड़े की हैं जो पानी को अब और भी नुकसानदेह बना रही हैं. फिर भी हजारों लोग यही पानी पीते हैं, इसी में नहाते हैं. साल भर पहले इस दिक़्कत पर कानपुर में मैं बोला भी था.

क्या हमें नदियों के प्रदूषण के खिलाफ एक आंदोलन शुरू करना चाहिए? अगर ऐसा आंदोलन सफल हो जाय तो अकूत धन की बचत भी हो पायेगी. अवजल को शोधित करके गंगा या कावेरी में ही डाल देने की बजाय ड्रेन पाइपों के जरिये उन्हें नदी से दस-बीस मील दूर ले जाया जाय और मैदानों में छोड़ा जाय. इस जगह पर खाद बनाने की फैक्ट्री खोली जा सकती है. देखने में यह खचीर्ला लगता है. लेकिन समूची दृष्टि को क्रांतिकारी तरीके से बदलना होगा. खर्च करोड़ों में होगा लेकिन सरकार पंचवर्षीय योजनाओं में २२०० करोड़ रुपए सालाना क्या नहीं खर्च कर दे रही है? मुमकिन है, कुछ अन्य परियोजनाओं के अमल को टालना पड़े. लेकिन ऐसी योजना को लागू करने के रास्ते में आने वाले अवरोधों को भी मैं जानता हूँ. हमारे वर्तमान शासक और भविष्य में शासक बनने के आकांक्षी जन नकली और सतही तौर- तरीकों से देश का यूरोपीयकरण कर डालने के बारे में सोचते हैं. और आज के शासक हैं कौन? वे एक लाख होंगे, या इससे भी कम, जो जरा-सी अंग्रेजी जानते हैं. वे जानते हैं कि छुरी-काँटे का इस्तेमाल कैसे किया जाता है और टाई और कोट कैसे पहनना चाहिए. उन्होंने एक ताकतवर संसार बना लिया है और उनके नेता हैं पंडित नेहरू. श्री संपूर्णानंद भी उसी संसार का प्रतीक हैं, हालाँकि अपने कपड़े-लत्ते से वह यूरोपियन नहीं लगते लेकिन अगर श्रीयुत नेहरू को अमेरिका जाना हो तो वहाँ वह भी ऐसी ही शख्सियतों में गिने जायेंगे.

**दरअसल यह आंदोलन भगवान विश्वनाथ के लिए था ही नहीं. संघर्ष तो ब्राह्मणों के देवता और हरिजनों के देवता के बीच था. हिन्दू मानस बेकार ही फालतू मामलों में उलझा रहता है. अगर सिर्फ.करपात्री जी ने उस अंदाज में काम कर दिखाया होता जिसका संकेत मैंने किया है, तो समस्या सुलझ गयी होती. 1लेकिन करपात्री जी कौन सी दुनिया की नुमाइंदगी करते हैं.**

शहर बनारस में भगवान विश्वनाथ को लेकर आंदोलन चला है. अब उनका एक नया मंदिर भी बनाया जा रहा है. दरअसल यह आंदोलन भगवान विश्वनाथ के लिए था ही नहीं. संघर्ष तो ब्राह्मणों के देवता और हरिजनों के देवता के बीच था. हिन्दू मानस बेकार ही फालतू मामलों में उलझा रहता है. अगर सिर्फ.करपात्री जी ने उस अंदाज में काम कर दिखाया होता जिसका संकेत मैंने किया है, तो समस्या सुलझ गयी होती. लेकिन करपात्री जी कौन सी दुनिया की नुमाइंदगी करते हैं. वे राजस्थान के धनकुबेरों और घनघोर सामंतों के प्रतिनिधि हैं. एक की बजाय दो विश्वनाथ मंदिर बनवा देने से कोई समाधान नहीं होगा. जरूरत पूरे देश की पुनर्रचना और गरीबी के उन्मूलन की है.

आज हमारी सेना के जवान कौन हैं? ये गरीब के बेटे हैं और वे लोग हैं जो जान देते हैं. ये वे हैं जो देहरादून और सैंडहर्स्ट के नकली माहौल में प्रशिक्षित अधिकारियों के हुक्म की तामील करते हैं. अफसर समृद्ध वर्गों के हैं. वे आधुनिक विश्व के नुमाइंदे हैं. वे क्यों इस देश के लाखों लोगों के लिए दिक हों? उनके पास भारतीय दिमाग है भी नहीं. अगर ऐसा होता तो नदियों की सफाई की योजनाएँ आज बिल्कुल तैयार होतीं. मैं चाहता हूँ कि पार्टी से बाहर के लोग बैठकें करने, जुलूस निकालने और संगोष्ठियाँ आयोजित करके सरकार को नदी-प्रदूषण-निवारण परियोजनाओं को उठाने के लिए बाध्य करने की खातिर सोशलिस्ट पार्टी से हाथ मिला लें. हमें खुद भी इस संकल्प के साथ तैयार रहना होगा कि यदि तीन से छह महीने के भीतर अवजल के प्रवाह को मैदानों की ओर नहीं मोड़ा गया तो हम वर्तमान ड्रेनेज सिस्टम को तोड़ देंगे और इस तोड़फोड़ में किसी किस्म की हिंसा नहीं होगी.

कबीर ने कहा हैः माया महाठगनि मैं जानी, केशव की कमला बन बैठी, शिव के भवन भवानी, पंडा की मूरत बन बैठी, तीरथ में भई पानी। तीर्थ में क्या है? झ सिर्फ.पानी. तो लोगों को सरकार को डाँटना चाहिए, ह्यतुम बेशर्म लोग, बंद करो यह मलिनता.ह्न मैं तो फिर भी नास्तिक हूँ. मेरे लिए सवाल तीर्थ का नहीं है, यह है कि हमारा देश तीस लाख लोगों का है कि चालीस करोड़ का।'

इसलिए यह आरोप महज बेबुनियादी और बचकाना है कि सामाजिक न्याय की राजनीति और सामाजिक परिवर्तन की वैज्ञानिक आधार वाली धारा का परिणाम सिफर रहा या इसका लाभ सामाज के कुछ हिस्सों तक पहुंचा, यह महज वंचित वर्गों के बीच अतीत से रही वैचारिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक सहयोग की परस्पर भावना को तोड़ने का षणयंत्र है।

**(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, संपर्क-7897659292)**

# दूर की कौड़ी है विपक्ष की एकता

## प्रसंगवश

राजेश माहेश्वरी



देश की राजनीति का रूख 2024 की ओर मुड़ चुका है। राष्ट्रीय स्तर और प्रदेश स्तर के राजनीतिक दल 2024 की तैयारियों, दांव-पेंच और तिकड़मों में व्यस्त हो गए हैं। जिन राज्यो में इस वर्ष चुनाव होने हैं वहां का माहौल कुछ ज्यादा ही गमार्या हुआ है। विपक्ष इस बार 2024 का चुनाव फतेह करने का अवसर गंवाना नहीं चाहता। लेकिन विपक्ष की जीत के बीच में एकता की एक बड़ी बाधा खड़ी है, जो उसे दिल्ली की सत्ता तक पहुंचने नहीं दे रही है। विपक्ष ने 2014 और 2019 के आम चुनाव में एकता के प्रयास किये थे, लेकिन उसका अंजाम सर्वविदित है। असल में विपक्ष मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से हटाना तो चाहता है लेकिन चाहकर भी उसमें एकता स्थापित नहीं हो पाती, और उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाते हैं। इस बार भी नये सिरे से कोशिशें शुरू हुई हैं। अब यह देखना अहम होगा कि 2024 में विपक्ष मोदी को किस प्रकार चुनौती देता है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत के बाद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने विपक्ष की धुरी बनने का प्रयास किया था। उन्होंने स्वयं को विपक्ष का मुख्य चेहरा साबित करने के लिए कोलकाता से लेकिन दाल गलती न देख वो दिल्ली से दूरी बनाये हुए हैं। महाराष्ट्र से शरद पवार ने भी विपक्ष का मुख्य चेहरा बनने की कोशिश की। महाराष्ट्र में महाअघाड़ी गठबंधन बनाने के बाद से उन्हें ऐसा लग रहा था कि महाराष्ट्र में एनसीपी-कांग्रेस और शिव सेना का सफल गठबंधन देश की राजनीति को एक नयी दिशा दिखाएगा। चूंकि इस गठबंधन के सूत्रधार और कर्ताधर्ता वहीं हैं, ऐसे में विपक्ष में उनके नाम पर सहमति बनने में अधिक दिक्कत पेश नहीं आएगी। उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने के बाद से महाअघाड़ी कितने दिन तक मंच पर रहेगा ये गंभीर प्रश्न है। ऐसे में विपक्ष का चेहरा बनने के शरद पवार के प्रयासों पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है।

बीजेपी के खिलाफ विपक्षी दलों में पिछले कुछ वक्त से लगातार एकजुट होने की बात की जा रही है. ऊपरी तौर पर सभी दल इसे स्वीकार कर रहे हैं लेकिन अंदर की सच्चाई कुछ और ही सामने आ रही है। हाल ही में नीतीश कुमार ने कांग्रेस के सामने विपक्षी एकता का पत्ता चला है। लेकिन, इस पर कांग्रेस ने नीतीश के बयान का स्वागत भी किया और कई सवाल भी खड़े कर दिए। इससे स्पष्ट हो गया है कि विपक्षी एकता फिलहाल एक अवधारणा के तौर पर ही काम कर रही है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकजुटता के लिए कांग्रेस की पहल का आग्रह किया है। उनका दावा है कि यदि 2024 में भाजपा बनाम विपक्ष का साझा उम्मीदवार के आधार पर चुनाव लड़ा जाता है, तो भाजपा 100 सीटों तक सिमट सकती है।

नीतीश के अतिउत्साह में कहे गये इस आंकड़े का गणित और राजनीति के लिहाज से क्या आधार है लेकिन कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष यह जानता है कि कोई गलतफहमी पालना ठीक नहीं है। बहरहाल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने नीतीश के आग्रह और अपील का स्वागत किया है, लेकिन बिना नाम लिए यह तंज भी कसा है कि कुछ लोग विपक्ष की बैठकों में भाग लेते हैं, विपक्षी एकता के सरोकार भी लगातार जताते रहे हैं, लेकिन वे सत्ता-पक्ष की गोद में भी बैठते रहे हैं। असल में कांग्रेस नीतीश के रवैये को लेकर भी खुश नहीं है। श्रीनगर में बुलावे पर नहीं आना जबकि केसीआर के बुलावे पर अखिलेश, केजरीवाल का साथ रैली करना और नीतीश का उनसे मिलना भी कांग्रेस को नागवार गुजरा है। मायावती का रुख भी कांग्रेस गठबंधन के लिहाज से सही नहीं मानती है। इसीलिए कांग्रेस के सूत्र कहते हैं कि, इस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता सम्भव नहीं है।

कांग्रेस हमेशा भाजपा का वैचारिक विरोध करती रही है। विपक्षी गठबंधन पर कांग्रेस अपने रायपुर राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान विमर्श करेगी और फिर कोई रणनीति तय करेगी। जयराम रमेश ने नीतीश ही नहीं, सभी विपक्षी दलों को यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के बिना कोई भी विपक्षी एकता सफल नहीं हो सकती, लिहाजा विपक्ष को कांग्रेस की छतरी तले ही एकजुट होना है। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बन पाएंगे? सवाल यह भी है कि क्या विपक्ष राहुल गांधी को अपने नेता मानकर उनका नेतृत्व स्वीकार कर पाएगा? भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस कितना मजबूत हुई ये तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन एक बात तो है कि राहुल राष्ट्रीय नेता के रूप में अपनी जगह बनाने में काफी हद तक सफल रहे जो उन्हें दूसरे विपक्षी नेताओं से कुछ ऊपर रखने में सहायक होगी। लेकिन ये भी उतना ही सही है कि ममता, अखिलेश, केसीआर जैसे क्षेत्रीय छत्रप उनकी रहनुमाई शायद ही स्वीकार करेंगे क्योंकि कांग्रेस उनके राज्य में अपना हिस्सा मांगे बिना नहीं रहेगी जो उन्हें स्वीकार्य नहीं होगा। राजनीतिक पंडितों के अनुसार, यदि इस साल होने वाले मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक के चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करती है तो राहुल गांधी की 2024 की दावेदारी को और ज्यादा मजबूती मिल जाएगी।

राहुल गांधी की मजबूती से क्षेत्रीय दल असहज ही होंगे क्योंकि कांग्रेस की मजबूती का मतलब है कि उनका अपने-अपने राज्य में जनाधार कम हो जाएगा। ऐसे में विपक्ष मोदी का मुकाबला तो करना चाहता है कि लेकिन वो कांग्रेस को मजबूत होते देखना नहीं चाहता है। ऐसे में राष्ट्रीय मोर्चा की संभावनाएं क्षीण हैं, क्योंकि विपक्ष के भीतर ही विपक्ष मौजूद है। हालिया त्रिपुरा चुनाव का ही उदाहरण लें, तो एक तरफ वामदल और कांग्रेस का गठबंधन था, तो उनके विरोध में तृणमूल कांग्रेस चुनावी अखाड़े में है। इसके समानांतर केरल में वाममोर्चा और कांग्रेसी मोर्चा आमने-सामने होंगे। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बंगाल आदि राज्यों में विपक्षी एकता की दिशा और दशा ही भिन्न है। वहां कई नेता प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षाएं पाले हुए हैं। यह दीगर है कि उनके राज्यों के बाहर उनकी स्वीकृति ह्यशून्यह्न सी है। वहीं आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक और मिजोरम राज्यों में सभी सीटों पर चुनाव लडने की रणनीति पर काम कर रही है। यह राजनीति कांग्रेस और नीतीश के विपक्षी इरादों के बिल्कुल विपरीत है। दरअसल विपक्षी एकता के बयान तो खूब आते रहे हैं, लेकिन प्रयास नहीं किए जा पा रहे हैं, जबकि आम चुनाव करीब 15 माह दूर ही हैं। चुनाव की दृष्टि से यह बहुत समय नहीं है।

कांग्रेस देश भर में 'हाथ से हाथ' जोडने के दिवास्वप्नों में ही डूबी है। उसे लगता है कि राहुल गांधी की यात्रा का प्रभाव और प्रयोग बेहद सफल रहा है, और राहुल गांधी मोदी का मुकाबला करने के लिए तैयार हो गए हैं। चुनावी यथार्थ यह भी है कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है। कुल मिलाकर कांग्रेस को पता है कि वो अपनी कीमत पर अपनी जमीन क्षेत्रीय दलों के हवाले नहीं करना चाहती है और कई राज्यों में क्षेत्रीय दल कांग्रेस को दोबारा पनपने या मजबूत होने नहीं देना चाहते। हालांकि, कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, 2024 के पहले राज्यों के चुनावों के बाद दिसम्बर के आस-पास गठबंधन की सही तस्वीर सामने आएगी, तब सबकी असली स्थिति भी सामने होगी। राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार आज जो विपक्षी मोर्चा आकार ग्रहण कर सकता है, वह संपूर्ण लामबंदी नहीं होगा। राष्ट्रीय मोर्चा भी नहीं होगा। राज्यों के स्तर पर, सुविधा के मुताबिक, गठबंधन किए जा सकते हैं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# कश्मीर में विकास की गति तेज

## टिप्पणी

के. विक्रम राव



इस महाशिवरात्रि पर कश्मीर के गोपाद्रि पर्वत शृंखला के ज्येष्ठेश्वर, शंकराचार्य मंदिर में श्रद्धावान उपासकों का अपार जनसमूह दिखा। भोलेनाथ के उत्सव पर दर्शकों की कतारें विराट थीं। इन संकेतों से पता चलता है कि मोदी सरकार इस हिमालय घाटी से सेना को कम करने की योजना बना रही है। बड़ी सहजता से जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि कश्मीर का जमीनी नजारा बदल रहा है। राज्य अब प्रगति तथा विकास पर अग्रसर है।

अर्थात हर हिंदू, केवल शैव ही नहीं, आह्लादित है कि राजतरंगिनी के रचयिता कवि कल्हण का कश्मीर निखर रहा है। भले ही क्रमशः। मसलन गत वर्षांत तक 1.88 करोड़ पर्यटक इस वादी में घूमने आए थे। इनमें 91 लाख विदेशी सैलानी थे। उसके पूर्व 2018 में केवल साढ़े आठ लाख पर्यटक ही आए थे। इस दफा सरकार ने करीब एक सौ पर्यटन केंद्रों को विकसित कर आकर्षक बनाया। फारुख-महबूब हुकूमत में वे सब उपेक्षित थे। धारा 370 और 35-अ (5 अगस्त 2019) निरस्त होने के बाद से संख्या बढ़ती ही जा रही है। शीतकालीन खेलो इंडिया राष्ट्रीय क्रीड़ा ने हसीन गुलमर्ग की वादियों में अपार सफलता पायी। खेल निदेशिका गुल नजहत आरा ने इसकी तस्दीक भी की विविध भारती के कार्यक्रम में।

अत्यंत सुविधा इस बार यह रही कि घर में टिको वाली योजना के कारण हर नगर में पर्यटक लोग मुस्लिम नागरिकों के आवास में ठहराये गये। सस्ता भाड़ा देकर रहे। खर्चे में बचत भी हुई, मेजबान को अतिरिक्त लाभ भी। रोम में पेंशनेयर आवास की पद्धति पर यह आधारित है। कोकरनाग, पहलगाम, सोनमर्ग आदि स्थलों में तो यह योजना बहुत कारगर रही। अब तावी नदी रिवर फ्रंट को रम्य बनाकर जम्मू भी पर्यटकों के आकर्षण का सबब बन रहा है।

शंकराचार्य पर्वत के मंदिर का धर्मशास्त्रों में विशेष उल्लेख है। करीब चार हजार किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित कलड़ी (केरल) ग्राम से आदि शंकराचार्य पैदल यहां आए थे। मां आर्यान्बु तथा शिवगुरु के यह युवा पुत्र अद्वैत वेदांत के प्रचारार्थ कश्मीर पधारे थे। इसी पर्वत माला पर निवास किया था। मंदिर का निर्माण कराया था। यहीं उनकी तपस्या स्थली भी है।

मनोज सिन्हा ने अद्भुत शिवालय शिव खोड़ी के जीर्णोद्वार के बारे में भी बताया। सदियों पूर्व सियालकोट (वर्तमान में पाकिस्तान में) के राजा सालवाहन ने शिव खोड़ी में शिवलिंग के दर्शन किए थे और इस क्षेत्र में कई मंदिर भी निर्माण करवाए थे, जो बाद में सालवाहन मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुए। यहां स्वयंभू शिव की मूर्ति है। गुफा की छत पर सपार्कृति चित्रकला है, जहां से दूध-युक्त जल शिवलिंग पर टपकता रहता है। डुग्गर प्रांत की पवित्र गुफाओं में शिव खोड़ी का नाम अत्यंत प्रसिद्ध है। यह गुफा तहसील रियासी के अंतर्गत पौनी भारख क्षेत्र के रणसू स्थान (जम्मू) के नजदीक है। यह भगवान शिव के प्रमुख पूजनीय स्थलों में से एक है। इस गुफा के बारे में कहा जाता है कि यहां भगवान शिव साक्षात विराजमान हैं। इसका दूसरा छोर अमरनाथ गुफा में खुलता है। पवित्र गुफा शिव खोड़ी की लंबाई 150 मीटर बताई जाती है। इस गुफा के अंदर भगवान शिव शंकर का चार फीट ऊंचा शिवलिंग है। इसके साथ ही इस गुफा में पिण्डियां विराजित हैं। इन पिण्डियों को शिव, माता पार्वती, भगवान कार्तिकेय और गणपति के रूप में पूजा जाता है। इस गुफा को बनाने का कारण भस्मासुर को सबक सिखाना था। भगवान शिव और भस्मासुर के बीच भीषण युद्ध छिड़ा। इस रण के कारण ही इस क्षेत्र का नाम रणसु पड़ा।

विगत वर्षों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शंकराचार्य हिल का नाम बदलकर 'तख्त-ए-सुलेमान' कर दिया` एएसआई ने पर्यटक सूचना पट्टिका पर शंकराचार्य हिल के इतिहास की एक बेतुकी और भ्रामक प्रस्तुति की है । इसमें बताया गया है कि इस पहाडी पर कभी यहूदियों का कब्जा था इसलिए इसका नाम 'तख्त ए सुलेमान' या 'सुलेमान का सिंहासन' किया गया है । जबकि वस्तुस्थिति यह है कि शंकराचार्य पहाड़ी पर स्थित संरचना का निर्माण भारत में इस्लाम के आने से भी सदियों पहले का है`

शंकराचार्य मंदिर की बाबत एक निजी संदर्भ का भी मैं उल्लेख कर दूं। बात करीब 1970 की है। पहली बार हम परिवारजन अमृतसर और कश्मीर गए थे। शंकराचार्य मंदिर के दर्शनार्थ। वहां बॉर्डर रोड संगठन के आला अधिकारी और कर्नल के. राजगोपालन के मित्र लखनऊ निवासी कर्नल एनपी भटनागर तैनात थे। कर्नल भटनागर की बात सुनकर हृदय प्रफुल्लित हो गया। उस पर्वत पर रक्षा सड़क का निर्माण हो रहा था। मंदिर से करीब सौ फीट हटकर बन रहा था। मंदिर के पुजारी ने कर्नल भटनागर से निवेदन किया कि यदि मंदिर के द्वार को मुख्य भाग से जोड़ दिया जाए तो वृद्ध और दिव्यांग आराधक भी शिवलिंग के सरलता से दर्शन कर पाएंगे। कर्नल भटनागर ने इंजीनियरिंग विभाग को तर्क दिया कि दूसरी ओर के पोली चट्टान के कारण मंदिर से सटी हुई शिलाओं पर सड़क बनाओ। आज लाखों आराधको की दुआयें स्व. कर्नल भटनागर को मिल रही होंगी। भटनागरजी के कारण हमें कोकरनाग, वेरीनाग, गुलमर्ग, पहलगाम आदि देखने का मौका मिला। बाद में अपना कर्तव्य समझकर मैं ने 1986 में लगभग पांच सौ श्रमजीवी पत्रकारों को कश्मीर और वैष्णो देवी के दर्शन कराए। अवसर था आई एफ डब्लू जे के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन का जिसका उद्घाटन राज्यपाल श्री जगमोहन ने किया था। आज फिर आशा बंधी है कि हम हमारे के साथियों के लिये दूसरी बार शंकराचार्य मंदिर और पहलगाम जाने का संयोग बनेगा। इंशा अल्लाह ।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क : 9415000909)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# फांसी लगाने से युवक समेत अधेड़ की मौत

## दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घटी घटना

**मीरजापुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में फांसी लगाने से दो की मौत हो गई। जहां थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शिवपुर निवासी श्यामजी पटेल उर्फ मंगरू पुत्र स्व.छविनाथ उम्र करीब-25 वर्ष ने अपने खेत में ही फांसी लगा लिया।

वही दूसरी तरफ थाना को. कटरा क्षेत्रान्तर्गत रेवना निवासी सुरेश मौर्य पुत्र स्व. शिव जियावन मौर्य उम्र करीब 55 वर्ष द्वारा बीती रात कमरे के अंदर नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगा लेने की सूचना पर उच्चाधिकारी व थाना पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शिवपुर निवासी श्यामजी पटेल उर्फ मंगरू पुत्र स्व.छविनाथ उम्र करीब-25 वर्ष द्वारा



अपने खेत में पाही पर फांसी लगा ली गयी। सूचना पुलिस उच्चाधिकारी व थाना चुनार पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी जिसका दवा इलाज प्रचलित था।

### अज्ञात वाहन के धक्के से वृद्ध की मौत

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छतहिपुर गौरा गांव निवासी सूर्यनाथ सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह उम्र लगभग 70 वर्ष मंगलवार को अपने किसी काम से अपने मित्र राजेंद्र प्रसाद के साथ लालगंज गए हुए थे। रात में घर वापसी करते समय मनिकठी से गौरा मार्ग से जा रहे थे। उसी दौरान गांव के करीब पहुंचने पर मोटरसाइकिल पर साथ में बैठे राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मुझे शौच लगने के कारण मैं मोटरसाइकिल से उतर गया। शौच के बाद मैं पैदल ही घर के लिए चले जाना। आगे देखा तो किसी बड़े वाहन से इनका एक्सीडेंट हो चुका था और घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। इसकी सूचना मैंने तुरंत ही घर वालों को दिया। घटनास्थल से अज्ञात वाहन फरार भी हो चुका था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को 3 बच्चे हैं। घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर हिनौता ग्राम सभा के समीप बाइक सवार अमर कुशवाहा पुत्र रामचन्द्र उम्र 45 वर्ष निवासी सुकृत सोनभद्र जो किसी कार्य से चकिया आया था। अपना काम समाप्त कर वह चकिया से अपने निवास स्थान सोनभद्र को जा रहा था कि अहरौरा स्थित हिनौता के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय लोगों ने अहरौरा पुलिस को सूचना दी वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ग्रामीणों की मदद से अहरौरा सीएससी सेंटर पहुंचाया। जहां गंभीर चोट होने की वजह से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# दोस्तों को परीक्षा दिलाने आये दो युवक गंगा में डूबे

**मीरजापुर।** कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर बुधवार को गंगा में स्नान के दौरान पानी में अठखेलिया करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। गहरे पानी में जाने से दो युवक डूबने लगे। भदोही जिले के ज्ञानपुर निवासी उमेश को बचा लिया गया जबकि डूबे आकाश पाल की तलाश एसडीआरएफ और स्थानीय नाविक कर रहे है।



घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण

**दुखद**

**भदोही के ज्ञानपुर से परीक्षा दिलाने आये युवक हादसे का बने शिकार**

**एक लापता, तलाश में जुटी एसडीआरएफ**

भदोही जिले के ज्ञानपुर से आकाश पाल और उमेश मौर्य अपने मित्रों को यूपी बोर्ड की परीक्षा दिलाने कछवां आये थे। उनके सेंटर में जाने पर दोनों साथी गंगा स्नान के लिए बरैनी घाट पर आ गये। दोनों गंगा स्नान के लिए कपड़े उतार कर पानी में उतर गए। इसी बीच पानी में खेलते हुए दोनों गहरे पानी में चले गए। उन्हें डूबता देख नाव से मछली मार रहा नाविक उन्हें बचाने आगे बढ़ा। उसने उमेश को तो बचा लिया। लेकिन आकाश पानी में डूब गया। तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश कर रही हैं। डूबे युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी लगाया गया है।

## संक्षेप

### एएसपी नक्सल को पुलिस विभाग ने किया विदा



**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन का गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर शुभकामनाओं के साथ भव्य विदाई दी गई। बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में गैर जनपद स्थानान्तरण होने पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन-महेश सिंह अत्री को बुके, प्रतीक चिह्न, उपहार भेंट कर जनपद में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए नये जनपद में कार्यभार के लिये मंगलमय भविष्य की कामना की गयी। विदाई समारोह के इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा प्रभारी निरीक्षकगण द्वारा भी स्थानान्तरित अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के साथ में कार्य करने के सुखद अनुभव को साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए पुष्पमाला पहनाकर, बुके, उपहार भेंट करते हुए भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी। ज्ञातव्य हो कि अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन का स्थानान्तरण मीरजापुर से जनपद मऊ के लिए हुआ है। विदाई समारोह के इस कार्यक्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक व जनपद के विभिन्न प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष सहित पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के लिए निकाली गई शोभायात्रा



**लालगंज।** अंतर्राष्ट्रीय बाल संत संजय जी महाराज की अगुवाई में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा लिए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 51 कन्याओं ने रामटीला मंदिर के पास बेलन नदी से जल भरते हुए सिर पर कलश रखकर राम जानकी मंदिर की परिक्रमा करते हुए शोभायात्रा को सफल बनाया। कलशयात्रा राम जानकी मंदिर से चलकर बरौंधा बाजार होते हुए धनावल के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान बाल संत संजय जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन का दर्शन है। जब मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पुण्य का उद्भव होता है तब उसे भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। भागवत कथा के श्रवण मात्र से लोगों को दैहिक दैविक और भौतिक ताप से मुक्ति मिल जाती है। कथा के आयोजक राम चंद्र पांडेय ने बताया कि कलशयात्रा के पश्चात व्यास पीठ का हवन पूजन किया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करने वाली आरोपिता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार पुलिस द्वारा धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करने के अभियोग से सम्बंधित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना चुनार मीरजापुर पर 08 अगस्त 2016 को वादी सुनील कुमार तिवारी पुत्र रमेश कुमार तिवारी द्वारा नामजद अभियुक्ता के विरूद्ध धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में उ.नि. जयशंकर राय व म.का.नीलम यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी महेन्द्र कुमार सिंह निवासी अतरौली कला थाना अहरौरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा धारा 419, 420, 467, 468, 471,504, 506 भादवि में नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### 20 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज पुलिस 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उ.नि. जितेन्द्र कुमार व उ.नि. एजाज खाँ मय पुलिस टीम द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से क्रमशः 02 आरोपियों विशाल पुत्र स्व.अमर सिंह निवासी खुजरी थाना लालगंज मीरजापुर व मनोज कुमार यादव पुत्र छैलू प्रसाद यादव निवासी चेरूई राम थाना लालगंज मीरजापुर को 10-10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब(कुल 20 लीटर) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### खेतों को चरकर नष्ट कर दे रहे हैं छुट्टा पशु

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के आतंक से किसान बेबस नजर आ रहे हैं। छुट्टा पशुओं की रखवाली दिन में तो किसी तरह कर लेते हैं लेकिन रात में भी झुंड के झुंड छुट्टा पशु खेतों में पहुंचकर फसल को चरकर नष्ट कर दे रहे हैं। किसान रात में भी अपने खेतों की रखवाली करने के बाद भी फसल नहीं बचा पा रहे है। लालगंज क्षेत्र के मेढरा, वभनी गहरवार, सौरेह, मानिकपुर, अमहां, घुर्मा, नेवढ़िया, बनवारी, बरडीहा, निनवार उत्तर, डगडगपुर, पूरा ठाकुर राम, आदि दर्जनों ग्रामों में छुट्टा पशु के आतंक का कहर छाया हुआ है। झुंड के झुंड आवारा पशु खेत में पहुंचकर फसल को चरकर रौद दे रहे हैं। किसान के रखवाली के बावजूद भी फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है। लालगंज निवासी विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि छुट्टा पशु का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि खेत की रखवाली करने के बाद तनिक मौका मिलते ही छुटा पशु खेत में पहुंचकर फसल को नष्ट कर दे रहे हैं ।मेढरा निवासी राकेश पांडे ने कहा कि आवारा छुट्टा पशु की रखवाली दिन में तो किसी तरह कर ले रहे हैं किंतु रात में भी जागरण कर रखवारी करना कठिन प्रतीत हो रहा है। सौरेह निवासी कन्हैया लाल पाल ने कहा कि किसानों के हित में छुट्टा पशु को संरक्षित करने के लिए 1 गोवंश आश्रम लालगंज में खोला जाना नितांत आवश्यक है। निनवार उत्तर निवासी सुभाष पटेल ने कहा कि किसानों की फसल बचाने के लिए केवल एक ही रास्ता है कि लालगंज के समीप 1 गोवंश आश्रय खोला जाए जिससे किसानों की फसल बचाई जा सके।

### सफाईकर्मी गायब बाजार में लगा कूड़े का अम्बार

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के कलवारी चौराहे पर और नहर में गंदगी का अंबार लग हुआ है। सरकार की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है लेकिन यहां तो गंदगी फैलाया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले सिंचाई विभाग की तरफ नोटिस देकर नहर पर साफ सफाई की गई थी। अतिक्रमण को हटाया गया था। लेकिन आज भी वहां ठेला, खमोचा लगाया जा रहा है। ठेला, खमोछा लगाने से नहर में गंदगी हो रही है। सबसे ज्यादा सड़ी सब्जी, अंडा के छिलका सब नहर में फेंका जाता है। अगर इसी तरह नहर में लोग कूड़ा फेकते रहे तो नहर जल्द ही भठ जाएगी और चौराहे से आमजन का चलना दूभर हो जाएगा। कलवारी बाजार आठ मूहीचौराहा है जहाँ कई क्षेत्रों से आवागमन रहता है। यहां सफाई कर्मी एक महीने में एक हफ्ता आता है और कभी साफ भी नही करता है। घर पर बैठकर पगार लेते रहते हैं। अगर सफाई कर्मी सही ढंग से रोज सफाई करे तो गंदगी का अंबार ना लगे। सफाई कर्मी की वजह से गांव-गांव में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। अगर प्रशासन के द्वारा ठेले, खमोचे नहीं हटाया गया तो नहर बहुत जल्द पट जाएगी। सिंचाई के लिए पानी आने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नहर में गंदगी फैल गया तो आए दिन मच्छर का प्रकोप बढ़ जाएगा जिससे लोग बीमार हो जाएंगे।

### कर्मचारियों की कमी से लड़खराई परियोजनाएं अब जल्द होंगी दुरुस्त

**मीरजापुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में कुछ समय काफी रिक्त पद चल रहे है जिसके कारण पोषण की परियोजनाएं सब से ज्यादा प्रभावित हो रही है। इस आशय की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग की वाणी वर्मा ने दी। बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विभाग में कर्मचारियों की कमी होने के कारण कुछ परियोजनाएं धीमी गति से काम हो रहा है। इसलिए विभागीय स्तर से निदेशालय को इन पदों पर जल्द से जल्द भरने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। कर्मचारियों की कमी होने के कारण जिले के सबसे ज्यादा कुपोषित बच्चों व माताओं के पोषण कार्यक्रम पर सबसे ज्यादा असर हो रहा है। उन्होने बताया कि विभाग के विभिन्न संवर्गों में सीडीपीओ के स्वीकृति पद 13 के सापेक्ष 5 भरें 8 पद रिक्त हैं। मुख्य सेविका .88 के सापेक्ष 34 भरें और 54 पद रिक्त हैं। आंगनवाड़ी कार्यकत्री के 2668 के सापेक्ष 2298 भरे और 370 पद रिक्त हैं। सहायिका का 2180 के 1794 पद भरे और 386 पद रिक्त पड़े है। इससे विकास खण्ड स्तर पर संचालित परियोजनायें प्रभावित हो रही है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की शाम कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गाँव में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। बताया जाता हैं कि मंगलवार की शाम नाबालिक के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने यह जानकारी अपनी माँ को दी। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना कोतवाली देहात पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंची। पीड़िता की माता से तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी की तलाश में जुटीं पुलिस ने बुधवार को उसे गिरफ्तार किया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया गया। जिसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई में लगी है।

### जिला सूचनाधिकारी को पितृ शोक

**मीरजापुर।** जनपद में नियुक्त जिला सूचनाधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय के 87 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक शम्भूनारायण उपाध्याय निवासी बड़ेपुर अम्बेडकर नगर का बुधवार को निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही परिवार समेत जिले के अधिकारियों व पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक उपाध्याय का अंतिम संस्कार गाँव में ही कर दिया गया।

# डीएम ने जन जाति प्रमाण पत्र से संबन्धित प्रकरणों पर की सुनवाई



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग एवं तहसील स्तर पर लम्बित जन जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों का कलेक्ट्रेट में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुनवाई की गयी।

बैठक में समिति के सदस्य अपर जिलाधिकारी (भू./रा.) सत्य प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर, तहसीलदार मड़िहान, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कुलदीप मिश्र, सदस्य सचिव जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र उपस्थित रहे। बैठक में तहसील सदर के 01 प्रकरण लवकुष कुमार पुत्र प्रेमचन्द निवासी बरकछॉ कला मीरजापुर एवं तहसील मड़िहान के 03 प्रकरण विनीत कुमार पुत्र कुन्नू प्रसाद निवासी ग्राम कुसुम्हॉ पो. पटेहरा खुर्द मीरजापुर, श्याम लाल पुत्र भोला ग्राम जमुई बाजार मड़िहान मीरजापुर, मनमोहन पुत्र बुद्धिराम निवासी ग्राम बसहीं पो. जमुई तह. मड़िहान के जाति प्रमाण-पत्र के निस्तारण किया गया।

# टैक्ट्रर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गई। जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बृजेंद्र कुमार मिश्रा 35 पुत्र विष्णु चरण मिश्रा निवासी कोल्हेपुर थाना जिगना जो एचडीएफसी बैंक में कर्मचारी है। बुधवार की शाम पांच बजे गोपीगंज मार्ग पर कलेक्शन करके वापस मीरजापुर लौट रहे थे जैसे ही लखनपुर गांव के पास पहुंचे थे कि गोपीगंज की तरफ जा रही ट्रैक्टर की चपेट में आ गए जिससे बृजेंद्र कुमार मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस 108 एंबुलेंस बुलाकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बिहारी बदमाश घायल

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में थाना कोतवाली शहर के 25 हजार के इनामिया बदमाश गिरफ्तार किया गया। गोली लगने से घायल बदमाश को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लूट, चोरी व टप्पेबाजी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का खुलासा किया हैं। जिसके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस व पल्सर मोटर साइकिल बरामद किया गया। घायल बदमाश अभिषेक यादव पुत्र स्व.प्रकाश यादव निवासी नयाटोला जुराबगंज थाना कोढ़हा जिला कटिहार बिहार का रहने वाला है। यह जानकारी एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने दी। बताया कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिले में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। 22 फरवरी की रात थाना कोतवाली शहर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिसुन्दरपुर काशीराम आवास के पास रोकने पर बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने



मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम के साथ एसपी सिटी

की नियत से फायर करने लगा। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग किया। जिससे गोली उसके पैर में लगने से वह घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से तमंचा 315 बोर, खोखा, जिंदा कारतूस तथा पल्सर मोटर साइकिल बरामद किया गया। चोरी के मुकदमें में पकड़े गए बदमाश पर 25 हजार रूपया का इनाम घोषित था। वांछित बदमाश अभिषेक यादव गैंग बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देता था। गत दिनों बाइक की डिग्गी का ताला तोड़कर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इसके एक साथी राहुल यादव पुत्र स्व.राजेश यादव निवासी नयाटोला जुराबगंज थाना कोढ़ा जिला कटिहार बिहार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर अरविन्द कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किया था।

विंध्याचल थाना क्षेत्र के गोपालपुर अष्टभुजा निवास श्यामधर पाण्डेय पुत्र शालिग्राम पाण्डेय ने अपनी मोटर साइकिल की डिग्गी तोड़कर चोरी का मामला दर्ज कराया था।

# यूपी के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा बजट : अनुप्रिया पटेल

**बातचीत**

**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के अनुरूप है बजट : आशीष**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत 6.90 लाख करोड़ के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत यह मेगा बजट प्रदेश के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा, उत्तर प्रदेश की लोकप्रिय एनडीए सरकार ने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आशाओं व आकांक्षाओं के



राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल

अनुरूप आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की संकल्पना को साकार करने वाला 2023-24 का लोक कल्याणकारी बजट पेश किया है।

इस बजट के माध्यम से प्रदेश के गरीब, किसान, महिला, मजदूर, आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को धन्यवाद एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देती हूँ।

### सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मूलमंत्र के अनुरूप है यह बजट : आशीष पटेल

अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत लोक कल्याणकारी बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बुधवार वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वर्ष 2023-24 का लोक कल्याणकारी बजट पेश किया। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के अनुरूप प्रदेश के गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से डबल इंजन की एनडीए सरकर उत्तर प्रदेश को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# घर-घर खोजे जा रहे हैं टीबी रोगी

**लालगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज पर सक्रिय टीवी खोज अभियान टीम मेंबर और सुपरवाइजर को बुधवार को प्रशिक्षित किया गया। 20 प्रतिशत जनसंख्या को लक्ष्य करते हुए 24 फरवरी से 05 मार्च 2023 तक अज्ञात टीबी रोगी खोजी विशेष अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को खोज निकालने हेतु प्रशिक्षित किया गया। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर मनिंदर सिंह द्वारा उपस्थित टीम के मेंबरों को टीबी के सम्पूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए निभाए जाने वाले समस्त जिम्मेदारियों के विषय में विस्तार से बताया और सम्मान जनक परिणाम लाने की आशा जताई। क्षेत्रीय सुपरवाइजर शमीम अहमद ने कहा कि घर घर टीबी रोगी खोजी अभियान को सफल बनाने हेतु दस टीम दो सुपरवाइजर के साथ साथ मेडिकल ऑफिसर भी योजना में अपना योगदान दें रहे है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, अनिल बीसीपीएम, एलटी नीरज व राजेश, चीफ फार्मासिस्ट एसएन सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

# जेडीसी ने किया धनसिरिया गांव का औचक निरीक्षण

**मीरजापुर।** संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चंद्र मिश्रा ने बुधवार को विकासखंड राजगढ़ के ग्राम पंचायत धनसिरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेडीसी सुरेश मिश्रा ने सर्वप्रथम विकासखंड राजगढ़ के विकासशील



ब्लॉक में विकास कार्य की जानकारी लेते जेडीसी

ग्राम पंचायत धनसिरिया का दोपहर में स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम पंचायत भवन धनसिरिया के रजिस्टर के रखरखाव व वहां पर उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। तत्पश्चात जेडीसी में अमृत उद्यान, सुलभ शौचालय व आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जेडीसी द्वारा सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। निरीक्षण के दौरान जेडीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत भवन के द्वारा ही सभी विकास कार्यों का संपादन किया जाए। गो आश्रय स्थल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मवेशियों की संख्या के अलावा मवेशियों को खाने के लिए भूसा एवं अन्य सामग्री की भी पूछताछ किया। सुलभ शौचालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सुलभ शौचालय को हमेशा साफ सुथरा रखा जाए ताकि अधिक से अधिक लोग सुलभ शौचालय का प्रयोग करें और खुले में शौच से जिले को मुक्ति मिल सके। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी राजगढ़ रमाकांत, ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संजय पांडेय, मुन्नीलाल, दीपक मिश्रा आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# पेंशन धारकों के सत्यापन के बाद 17 हजार खातों को किया गया ब्लॉक,जिला प्रोबेशन अधिकारी ने दी जानकारी

**मीरजापुर।** जिले में आधार प्रमाणीकरण न कराने पर लगभग 17 पेंशनरों का खाता समाज कल्याण विभाग ने ब्लॉक कर दिया है। प्रदेश सरकार के द्वारा पेंशन धारकों के सत्यापन करने को लेकर मुहिम चलाने के बाद आधार सत्यापित नही होने 17 हजार को ब्लॉक दिया है। समाज कल्याण विभाग ने इन खातों को ब्लॉक करने की कार्यवाई की गई है। बिना आधार प्रमाणीकरण के खाते में अगली किस्त नही जाएगी।

जिले में शासन के निर्देश के बाद पेंशन धारकों के सत्यापन के बाद 17 हजार 537 खाता ब्लॉक किया गया है। 15 हजार 210 से अधिक पेशन धारक की या फिर मृत्यु हो चुकी है, या फिर जिले से बाहर मिले है। कुछ पेंशन धारक अपात्र भी मिले है, जिनको भी विभाग ने ब्लॉक कर दिया है। समाज कल्याण विभाग में अभी तक वृद्धा पेंशन के लिए एक लाख 752 लोग पंजीकृत है। जिसमें 80 हजार 481 लोगों का

**80 हजार 481 लोगों का करा लिया गया है आधार प्रमाणीकरण**

आधार प्रमाणीकरण करा लिया गया है। अभी भी लगभग पांच हजार लोग जो कि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में रहते है, इनका प्रमाणीकरण कराना शेष है। जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश दूबे ने बताया कि जिन पेंशनधारकों का खाता ब्लॉक किया गया है, अगर वो कार्यालय पर आते है तो उनका खाता पुनः आधार प्रमाणीकरण करके खोला जा रहा है। इसके साथ ही ब्लॉक किये गए खातों को चिन्हित किया है कि इनमें से कितने की मृत्यु हो चुकी है, कितने अपात्र है और कितने गांव छोड़कर बाहर चले गए है।

पेंशन धारक के सत्यापन को लेकर अभियान चलाया गया था, जिसके बाद इन खातों का प्रमानिकरण न होने पर खाता ब्लॉक किया गया है।

# परिवार रजिस्टर की नकल पाना टेढ़ी खीर

**लालगंज।** विकासखंड स्तर पर परिवार रजिस्टर की नकल एवं मृत्यु प्रमाण पत्र न मिलने से ग्रामीणों में मायूसी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक इंतजार करने के बावजूद भी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के न मिलने से प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विकासखंड स्तर पर मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार जिस्टर की नकल बनवाने के लिए विगत कई दिनों से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का इंतजार करने के बावजूद भी दोनों प्रमाण पत्र लेने के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। कहा कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का विकासखंड स्तर पर समय और दिन निश्चित है या नहीं यह भी जानकारी देने वाला कोई नहीं है। कहा कि परिवार रजिस्टर की नकल एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक आवश्यकता का अभिलेख होने की वजह से ग्रामीणों में आवश्यकता होती है किंतु विकासखंड स्तर पर मिलना मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

# राजस्थानी पत्थर की धीमी गति विंध्य कॉरिडोर के राह का रोड़ा बनी

**यह है हाल**

**विलंब का कारण तलाशने राजस्थान जायेंगे अधिकारी**

**मीरजापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल विंध्य कारीडोर का जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को निरीक्षण किया। नवरात्रि तक तय कार्य को पूरा किए जाने के वादे को कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को याद दिलाया।

इस दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने बताया कि राजस्थान से गढ़कर आने वाले पत्थर में विलंब किया जा रहा है। निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। जो पत्थर राजस्थान और अन्य जगहों से आ रहे हैं। उसमें थोड़ा धीमापन महसूस हो रहा है। इसलिए प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया है कि वह स्वयं वहां जाकर चेक करें कि कितने सीएनसी की मशीन है। किस तरह से पत्थरों की नक्काशी वहां पर चल रही है। हमारा स्ट्रक्चरल वर्क



कॉरिडोर का निरीक्षण करतीं डीएम

कंप्लीट है। जैसे ही वह पत्थर हमें वहां से प्राप्त हो जाएंगे। उन्हें लगाकर हमारा कार्य कंप्लीट हो जाएगा। नियत तिथि के पहले भव्य कारीडोर का कार्य पूर्ण किया जायेगा। इससे कार्य में आशा के अनुकूल तेजी नहीं आ पा रही हैं। समय से पत्थर न मिलने पर चाह कर भी हम सब बेबस हैं। विंध्य परिपथ का करीब 60 प्रतिशत कार्य किया जा चुका है। पत्थरों की वजह से थोड़ा धीमा पन कार्य में हो रहा है। बाकी कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। कारीडोर को निर्माण कार्य को पूरा करने का समय दिसंबर 2023 तय किया गया है। समय पर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के पूर्व मंदिर आने वाले चारों मार्ग को ठीक कराने को कहा गया था। ताकि भारी संख्या में आने वाले भक्तों को मां विंध्यवासिनी के दरबार में दिक्कत न हो। नवरात्रि के पहले जितने भी कार्य पूर्ण हो जाए उतना अच्छा रहेगा। नवरात्रि तक जहां जहां श्रद्धालुओं को जाना है उस मार्ग को हम ठीक कराने का निर्देश दिया।

# स्पोर्ट्स

## दीपक चाहर ने कहा- मैं पूरी तरह से फिट हूं और आईपीएल की तैयारी कर रहा हूं

**नई दिल्ली।** पिछले साल दो 'बड़ी' चोटों से जूझने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग से वापसी करने को तैयार हैं। तीस वर्षीय तेज गेंदबाज को स्ट्रेस फ्रैक्चर और फिर जांघ की तीसरे ग्रेड की चोट से उबरने में काफी मुश्किल हुई। वह पिछली बार भारत की ओर से बांग्लादेश में दूसरे एकदिवसीय में खेले थे जहां वह सिर्फ तीन ओवर गेंदबाजी कर पाए थे। वर्ष 2022 में चाहर भारत के लिए केवल 15 मैच ही खेल सके थे और चोट के कारण टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में व्यापक रिहैबिलिटेशन के बाद चाहर आईपीएल की तैयारी कर रहे हैं जहां वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। चाहर ने कहा, मैं अपनी फिटनेस पर पिछले दो-तीन महीनों से कड़ी मेहनत कर रहा हूं, मैं पूरी तरह से फिट हूं और आईपीएल के लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे दो बड़ी चोट लगी थीं।



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में करना होगा भारत को अपने खेल में सुधार

## महिला टी20 विश्व कप में उतार चढ़ाव भरा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को लड़नी होगी जंग

**केपटाउन।** अभी तक महिला टी20 विश्व कप में उतार चढ़ाव भरा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को गुरूवार को यहां होने वाले पहले सेमीफाइनल में मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने खेल में काफी सुधार करना होगा। भारत पिछले पांच वर्षों में शीर्ष टीमों में शामिल रहा है लेकिन कोई बड़ी ट्राफी अपनी झोली में नहीं डाल सका है और उम्मीदों के अनुरूप उसने एक और आईसीसी टूनार्मेंट के अंतिम चार में प्रवेश कर लिया है।



हालांकि भारतीय टीम बीते समय में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है, विशेषकर नॉकआउट मैचों में। आस्ट्रेलिया ने पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था और हाल में पिछले वर्ष बर्मिंघम में स्वर्ण पदक मैच में भी उसने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2017 में वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचने के बाद भारत में महिला क्रिकेट काफी तेजी से ऊपर की ओर बढ़ा है और अब समय आ गया है जब वह गुरूवार को करो या मरो जैसे मुकाबले में उम्मीदों को प्रदर्शन में तब्दील करे। हालांकि हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने ग्रुप चरण में पिछले चार में से तीन मैच जीते हैं लेकिन उसकी किसी भी जीत को दमदार नहीं कहा जा सकता, यहां तक कि आयरलैंड के खिलाफ जीत को भी नहीं। टीम को एकमात्र हार इंग्लैंड से मिली। अभी तक भारत ने टूनार्मेंट में जिस तरह का खेल दिखाया है, उसे देखते हुए केवल यही उम्मीद ही लगायी जा सकती है कि किसी तरह से टीम बड़े मैच से पहले अपनी सभी समस्याओं से निजात पा लें, जिसमें शीर्ष क्रम की अनिरंतरता के अलावा ऋचा घोष को छोड़कर खिलाड़ियों की छक्के जड़ने की अक्षमता शामिल है। टीम को डॉट गेंद का ज्यादा प्रतिशत भी कम करना होगा। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने तीन साल पहले अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, हालांकि वह अब भी किशोरी ही हैं लेकिन वह अपनी गलतियों से सबक लेने में नाकाम रही हैं जिसमें स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाना और शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमियां शामिल हैं। कप्तान हरमनप्रीत खुद काफी दबाव में हैं, वह अभी तक इस विश्व कप में कोई उपयोगी पारी नहीं खेल पायी हैं। वह उन कुछ बल्लेबाजों में शामिल हैं जो गेंद को लंबी दूरी तक हिट कर सकती हैं लेकिन वह कुछ ज्यादा ही लंबे समय से अनिरंतर चल रही हैं। विश्व कप नॉकआउट मैच में हार से उनका कप्तानी कार्यकाल खत्म हो सकता है। जेमिमा रोड्रिग्स ने अभी तक टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम की मदद के लिये उनके इससे कहीं ज्यादा की उम्मीद है। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना निरंतर बल्लेबाजी करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रही हैं और एक बार फिर वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के लिये महत्वपूर्ण होंगी। वहीं मेग लैनिंग की अगुआई वाली आस्ट्रेलियाई टीम टी20 मैचों में लगातार 22 मैच जीतकर सेमीफाइनल तक पहुंची है और वह बड़े मैचों में अपने खेल को शीर्ष स्तर तक पहुंचाने के लिये मशहूर है। आस्ट्रेलिया ने मार्च 2021 में न्यूजीलैंड से एक टी20 मैच गंवाने के बाद किसी भी प्रारूप में महज दो अधिकारिक मैच गंवाये हैं और ये दोनों हार भारत के खिलाफ मिली हैं। आस्ट्रेलियाई टीम ने दिसंबर में मुंबई में हुई श्रृंखला में 4-1 से जीत हासिल की थी। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर टूनार्मेंट में भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही हैं जिन्होंने अभी तक सात विकेट झटके हैं जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट चटकाना शामिल रहा है। दीप्ति शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ अपने एक ओवर में काफी रन लुटा दिये लेकिन वह स्पिन विभाग में सबसे निरंतर गेंदबाज रही हैं।

पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव को मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ अधिक सटीक गेंदबाजी करनी होगी। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पिछले नतीजों के बावजूद भारतीय चुनौती से सतर्क हैं। मूनी ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा, मुझे कड़े मुकाबले की उम्मीद है, पिछले कुछ वर्षों में उनकी टीम (भारत) काफी तेजी से सुधार कर रही है और उनके लाइन अप में कुछ मैच विजेता खिलाड़ी भी हैं।

## ऋचा घोष बोलीं- हमें सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कम से कम 180 रन बनाने होंगे

**केपटाउन।** भारत की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष का मानना है कि अगर उनकी टीम को टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो उन्हें कम से कम 180 रन बनाने होंगे।



भारत भले ही दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 1-4 से हार गया था लेकिन उसने सभी मैचों में कड़ी चुनौती पेश की थी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम फिर से ऐसा ही प्रदर्शन करना चाहेगी। भारत की तरफ से विश्वकप में अब तक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली घोष ने कहा, ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य का पीछा करने में सहज महसूस करता है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में गहराई है। हम भी ऐसा करना पसंद करेंगे लेकिन टॉस पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इसलिए जो भी परिस्थिति हो हमें उससे गुजरना होगा। हमने इस मैच के लिए अपनी रणनीति तैयार कर ली है। उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि कल पिच कैसा व्यवहार करेगी लेकिन यह अभी अच्छी दिख रही है। अगर हमारे सभी बल्लेबाज चलते हैं तो हम उनके सामने 180 के आसपास का लक्ष्य रख सकते हैं। अगर हम पहले गेंदबाजी करते हैं तो हम उन्हें 140 से 150 रन पर रोकने की कोशिश करेंगे क्योंकि उनके पास अच्छे बल्लेबाज हैं।

# टेस्ट रैंकिंग में अश्विन दूसरे स्थान पर पहुंचे, रविंद्र जडेजा शीर्ष 10 में शामिल

## बुमराह शीर्ष 10 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं, वह पांचवें स्थान पर काबिज हैं

**दुबई।** भारत के रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि रविंद्र जडेजा सात पायदान के लाभ से शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हुए। जडेजा नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने के बाद नौवां स्थान हासिल करने में सफल रहे। वह सितंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे हैं। चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष 10 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं, वह पांचवें स्थान पर काबिज हैं।



इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन सूची में शीर्ष पर हैं लेकिन ऑस्ट्रेलियाई कपतान पैट कमिंस दो पायदान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं। अक्षर पटेल अपनी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आल राउंडर सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गये जिसके शीर्ष पर जडेजा और अश्विन मौजूद हैं। आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जिनके बाद स्टीव स्मिथ दूसरे और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद अनिश्चित समय तक क्रिकेट से बाहर हैं लेकिन वह छठे स्थान पर कायम हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने भी अपना सातवां स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप (23वें), हैरी ब्रुक (31वें) और बेन डकेट (38वें) तथा न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल (11वें) और डेवोन कॉनवे (17वें) ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर ली है।

## कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी अदिति ने भारतीय तीरंदाजी टीम में बनाई जगह

**कोलकाता।** कोविड-19 का कहर जब अपने चरम पर था तब कबाड़ का काम करने वाले राजकुमार जायसवाल का परिवार दिन में केवल एक समय का भोजन कर पा रहा था। उनकी दुकान बंद थी और जल्द ही उनका घर भी पानी में डूब गया क्योंकि चक्रवाती तूफान अम्फान ने बंगाल में तबाही मचा दी थी। कोरोनावायरस और तूफान की यह दोहरी मार हालांकि उनकी बेटी अदिति के दृढ़ संकल्प को नहीं डिगा पाई जिन्होंने हाल में विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह बनाई। इस बीच उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राहुल बनर्जी का साथ भी मिला जो कि अब पूर्णकालिक कोच हैं। बागुईआटी में कबाड़ी का काम करने वाले की बेटी अदिति मेधावी छात्रा रही है और उन्होंने आईएससी परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए जिससे उन्हें सेंट जेवियर कॉलेज में अर्थशास्त्र ऑनर्स में प्रवेश मिल गया। राजकुमार और उनकी पत्नी उमा चाहते थे कि अदिति भी अपने बड़े भाई आदर्श की तरह पढ़ाई पर ध्यान दें। उनके बड़े भाई वेल्लोर में इंजीनियरिंग कर रहे हैं। तब बनर्जी ने उन्हें समझाया कि अदिति इससे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए पैदा हुई है। सोनीपत में तीरंदाजी ट्रायल्स में भाग लेने के बाद वापस लौटी अदिति ने कहा, एक समय था जबकि लॉकडाउन के दौरान मेरे पिताजी की दुकान लगभग दो साल तक बंद रही और हम किसी तरह से एक वक्त का भोजन ही जुटा पा रहे थे। उन्होंने कहा,अम्फान के कारण हमारे घर में बाढ़ आ गई और हमें कई दिनों तक बिना बिजली के रहना पड़ा। किसी तरह से हम संघर्ष के इन दिनों से बाहर निकले और अब लगता है कि अच्छे दिन वापस आ गए हैं। अदिति ने कहा, मेरे माता-पिता को अब विश्वास हो गया है कि तीरंदाजी में भी भविष्य है। उम्मीद है कि मैं अपने खेल में सुधार जारी रखूंगी। प्रत्येक खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करे और पदक जीते लेकिन इसके लिए अभी मुझे लंबा रास्ता तय करना है। यह पहला अवसर है जबकि इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की पहली पसंद की टीम में जगह बनाई। इससे पहले पिछले साल जम्मू में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक जीतने के कारण उन्हें कोलंबिया के मेडलिन में विश्वकप के चौथे चरण के लिए दूसरी पसंद की भारतीय टीम में चुना गया था। मेडलिन में वह पहले दौर में ही बाहर हो गई।



वहां व्यक्तिगत वर्ग में दीप्ति कुमारी से हार गई थी जबकि टीम स्पर्धा में उन्हें दूसरे दौर में कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। अदिति को 2018-19 से कोचिंग देने वाले बनर्जी ने कहा, उसके माता-पिता का उस पर काफी दबाव था कि कब वह पदक जीतेगी ताकि उसे नौकरी आसानी से मिल जाए। मैं उनसे कहता रहा सब्र कीजिए आप रातों-रात विश्व चैंपियन नहीं बन सकते हैं। अदिति की सबसे बड़ी परीक्षा दो चरण के ट्रायल्स थे जिनमें वह शीर्ष चार खिलाड़ियों में जगह बना कर भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का करने में सफल रही।

# पिता और कोच इमरान मिर्जा ने कहा- हमने सानिया पर जीत के लिए कभी किसी तरह का दबाव नहीं बनाया

**दुबई।** सानिया मिर्जा के पिता और कोच इमरान मिर्जा ने कहा कि इस बात पर यकीन नहीं होता कि सानिया को पहली बार टेनिस रैकेट थामे हुए 30 साल हो गए हैं। निश्चित तौर पर वह अभूतपूर्व प्रतिभा की धनी थी और मुझे यह समझने में ज्यादा समय नहीं लगा। मैं जब युवावस्था में था तब मैंने क्लब स्तरीय टेनिस और राज्य रैंकिंग टूनार्मेंट में ही हिस्सा लिया था लेकिन जब मैं स्कूल में था तभी से इस खेल का बेहद करीब से अनुकरण और विश्लेषण करता था। मैं कभी बहुत अच्छा टेनिस खिलाड़ी नहीं रहा लेकिन मेरा मानना है कि इस खेल के लिए मेरे पास पारखी नजर और विश्लेषणात्मक दिमाग था।



सानिया की किस्मत में उस खेल में नाम और शोहरत कमाना लिखा था जिसे वह प्यार करती थी। टेनिस टूर पर कई प्रसिद्ध प्रशिक्षकों ने मुझे निजी तौर पर बताया कि जिस तरह खुदा ने सानिया को टेनिस में प्रचुर प्रतिभा का तोहफा दिया था, उसी तरह उन्होंने मुझे भी उनकी टेनिस प्रतिभा और स्वभाव को विकसित करने के लिए खेल को देखने और समझने की शक्ति प्रदान की थी। खुदा ने मेरी पत्नी को भी बहुत ही विशेष कौशल दिया जिसने हमारी बेटी के इस खेल में एक पेशेवर करियर बनाने में पूरक का काम किया। मेरे परिवार की खेल पृष्ठभूमि ही थी जिसने हमें हार और जीत से सही रवैये के साथ निपटने में मदद की।

इससे सानिया को एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में निखारने और उनका करियर लंबा खींचने में मदद मिली। टेनिस एक ऐसा खेल है जिसमें हार और जीत दिमाग से जुड़ी होती हैं और इसमें मानसिक मजबूती बेहद महत्वपूर्ण है। सफलता में संयम की भूमिका अहम होती है और मेरा मानना है कि टेनिस कोर्ट पर सानिया को निर्भीक बनाने में माता-पिता के रूप में हमारा सबसे बड़ा योगदान रहा। जब कोई बच्चा खेल के मैदान पर हारता है तो उसे इसकी परवाह नहीं होती है कि दुनिया उसकी हार के बारे में क्या सोच रही है। लेकिन उसकी हार पर माता-पिता का रवैया कैसा होता है यह उसे मानसिक और मनोवैज्ञानिक तौर पर काफी प्रभावित करता है। बच्चे का स्वभाव उसकी असफलताओं पर माता-पिता की प्रतिक्रिया से तय होता है। सानिया ने जब पहली बार रैकेट पकड़ा था तो मैं इसको लेकर बेहद सतर्क था और हमने उस पर जीत के लिए कभी किसी तरह का दबाव नहीं बनाया। हमारा ध्यान हमेशा इस बात पर रहा कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे और जब तक वह ऐसा करती रही हम खुश रहे और जिस दिन वह हार जाती थी तब भी हमने उसका जश्न मना कर उसके प्रति अपना समर्थन दिखाया। वर्षों से लोग दबाव में सानिया के शांत मिजाज, निडरता और मैचों के दौरान मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता के बारे में बात करते रहे हैं। मेरा मानना है कि यह उस आत्मविश्वास से हासिल किया जाता है जो हमने माता पिता के रूप में तब उसमें भरा था जब वह छोटी थी। हमने हमेशा उसका समर्थन किया तथा जीत और हार खेल का हिस्सा होते हैं।

# यूपी वारियर्स ने ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली को बनाया कप्तान

**लखनऊ।** यूपी वारियर्स ने स्टार ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली को अगले महीने मुंबई में होने वाली शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिये अपना कप्तान नियुक्त किया। काप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की टीम यूपी वारियर्स ने फ्रेंचाइजी आधारित लीग के लिए संतुलित टीम बनायी है। हीली महिला क्रिकेट का सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं और काफी अनुभवी भी हैं। वह आस्ट्रेलिया के लिए 139 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में करीब 2,500 रन बना चुकी हैं जिसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। वह खेल की सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाजों में भी शामिल हैं, टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वह 110 खिलाड़ियों को आउट कर चुकी हैं। हीली ने कहा, मैं ऐतिहासिक डब्ल्यूपीएल के शुरूआती चरण में यूपी वारियर्स की कप्तानी की जिम्मेदारी दिये जाने से खुश हूं। हम सभी डब्ल्यूपीएल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और यूपी वारियर्स की टीम शानदार है। टूनार्मेंट में खेलने के लिये बेकरर्रार हूं। उन्होंने कहा, हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। टीम के कोच इंग्लैंड के जॉन लुईस और सहायक कोच अंजू जैन हैं जबकि आस्ट्रेलिया के एशले नौफ्के गेंदबाजी कोच और चार बार की विश्व चैम्पियन लिसा स्थालेकर टीम की मेंटोर हैं। लीग मुंबई में चार से 26 मार्च तक खेली जाएगी जिसमें ब्रैबोर्न स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। यूपी वारियर्स अपना अभियान पांच मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ शुरू करेगी।

*टीम इस प्रकार है:-*

एलिसा हीली (कप्तान), सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा, तहलिया मैकग्रा, शबनीम इस्माइल, अंजली सरवनी, राजेश्वरी गायकवाड़, पार्श्वी चोपड़ा, श्वेता सहरावत, एस यशश्री, किरन नवगिरे, ग्रेस हैरिस, देविका वैद्य, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव और सिमरन शेख।




## जेम्स एंडरसन बने सबसे उम्रदराज शीर्ष टेस्ट गेंदबाज , 87 साल बाद हुआ ऐसा

**दुबई।** इंग्लैंड के मध्यम-तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गए और 87 साल पुराना एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। जेम्स एंडरसन से पहले यह रिकॉर्ड पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज खिलाड़ी क्लारी ग्रिमेंट के नाम पर था जो साल 1936 में सबसे ज्यादा उम्रदराज नंबर-1 रैंकिंग खिलाड़ी बने थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम रैंकिंग में एंडरसन ने 866 रेटिंग पॉइंट के साथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (858) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया। एंडरसन यह उपलब्धि 40 वर्ष 207 दिन की उम्र में हासिल करके शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बन गये। इंग्लैंड के शीर्ष गेंदबाज ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध माउंट मोंगानुई टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की 267 रन की विशाल जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह सबसे पहले साल 2016 में टेस्ट गेंदबाजों की नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचे थे, जबकि 2018 में उन्होंने दूसरी बार नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का ताज पहना था। एंडरसन ने भले ही शीर्ष टेस्ट गेंदबाज के रूप में कमिंस का चार साल का वर्चस्व समाप्त कर दिया हो, लेकिन वह भारत के दिग्गज हरफनमौला रविचंद्रन अश्विन से ज्यादा दूर नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत अश्विन 864 रेटिंग पॉइंट के साथ दूसरी रैंक पर आ गये हैं और एंडरसन से सिर्फ दो अंक पीछे हैं। इसी बीच, भारतीय हरफनमौला रवींद्र जडेजा ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर आईसीसी की टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ 460 रेटिंग हासिल कर ली। टेस्ट हरफनमौलाओं की सूची में जडेजा और अश्विन (329) क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर विराजमान हैं, जबकि अक्षर पटेल (283) दो पायदान चढ़कर दूसरे नंबर पर आ गये हैं। जडेजा टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भी छह पायदान की छलांग लगाकर नौंवे स्थान पर आ गये हैं। वह अश्विन और जसप्रीत बुमराह (पांचवीं रैंक) के बाद शीर्ष 10 टेस्ट गेंदबाजों में तीसरे भारतीय हैं।



# भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते को मंजूरी, केंद्रीय कैबिनेट ने लगाई मुहर

## वर्तमान में भारत के पास लगभग 110 देशों के साथ हवाई सेवा समझौते, इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन पर शिकागो सम्मेलन में संशोधन से जुड़े तीन प्रोटोकॉल की पुष्टि को भी अपनी मंजूरी दे दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने बुधवार को भारत और गुयाना के बीच हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर को अपनी मंजूरी दे दी। यह समझौता दोनों देशों के बीच उड़ान सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों देशों के बीच राजनयिक नोटों के आदान-प्रदान के बाद यह समझौता पूरी तरह से लागू होगा।

बुधवार को केंद्र की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि गुयाना के साथ एक हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर करने से दोनों देशों के बीच हवाई सेवाओं के प्रावधान के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी। बता दें, 2012 की जनगणना के अनुसार, गुयाना में भारतीयों की अच्छी खासी जनसंख्या है और यह सबसे बड़ा जातीय समूह है, जिसमें लगभग 40 प्रतिशत आबादी शामिल है।



भारत और गुयाना के बीच यह समझौता दो देशों के बीच हवाई संचालन के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है। बता दें, वर्तमान में भारत के पास लगभग 110 देशों के साथ हवाई सेवा समझौते हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन पर शिकागो सम्मेलन में संशोधन से जुड़े तीन प्रोटोकॉल की पुष्टि को भी अपनी मंजूरी दे दी। पहला प्रोटोकॉल शिकागो सम्मेलन में अनुच्छेद 3 सम्मिलित करता है और नागरिक विमानों के खिलाफ हथियारों के इस्तेमाल का सहारा लेने से सदस्य राज्यों को रोकता है। दूसरा प्रोटोकॉल आईसीएओ परिषद की ताकत को 36 से 40 तक बढ़ाने के लिए अनुच्छेद 50 (ए) में संशोधन का प्रावधान करता है। वहीं तीसरा प्रोटोकॉल 18 से 21 तक वायु नेविगेशन आयोग की ताकत बढ़ाने के लिए अनुच्छेद 56 में संशोधन करना है।

### केंद्र ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ साल के लिए बढ़ाया, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 22वें विधि आयोग का कार्यकाल डेढ़ वर्ष बढ़ाये जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। इस आयोग को अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करने एवं उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करने का दायित्व दिया गया था। सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बयान में कहा गया है कि अध्यक्ष और सदस्यों के हाल ही में 22वें विधि आयोग के पदभार ग्रहण करने और कई लंबित परियोजनाओं के कारण इसके कार्यकाल को 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाया जाता है। इसका कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया था। 22वें विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को तीन साल की अवधि के लिए किया गया था और इसके अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने नौ नवंबर, 2022 को पदभार ग्रहण किया।

### मोरबी पुल हादसा: जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को मिलेंगे 10 लाख रुपए, ओरेवा समूह को निर्देश

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने बुधवार को घड़ी निर्माता कंपनी ओरेवा समूह को मोरबी झूला पुल हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को दो लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा चार हफ्तों के अंदर अदा करने का निर्देश दिया। इसी कंपनी के पास पुल के रखरखाव की जिम्मेदारी थी। मुख्य न्यायाधीश सोनिया गोकाणी और न्यायमूर्ति संदीप भट्ट ने कंपनी को अंतरिम मुआवजा अदा करने का निर्देश दिया। अदालत ने आदेश दिया कि प्रत्येक घायल व्यक्ति को अंतरिम मुआवजे के रूप में दो लाख रुपये अदा किया जाएं। गौरतलब है कि राज्य के मोरबी शहर में मच्छु नदी पर स्थित झूला पुल पिछले साल 30 अक्टूबर को टूट गया था। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई और 56 अन्य घायल हो गये थे। मंगलवार को, ओरेवा समूह ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों को अंतरिम मुआवजा के रूप में कुल पांच करोड़ रुपये अदा करने की उच्च न्यायालय के समक्ष एक पेशकश की थी।

# 'इंडियन 2' में नजर आएंगीं रकुल प्रीत सिंह



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन के साथ फिल्म इंडियन 2 में नजर आयेंगी। रकुल प्रीत सिंह ने बताया मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत महसूस करती हूं कि मुझे कमल हसन सर के साथ इंडियन 2 में काम करने का मौका मिला है। कमल सर एक इंस्टीट्यूशन हैं। वह अपने आप में एक पूरी इंडस्ट्री हैं। उन्होंने अपने 60 साल इस इंडस्ट्री को दिए हैं और जिस तरह का उनका एक्सपीरियंस है, जितना उनका आज भी एक्टिंग को लेकर पैशन है, वह अमेजिंग है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया इतने एक्सपीरिएंस के बाद भी, एक लेजेंड्री सुपरस्टार होने के बाद भी कमल सर का डेडिकेशन कमाल का था। हमारी जर्नी तो अभी शुरू हुई है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। इस फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है, सिर्फ कुछ गाने बचे हैं।

## खास खबर

### दिल्ली महापौर के चुनाव परिणाम को पंजाब के मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र की जीत करार दिया

चंडीगढ़। दिल्ली के महापौर के चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को लोकतंत्र की जीत करार दिया। मान ने लोगों के अधिकारों के वास्ते लड़ने की भावना के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रशंसा की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पार्षद शैली ओबेरॉय ने महापौर पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रेखा गुप्ता को हरा दिया। मान ने ट्वीट कर कहा, लोकतंत्र की जीत... दिल्ली की जनता को बधाई...अरविंद केजरीवाल जी के जनता के हक की लड़ाई के जज्बे को सलाम। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की ओर से मनोनीत दस सदस्यों के मताधिकार के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश की पृष्ठभूमि में यह चुनाव संपन्न हुआ।

### दिल्ली-एनसीआर में लगे भूकंप के झटके, उत्तराखंड में भी हिली धरती; रिक्टर स्केल पर इतनी रही तीव्रता

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप बुधवार दोपहर को महसूस किया गया। बताया जा रहा है कि इसका केंद्र नेपाल में था। राहत की बात है कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले, बुधवार दोपहर डेढ़ बजे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ से 143 किमी दूर जमीन के 10 किमी अंदर था। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। केंद्र ने बताया कि नेपाल के बाजुरा में बुधवार दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। हाल ही में नेपाल में 5.8 की तीव्रता का भूकंप आया था।

# जम्मू-कश्मीर में यदि स्थिति सामान्य है तो चुनाव कराए केंद्र: फारूक अब्दुल्ला

## राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर लोगों के साथ नौटंकी कर रही



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि अगर केंद्रशासित प्रदेश में स्थिति सामान्य होने का केंद्र का दावा सही है तो उसे जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराना चाहिए। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर लोगों के साथ नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा, वे (केंद्र) राज्य का दर्जा बहाल नहीं करना चाहते। यह सब हमें और दुनिया को गुमराह करने की नौटंकी है। वे यह नहीं देंगे। अब्दुल्ला ने कहा, सवाल उठता है कि भारत सरकार कह रही है कि जम्मू कश्मीर में स्थिति सामान्य है। सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगर चुनाव हर जगह कराए जा रहे हैं तो जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने उपराज्यपाल को हर चीज का मास्टर बना दिया है। उन्होंने कहा, यहां उपराज्यपाल को क्यों लगाया गया है और वह हर चीज के मास्टर बन गए हैं। संपत्ति कर लगाने जैसे नए कानून बनाने के लिए प्रशासन द्वारा नए आदेश जारी किए जाने के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि इससे अब लोगों को फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, वे आदेश पर आदेश जारी कर रहे हैं। यह अब हमें प्रभावित नहीं करता। गुलाम लोग क्या कर सकते हैं? हम मूकदर्शक हैं। अतिक्रमण रोधी अभियान रुकने के बारे में एक सवाल के जवाब में, अब्दुल्ला ने कहा, यह (अतिक्रमण रोधी अभियान) एक बहुत ही गलत कदम था। राष्ट्रीय राजनीति पर उन्होंने कहा कि भारत की स्थापना हिंदू राष्ट्र के रूप में नहीं हुई जैसी कि कुछ दक्षिणपंथी समूहों द्वारा मांग की जा रही है।

### 2024 में नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे

**वाराणसी।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद प्रमुख मौलाना सैयद अरशद मदनी के बयान पर पुरी पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अल्लाह शब्द संस्कृत का शब्द है। स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि अल्लाह शब्द मातृ वाचक और शक्तिवाचक शब्द है।

ओम तो परमात्मा का नाम है। बुधवार को वाराणसी में मीडिया से बातचीत में स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि धर्म पर सवाल उठाने वाले लोग संस्कृत व्याकरण का अध्ययन करें। हम सबके पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य ही थे। मीडिया से बातचीत में पुरी पीठ के शंकराचार्य ने बागेश्वर धाम का समर्थन किया।

रामचरितमानस से एक चौपाई हटाने की मांग पर शंकराचार्य ने कहा कि उन लोगों में हिम्मत है तो बाइबल और कुरान पर कटाक्ष करके दिखाएं। फिर क्या होता है, वह देखेंगे। रामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले लोग चाणक्य नीति का अध्ययन करें। एक सवाल के जवाब में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। क्योंकि वह देश को लूटने वाले और अपने घर को भरने वाले नहीं हैं।

# ऐसी मानसिकता बनाई जा रही है कि जो 'जन्म से मृत्यु' तक का ठेका ले वही कल्याणकारी सरकार : वरुण गांधी

## कहा मुफ्त की रेवड़ियों की पेशकश कर सार्वजनिक धन के व्यापक दुरुपयोग के बारे में संवाद की जरूरत है

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने बुधवार को कहा कि राजनीतिक दलों ने मुफ्त की रेवड़ियों की पेशकश की संस्कृति को बढ़ावा देकर जनमानस में एक ऐसी मानसिकता को प्रोत्साहित किया है कि जो सरकार जन्म से मृत्यु तक का उसका ठेका ले, वही कल्याणकारी सरकार है। शासन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अक्सर अपनी चिंता जताने वाले वरुण गांधी ने कहा कि मुफ्त की रेवड़ियों की पेशकश कर सार्वजनिक धन के व्यापक दुरुपयोग के बारे में संवाद की जरूरत है।

गांधी ने अपनी हालिया किताब द इंडियन मेट्रोपोलिस के बारे में चर्चा करते हुए कहा, ऐसे कई वादे पूरे नहीं होते हैं या आंशिक रूप से अधूरे रह जाते हैं। ऐसे वादे करना मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दल अब मुफ्त रेवड़ियां बांटने की पेशकश करते हैं और इसके



माध्यम से हकदारी की एक मानसिकता को प्रोत्साहित किया गया है। इससे जन्म से अंत तक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पैदा हो रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि हर योजना या घोषणापत्र का वादा मुफ्त नहीं है। उनके मुताबिक स्कूलों में छात्रों के लिए मुफ्त भोजन, जैसा कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए, यह देखते हुए कि यह हमारे बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने आगे कहा कि मुफ्त उपहारों के इस ढांचे में सुधार के लिए कई स्तर पर पहल की आवश्यकता होगी। उत्तर प्रदेश से तीन बार सांसद रहे गांधी ने सुझाव दिया, मुफ्त उपहारों की घोषणा करने वाली सरकारों (चाहे राज्य हो या केंद्र) को एक वित्त पोषण योजना प्रदान करने की आवश्यकता होनी चाहिए। संसद (और राज्य विधानसभा) बजटीय समझ को मजबूत करने और कार्य करने की उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए, नीतियों को तैयार करने और बजटीय विश्लेषण करने में सहायता के लिए एक बजटीय कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए। शहरों के सामने चुनौतियों के बारे में लिखी अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा करते हुए, गांधी ने कहा कि भारत के शहर अपने मास्टर प्लान में कई शहरी हरित स्थानों की आवश्यकता पर विचार करने में विफल रहे हैं। गांधी ने कहा, सरकारी स्तर पर, हम अपने शहरों में वनों और ग्रीन जोन के मूल्य और उनके अमूर्त लाभों के बारे में समझ के दिवालियेपन का सामना कर रहे हैं। अपनी बात के समर्थन में उन्होंने मुंबई का उदाहरण दिया और कहा कि 1964 और 1991 में शहर की विकास योजनाओं में 20 साल की अवधि के लिए भूमि उपयोग की योजना बनाने की बात की गई थी, लेकिन हरित स्थानों को कमजोर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि और अब हर साल, मुंबई के कुछ सबसे महंगे रियल एस्टेट क्षेत्र मानसून की बारिश की बाढ़ में डूब जाते हैं। उन्होंने सिंगापुर के एक उदाहरण का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को इस बात पर पुनर्विचार करने की जरूरत है कि वह अपने शहरों का प्रबंधन कैसे करता है ताकि शहरीकरण की प्रक्रिया को धरती के लिए बेहतर बनाने पर जोर दिया जाए।

# राउत से मिलने नासिक पहुंची ठाणे पुलिस की टीम

## जान को खतरा संबंधी आरोप पर जानकारी मांगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे से पुलिस के एक दल ने बुधवार को नासिक पहुंचकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत से मुलाकात की और उनसे इस आरोप के बारे में जानकारी हासिल की कि उन्हें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे से जान का खतरा है। राज्यसभा सदस्य राउत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को लिखे एक पत्र में जान के खतरे का आरोप लगाया था, जिसकी प्रतियां उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और ठाणे शहर की पुलिस को भी भेजी गई थीं। राउत ने अपने पत्र में कहा, लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे ने मुझे मारने के लिए ठाणे के एक अपराधी राजा ठाकुर को सुपारी दी है। मुझे इस बारे में पुख्ता जानकारी मिली है। मैं आपको एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सूचित कर रहा हूं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ठाणे पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम आज सुबह नासिक पहुंची और जांच के सिलसिले



में शिवसेना नेता राउत से मिली। उन्होंने कहा कि पुलिस राउत से जान को खतरे संबंधी आरोप के बारे में जानकारी ले रही है।

अधिकारी ने कहा कि राउत ने ठाणे पुलिस आयुक्त को यह पत्र सौंपा था,जिसके बाद अपराध शाखा ने उनके आरोपों को लेकर जांच शुरू की। मुख्यमंत्री शिंदे का बेटा श्रीकांत शिंदे कल्याण सीट से लोकसभा सांसद है। मुख्यमंत्री शिंदे ने शुक्रवार को राउत के आरोपों को लेकर जांच का भरोसा दिया, लेकिन साथ ही कहा कि पुलिस यह भी पड़ताल करेगी कि शिकायत तथ्यों पर आधारित है या यह महज एक प्रचार का शिगूफा है।

# जयशंकर अपनी टिप्पणी से सैनिकों का हौसला तोड़ा, सबसे विफल विदेश मंत्री: कांग्रेस

## जयशंकर ने भले ही राहुल गांधी का अपमान करने का प्रयास किया, लेकिन असल में उन्होंने अपमान भारतीय सेना और भारत की भूभागीय अखंडता का किया है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा चीन को लेकर की एक टिप्पणी का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि उन्होंने देश की सेना का हौसला तोड़ा है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि जयशंकर आजाद भारत के सबसे विफल विदेश मंत्री हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक साक्षात्कार में चीन को लेकर जो बोला है वो चिंताजनक है। जयशंकर ने भले ही राहुल गांधी का अपमान करने का प्रयास किया, लेकिन असल में उन्होंने अपमान भारतीय सेना और भारत की भूभागीय अखंडता का किया है। सुप्रिया ने दावा किया, गलवान में हमारे 20 जवानों की शहादत हुई है, लेकिन हमारे देश के विदेश मंत्री कह रहे हैं कि हम छोटी अर्थव्यवस्था हैं इसलिए चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था पर हमला नहीं कर



सकते। उन्होंने आरोप लगाया, विदेश मंत्री ने देश के उन सैनिकों का हौसला तोड़ने का काम किया है जो हर मौसम और परिस्थिति में बहुत रहकर देश की भूभागीय अखंडता की रक्षा करते हैं। यह चीन पर किसी मंत्री का सबसे विवादित बयान है। सुप्रिया ने कहा, विदेश मंत्री दंभ भर रहे हैं कि वह चीन में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय राजदूत हैं। लेकिन वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन का नाम नहीं लेते। उन्होंने सवाल किया, विदेश मंत्री चीनी अतिक्रमण पर क्या कहेंगे? अप्रैल 2020 वाली यथास्थिति बहाल करने के बारे में क्या कहेंगे? ये स्थान बफर जोन क्यों बन गए जहां भारत के जवान पहले गश्त लगाते थे? क्या प्रधानमंत्री को आपने यह बोलने की सलाह दी कि कोई घुसा हुआ नहीं है? चीन सीमा पर पुल और रेलवे का जाल बिछा रहा है, इससे होने वाले खतरे पर आप चुप क्यों हैं? कांग्रेस प्रवक्ता ने कटाक्ष करते हुए यह भी पूछा, क्या जयशंकर जी चीन को लेकर स्टॉकहोम सिंड्रोम (बुरा करने वाले से ही लगाव होने की मनोदशा) के शिकार हैं? जयशंकर ने आरोप लगाया कि वह इस देश के सबसे विफल विदेश मंत्री हैं। सुप्रिया ने कहा, भारत में ढाई साल से अमेरिका का कोई राजदूत नहीं है। 2.25 लाख भारतीय नागरिकों ने पिछले साल भारत की नागरिकता छोड़ दी। हमारे पासपोर्ट की रैंकिंग गिर गई। यह सब किसकी विफलता है? उन्होंने दावा किया, सरकार हर चीज में विदेशी साजिश की बात करने लगती है।

# नेहा सिंह राठौर: यूपी में का बा पर पुलिस का नोटिस

## वीडियो के जरिए जनता के बीच नफरत फैलाने का आरोप



**नई दिल्ली।** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर विवादों में घिर गई हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने 'यूपी में का बा' फेम नेहा को अपने वीडियो के जरिए जनता के बीच नफरत फैलाने के आरोप में नोटिस दिया है। इस मामले पर सियासत भी शुरू हो गई है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 'यूपी में झूठे केसों की बहार बा'।

कौन हैं नेहा सिंह राठौर? नेहा को जिस वीडियो की वजह से नोटिस मिला उसमें क्या है? नोटिस पर नेहा ने क्या प्रतिक्रिया दी? पहले कब चर्चा में रहीं हैं नेहा? राजनीतिक दलों की ओर से नोटिस पर क्या कहा गया? आइये जानते हैं।

नेहा सिंह राठौर की ख्याति एक भोजपुरी गायिका के रूप में है। उनका जन्म बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ में जलदहां गांव में हुआ था। नेहा ग्रेजुएट हैं, उन्होंने कानपुर से अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने बिहार व यूपी के विधानसभा चुनाव में अपने गानों के जरिए शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े किए थे। चुनाव के दौरान नेहा के गीत बिहार में का बा व यूपी में का बा खूब सुर्खियों में रहा। पिछले साल जून में उन्होंने यूपी के अंबेडकरनगर जिले के भीटी तहसील क्षेत्र निवासी हिमांशु सिंह के साथ शादी कर ली।

# आर्थिक संकट: कंगाल पाक को मिला चीन का साथ, वित्त मंत्री डार का दावा- 700 करोड़ डॉलर के कर्ज को मिली मंजूरी

## एनएसी ने की कटौती करने के कदम की सिफारिश

**कराची।** पाकिस्तान इस समय अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। आयात किया हुआ सामान बंदरगाहों पर अटका हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तीन अरब अमेरिकी डॉलर से भी कम धन बचा है। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेश मंत्रालय को निर्देश जारी किए हैं कि वह विदेश में अपने मिशनों, कार्यालयों और कर्मचारियों की संख्या कम करे और खर्च में 15 फीसदी की कटौती के लिए कदम उठाए। वहीं दूसरी ओर, वित्त मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि उनके सदाबहार दोस्त चीन की ओर से 700 करोड़ डॉलर के कर्ज को मंजूरी दी गई है। देश के एक प्रमुख समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री



कार्यालय (पीएमओ) की ओर से मंगलवार को 'रैशनेलाइजेशन ऑफ फॉरिन मिशन अब्रोड' नाम के शीर्षक के साथ निर्देश जारी किए गए। इसमें दो सप्ताह के भीतर इस मामले में एक सुविचारित प्रस्ताव या योजना बनाने की बात कही गई है। राष्ट्रीय मितव्ययिता समिति (एनएसी) ने विदेश में मिशनों में कटौती करने के कदम की सिफारिश की है। इस समिति का गठन प्रधानमंत्री शरीफ ने मौजूदा वित्तीय संकट के मद्देनजर देश के लिए मितव्ययिता उपायों का सुझाव देने के लिए किया था। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि विदेशों में पाकिस्तानी मिशनों पर होने वाले खर्च में 15 फीसदी की कटौती की जाए। एनएसी ने विदेशी मिशनों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या में कमी करने के उपायों की भी सिफारिश की है। 10 फरवरी तक पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक (एसबीपी) के पास भंडार में केवल 3.2 बिलियन अमेरिकी डालर थे, जो केवल तीन सप्ताह के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त थे। पाकिस्तान में भुगतान संतुलन की पुरानी समस्या है जो पिछले साल से बढ़ गई, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार महत्वपूर्ण स्तर तक गिर गया। शहबाज सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के बीच नौ राउंड की बैठक हो चुकी है। लेकिन बेलआउट पैकेज पर कोई सहमति नहीं बन सकी है। इसे देश को डिफॉल्ट होने से रोकने के लिए जरूरी माना जा रहा है। डॉलर की निकासी को रोकने के लिए, सरकार ने प्रतिबंध लगाए हैं। केवल जरूरी खाद्य पदार्थों और दवाओं के आयात की अनुमति दी है। संघीय सरकार जनता पर टैक्स में वृद्धि करके सरकारी खर्चों को कम करने के लिए अपने खर्चे में कटौती करने के उपायों को लागू करने के लिए तैयार है।


### कर्नाटक: लड़कियों ने हिजाब में परीक्षा देने की अनुमति के लिए किया एससी का रुख

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक के सरकारी स्कूलों में लड़कियों को हिजाब पहनकर परीक्षा में बैठने की अनुमति देने संबंधी याचिका पर वह विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ को बताया गया कि हिजाब पर प्रतिबंध के मुद्दे पर शीर्ष अदालत के खंडित फैसले के बाद, लड़कियों को हिजाब में नौ मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वकील शादान फरासत ने कहा, वे हिजाब पहनती हैं। यदि वे हिजाब पहने होती हैं तो उन्हें परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति नहीं है। केवल उस सीमित पहलू पर, अदालत इसे सोमवार या शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकती है। फरासत ने पीठ को बताया कि हिजाब पहनने पर प्रतिबंध के कारण कुछ लड़कियां निजी संस्थानों में चली गई हैं।



शिलांग में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि मैंने संसद में भाषण दिया था और पीएम से कुछ सीधे सवाल पूछे थे। मैंने पीएम से अडानी के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा। मैंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें पीएम मोदी, अडानी के साथ उनके विमान में बैठे हैं। पीएम मोदी ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने मुझसे एक प्रश्न पूछा और कहा कि मेरा नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं? उन्होंने पूरी चर्चा को टाल दिया। आपने देखा कि पीएम मोदी जब भाषण देते हैं तो पूरे टीवी पर छा जाते हैं। लेकिन मेरा भाषण कहीं नजर नहीं आया और इसका कारण यह है कि इस देश की मीडिया को 2-3 बड़े उद्योगपतियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है जिनके संबंध पीएम मोदी से हैं।


**सेंसेक्स**
927.74 अंक का गोता लगाकर नीचे 59744.98 अंक पर


**सोना**
56,189 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुदरा बिक्री कर रहा



# शेयर बाजार डेढ़ फीसदी से अधिक लुढ़ककर तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

## सेंसेक्स 927.74 अंक का गोता लगाकर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59744.98 अंक पर



**मुंबई।** दुनिया के केंद्रीय बैंकों के आगे भी ब्याज दर में बढ़ोतरी करने की आशंका से वैश्विक बाजार के करीब एक माह के निचले स्तर तक गिरने से हतोत्साहित निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार डेढ़ प्रतिशत से अधिक लुढ़ककर तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 927.74 अंक यानी 1.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59744.98 अंक पर आ गया। इससे पहले 01 फरवरी को यह 59708.08 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 272.40 अंक अर्थात 1.53 प्रतिशत लुढ़ककर 17554.30 अंक पर रहा। बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी भारी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.16 प्रतिशत उतरकर 24,318.49 अंक और स्मॉलकैप 1.09 प्रतिशत टूटकर 27,610.32 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3606 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2525 में बिकवाली जबकि 949 में लिवाली हुई वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 47 कंपनियां गिरावट जबकि दो में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। इस दौरान बीएसई के सभी 20 समूह बिकवाली का शिकार हुए। कमोडिटीज 2.15, सीडी 1.21, ऊर्जा 1.53, एफएमसीजी 0.40, वित्तीय सेवाएं 1.71, हेल्थकेयर 0.45, इंडस्ट्रियल्स 1.31, आईटी 1.14, दूरसंचार 0.95, यूटिलिटीज 2.26, ऑटो 1.13, बैंकिंग 1.62, कैपिटल गुड्स 1.21, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, धातु 1.65, तेल एवं गैस 1.20, पावर 2.09, रियल्टी 1.80, टेक 1.11 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.64 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.91, जर्मनी का डैक्स 0.55, जापान का निक्केई 1.34, हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत कमजोर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयर नुकसान में थे। वहीं मारुति और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में थे। अन्य एशियाई बाजार भी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

***रुपया चार पैसे टूटा***

स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया चार पैसे टूटकर 82.83 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि विदेशी कोषों के प्रवाह तथा अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से रुपये का नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.79 प्रति डॉलर पर स्थिर खुला। बाद में यह 82.83 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में चार पैसे की गिरावट है। पिछले कारोबारी सत्र में मंगलवार को रुपया 82.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत के नुकसान से 104.01 पर आ गया।

## नौकरी चुनते वक्त वेतन को सबसे ज्यादा तवज्जो देते हैं 60 प्रतिशत लोग: सर्वे



**नई दिल्ली।** अपने लिए नौकरी का चयन करते वक्त लोगों के लिए सबसे अहम कारक वेतन होता है। एक सर्वे में शामिल प्रतिभागियों में से 60 प्रतिशत ने यह कहा है। इसके अलावा कंपनी के प्रबंधन में भरोसा भी इस लिहाज से एक महत्वपूर्ण मापदंड बन गया है। संपत्ति सलाहकार सीबीआरई इंडिया ने 'भविष्य की आवाज: भविष्य में लोग कैसे रहेंगे, किस तरह काम और खरीदारी करेंगे' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। यह सर्वे 1,500 से अधिक लोगों पर किया गया है जिसमें करीब 70 प्रतिशत ने कहा कि वे कम से कम तीन दिन कार्यालय आकर काम करना चाहते हैं। सीबीआरई ने कहा, विभिन्न आयुवर्ग के 60 प्रतिशत से अधिक भावी कर्मियों (कार्यालय और हाइब्रिड दोनों तरह से काम करने वाले) ने कहा कि नौकरी का चयन करते वक्त वेतन सबसे अहम कारक बना हुआ है। वहीं आमने-सामने का संवाद सीमित होने की वजह से कंपनी के प्रबंधन में भरोसा भी दोनों प्रकार के कर्मियों के लिए एक अन्य महत्वपूण कारक के रूप में सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यस्थल पर सुरक्षा के बेहतर उपाय और सुविधाओं को 80 प्रतिशत प्रतिभागियों ने सबसे ज्यादा प्रेरणादायी पहलू बताया जिससे वे नियमित रूप से कार्यालय आने को प्रेरित होते हैं। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, सर्वे बताता है कि ज्यादातर लोग कार्यालय में नियमित आने पर जब विचार करते हैं तो कार्यस्थल की गुणवत्ता और काम करने के निजी स्थान को तवज्जो देते हैं जबकि इस मामले में महामारी के बाद से स्वास्थ्य उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक हो गया है। सर्वे में पाया गया कि हाइब्रिड कामकाज (कभी कार्यालय आकर तो कभी घर से काम करना) को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया है।

## दुनिया में महंगाई घटी, भारत में बढ़ी:मूंगफली तेल, कॉटन दुनिया में 24% तक सस्ते, पर भारत में 13% से ज्यादा महंगे हुए

**मुंबई।** इस साल देश में जनवरी में गैस, खाद, कॉफी-चाय, कॉटन और खाद्य तेल जैसे करीब 10 वस्तुओं के दाम दोगुने तक हो गए। इसके उलट अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ये 48% तक सस्ते हुए। बीते माह देश में रिटेल महंगाई दर एक बार फिर 6.5% तक पहुंचने की एक वजह ये भी रही। बीते साल नवंबर और दिसंबर में महंगाई दर 6% से नीचे आ गई थी। वैश्विक बाजार में बीते माह यूरिया के भाव सबसे ज्यादा 47.6% घटे, लेकिन भारतीय बाजार में इसकी थोक महंगाई दर 5.2% रही।

प्राकृतिक गैस के मामले में सबसे ज्यादा अंतर देखा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जहां इसकी कीमत में 28.6% गिरावट आई, वहीं घरेलू बाजार में दाम 95% से ज्यादा बढ़ गए। कॉटन के भाव भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 24.1% घटने के मुकाबले घरेलू बाजार में 8.6% बढ़े हैं।

ओरिगो कमोडिटीज इंडिया के सीनियर मैनेजर (कॉरपोरेट रिसर्च) इंद्रजीत पॉल ने कहा कि इस साल कॉटन की आवक करीब 40% कम है।

## एशियन डेवलपमेंट बैंक के अध्यक्ष पीएम मोदी से मिले विकास के लिए 25 अरब डॉलर के मदद की पेशकश

### असकावा ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर पीएम मोदी को बधाई दी



**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासत्सुगु असकावा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान भारत की विभिन्न विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। मोदी के साथ बैठक के बाद एडीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अध्यक्ष असकावा ने तेज, समावेशी और हरित विकास के लिए देश की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में 20 से 25 अरब डॉलर की सहायता प्रदान करने की इच्छा जाहिर की है। पीएम मोदी और एडीबी के असकावा ने भारत के बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास और जलवायु कार्यों के लिए बैंक के समर्थन सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। असकावा ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर पीएम मोदी को बधाई दी और जी-20 एजेंडे के लिए बैंक के समर्थन की फिर से पुष्टि की। असकावा ने विज्ञप्ति में कहा, "भारत और एडीबी के बीच लंबी और मूल्यवान साझेदारी रही है और हम क्षेत्र की जटिल विकास चुनौतियों से निपटने के लिए इसे बढ़ाने के लिए आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, एडीबी भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं के लिए बहुमुखी समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें पीएम की गति शक्ति योजना के (मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान) पहल के तहत महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना, भविष्य के शहरों का निर्माण, घरेलू संसाधनों को जुटाना और वंचित जिलों में बुनियादी सेवाओं को मजबूत करना शामिल है। इसके अलावा, एडीबी ने कहा कि यह परिवहन के डीकाबोर्नाइजेशन और स्वच्छ ऊर्जा संचरण का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। कोरोना महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने और महामारी के बाद त्वरित सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए असकावा ने कहा कि महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद भारत वित्त वर्ष 2022-23 में अपेक्षित सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एडीबी के अध्यक्ष ने पीएम मोदी से मिलने के अलावा उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। एडीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि असकावा एडीबी की ओर से वित्त पोषित दिल्ली-मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम निवेश परियोजना का दौरा करेंगे और फरवरी 2024 या 2025 में होने वाली जी-25 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में भाग लेने के लिए बेंगलुरु जाएंगे।

## वोल्वो कार ने माइल्ड हाइब्रिड मॉडलों की कीमत दो प्रतिशत तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** वोल्वो कार इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपने माइल्ड-हाइब्रिड मॉडलों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने कहा कि बजट में की गई शुल्क वृद्धि के प्रभाव को समाहित करने के लिए यह फैसला किया गया। वोल्वो इंडिया ने बयान में कहा कि एक्ससी40, एक्ससी60, एस90 और एक्ससी90 के माइल्ड-हाइब्रिड संस्करणों की कीमतों में 1-2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। कीमत बढ़ने के बाद एक्ससी40 बी4 माइल्ड-हाइब्रिड की शो-रूम कीमत 46.4 लाख रुपये होगी। इसी तरह एक्ससी 60 बी5 माइल्ड-हाइब्रिड की कीमत 67.5 लाख रुपये, एस90 बी5 माइल्ड-हाइब्रिड की कीमत 67.9 लाख रुपये और एक्ससी90 बी6 माइल्ड हाइब्रिड की कीमत बढ़कर 98.5 लाख रुपये हो गई है। वोल्वो कार इंडिया की प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने कहा, हाल के बजट में घोषित सीमा शुल्क में बदलाव से हमारे पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड मॉडल की लागत में वृद्धि हुई है।

## सोना चांदी खरीदने वालों के लिए खुशखबरी, लगातार टूट रहे हैं भाव



**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बुधवार, 22 फरवरी को लगातार तीसरे दिन सोना और चांदी, दोनों निचले स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। बुधवार को सोने और चांदी में गिरावट का रुख है। 5 अप्रैल, 2023 को परिपक्व होने वाला सोना वायदा एमसीएक्स पर 56,189 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुदरा बिक्री कर रहा था। इसमें 0.10 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। तीन मार्च 2023 को परिपक्व होने वाली चांदी की वायदा कीमत एमसीएक्स पर 202 रुपये या 0.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करने के बाद 65,967 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। गौरतलब है कि 21 फरवरी को बाजार बंद होने पर सोने और चांदी की कीमतें क्रमशः 56,168 रुपये प्रति 10 ग्राम और 66,052 रुपये प्रति किलोग्राम थीं। भारत में सोने और चांदी की कीमतें डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य सहित कई अन्य चीजों पर निर्भर करती हैं। कीमती धातुओं की दर के निर्धारण में वैश्विक मांग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## आईआईएम सिरमौर ने महान अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेंट मे रिकॉर्ड बनाए

**नई दिल्ली।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) सिरमौर ने एफएमसीजी, बीएफएसआई, मैन्युफैक्चरिंग, कंसल्टिंग, एड-टेक, एचआर, जैसे क्षेत्रों में 100 प्लस कंपनियों से 250 से अधिक ऑफर प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ एक उल्लेखनीय प्लेसमेंट सीजन दर्ज किया। पर्यटन, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स आदि। इसके अलावा, आईआईएम सिरमौर के 16 छात्रों को प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों और एफएमसीजी कंपनियों से उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय नौकरी के प्रस्ताव मिले। अब तक दिया गया उच्चतम मुआवजा 64 लाख रुपये है। निदेशक-आईआईएम सिरमौर, डॉ. प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने कहा, संस्थान ने पैकेज और विविधता दोनों के मामले में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट आंकड़ों में उल्लेखनीय प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। हमें खुशी है कि एक बार फिर देश की शीर्ष कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने वापसी की है। हमारे छात्रों में उनका विश्वास।

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर आइएमएफ की एमडी ने कही ये बात, कहा- वैश्विक वृद्धि में 15% योगदान देगा देश




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि भारत अकेले 2023 में वैश्विक वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण ने दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को कोरोना महामारी के निचले स्तर से बाहर निकाला है। विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति और अगले साल के बजट में पूंजी निवेश के लिए महत्वपूर्ण वित्तपोषण का प्रावधान विकास की गति को बनाए रखने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, 'भारत का प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा है। इस साल के लिए हम उम्मीद करते हैं कि भारत मार्च में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशतद का उच्च विकास दर हासिल कर लेगा। यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे समय में एक आकर्षक स्थान बना हुआ है जबकि आईएमएफ को 2023 एक मुश्किलों भरा साल लग रहा है। इस वर्ष वैश्विक विकास दर पिछले साल के 3.4 प्रतिशत से 2.9 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, 'भारत एक चमकता सितारा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि इस देश ने डिजिटलीकरण की दिशा में वास्तव में अच्छा काम किया है। भारत पहले से ही महामारी के प्रभाव पर काबू पाने और विकास व नौकरियों के अवसर पैदा करने के एक प्रमुख चालक के रूप में काफी अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है।

## निसान एक्स-ट्रेल को विमेन्स वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर 2023 ने दिया सर्वश्रेष्ठ लार्ज एसयूवी 2023 का खिताब



**नयी दिल्ली।** विमेन्स वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर 2023 की जूरी ने निसान एक्स-ट्रेल के तेरहवें एडिशन को बैस्ट लार्ज एसयूवी 2023 के खिताब से सम्मानित किया है। विमेन्स वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर ने, जो कि अपनी तरह का इकलौता इंटरनेशनन अवार्ड है जिसे महिला ऑटोमोटिव जर्नलिस्टों द्वारा दिया जाता है, एक्स-ट्रेल को स्पेशियसनैस, सहज ड्राइविंग तथा इलैक्ट्रिफाइड पावरट्रेन, ई-पावर जैसी खूबियों के लिए काफी पसंद किया है। मकोटो उचिडा, सीईओ, निसान ने कहा, हमें खुशी है कि विमेन्स वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर की जूरी ने निसान एक्स-ट्रेल को सर्वश्रेष्ठ लार्ज एसयूवी के तौर पर पुरस्कृत किया है। एक्स-ट्रेल हमारा फैमिली एसयूवी आइकॅन है, जो पिछले करीब 20 वर्षों से लगातार अपनी धाक बनाए हुए है। इसने अपनी मूल पहचान को बरकरार रखते हुए अपने शानदार एसयूवी लुक्स, एडवांस और एफिशिएंट ऑल-व्हील ड्राइव पावरट्रेन्स तथा व्यावहारिकता के धरातल पर लचीलेपन जैसी खूबियों को बनाए रखा है जो मिलकर इसे फैमिली एडवेंचर्स के लिहाज से बेहतरीन बनाती हैं। हमने इसकी डिजाइन और डेवलपमेंट प्रक्रिया के दौरान अपनी महिला ग्राहकों के सुझावों को हमेशा ध्यान में रखा, और यही वजह है कि हमें इस बात का गर्व है कि दुनियाभर की प्रतिष्ठित महिला ऑटोमोटिव जर्नलिस्टों की जूरी ने एक्स-ट्रेल की विशिष्टताओं को पहचाना और इन्हें सम्मान के लायक घोषित किया है।"नई एक्स-ट्रेल पांच या सात सीटर के तौर पर उपलब्ध है, और यह बड़े परिवार या दोस्त मंडली के लिए सुविधाजनक विकल्प साबित होती है। इलैक्ट्रिफाइड सेवन-सीटर एसयूवी के रूप में, नई एक्स-ट्रेल अपने वर्ग में अनूठी पेशकश है। इ-पावर निसान का इनोवेटिव ड्राइव सिस्टम है जो बिना रीचार्ज के ईवी-ड्राइव का अहसास देता है। नई एक्स -ट्रेल के ई-पावर सिस्टम में हाइ-हाउटपुट बैटरी और पावरट्रेन का मेल वेरिएबल कम्प्रेशन रेशियो पेट्रोल इंजन, पावर जेनरेटर, इन्वर्टर और 150केडब्ल्यू फ्रंट इलैक्ट्रिक मोटर के साथ कराया गया है। इसके अनूठे पावरट्रेन के चलते व्हील्स को इलैक्ट्रिक मोटर से ही पावर मिलती है जो एक्सलरेटर के दबाव के साथ ही तत्काललीनियर रिस्पॉन्स में बदलती है। एक्स-ट्रेल ने निसान के दुनियाभर में सबसे सफल वाहनों के तौर पर अपनी पहचान बनायी है, जो 100 से अधिक मार्केट्स में उपलब्ध है और पिछले 20 वर्षों से भी अधिक समय से फैमिली एडवेंचर्स का पर्याय बन चुकी है। चौथी पीढ़ी की एक्स-ट्रेल में उन तमाम खूबियों को जोड़ा गया है जो एक्स-ट्रेल की पिछली पीढ़ियों में शामिल रही हैं।

## टाटा मोटर्स और उबर ने एक्सप्रेस-टी ईवी के लिये एक एमओयू किया



**मुंबई।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल निमार्ता और देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास में अग्रणी, टाटा मोटर्स ने आज भारत के प्रमुख राइडशेयरिंग ऐप उबर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इस एमओयू के तहत उबर की प्रीमियर कैटेगरी सर्विस में 25,000 एक्सप्रेस-टी ईवी को शामिल किया जाएगा। स्वच्छ और हरे-भरे पर्यावरण के अपने लक्ष्य के अनुरूप, टाटा मोटर्स दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में उबर की सेवाओं का विद्युतीकरण करने में सहायक होगी। कंपनी इसी महीने से उबर के फ्लीट पार्टनर्स को कारों की चरणबद्ध तरीके से आपूर्ति शुरू करेगी। इस एमओयू पर हस्ताक्षर के वक्त टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एमडी श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, देश में स्थायी यातायात को बढ़ाने के लिये हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप, हमें भारत के प्रमुख राइडशेयरिंग प्लेटफॉर्म उबर के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है। उबर की प्रीमियम कैटेगरी सर्विस के माध्यम से ग्राहकों हमारे पर्यावरण के अनुकूल ईवी परिवहन के अनुभवों की पेशकश करने से निजी यात्रा की हरित और स्वच्छ शेयरिंग को अपनाने में तेजी आएगी। एक्सप्रेस-टी ईवी ग्राहकों और ऑपरेटर्स के लिये काफी आकर्षक विकल्प है। ज्यादा सुरक्षा और केबिन के भीतर शांत तथा प्रीमियम अनुभव ग्राहकों को यात्रा में आराम देता है, जबकि फास्ट चार्जिंग सॉल्यूशन, ड्राइविंग में आराम और ईवी का कम खचीर्ला होना इसे हमारे फ्लीट पार्टनर्स के लिये व्यवसाय का एक आकर्षक प्रस्ताव बनाता है। यह भागीदारी फ्लीट सेगमेंट के बाजार में हमारी स्थिति को और भी मजबूत करेगी। उबर इंडिया एण्ड साउथ एशिया के प्रेसिडेंट प्रभजीत सिंह ने कहा, उबर भारत में स्थायी और साझा परिवहन लाने के लिये प्रतिबद्ध है और टाटा मोटर्स के साथ यह साझेदारी इस सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत में एक ऑटोमेकर और एक राइडशेयरिंग प?लेटफॉर्म के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे बड़ी साझेदारी है। यह उबर प्लेटफॉर्म पर शून्य उत्सर्जन की ओर तेज गति प्रदान करेगी, जब हम एक स्थायी भविष्य निर्मित करने की दिशा में काम करेंगे। हम बदलाव का नेतृत्व कर रहे उद्योग भागीदारों के साथ काम करते हुए इलेक्ट्रिक को अपनाने की बाधाएं कम करने में अपनी भूमिका निभाने के लिये प्रतिबद्ध है।

## संक्षेप

### इलेक्रामा 2023 की शानदार शुरूआत, एक हजार निमार्ताओं ने वैश्विक नवाचारों का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** आईईईएमए द्वारा आयोजित दुनिया का सबसे बड़ा विद्युत शो है। ग्रेटर नोएडा में इसकी शुरूआत भव्य उद्घाटन के साथ हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके सिंह, केंद्रीय मंत्री राज्य (आईसी) बिजली, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, जेमू सोडा, ऊर्जा और विद्युत विकास मंत्री, जिम्बाब्वे, सतीश पई, प्रबंध निदेशक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्नाइडर इलेक्ट्रिक के वैश्विक सीईओ जीन पास्कल ट्रिकोइरे, आईईईएमए के अध्यक्ष रोहित पाठक के साथ जितेंद्र के अग्रवाल, अध्यक्ष, इलेक्रामा 2023, हमजा असीर्वाला, अध्यक्ष-चुनाव, आईईईएमए- सुनील सिंघवी, उपाध्यक्ष, आईईईएमए-चारु माथुर, महानिदेशक, आईईईएमए और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। आरके सिंह, केंद्रीय ऊर्जा और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा- मैं इलेक्रामा 2023-इलेक्ट्रिकल, औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स और संबद्ध उद्योग की विश्व स्तरीय प्रदर्शनी के 15वें संस्करण - को स्टार-स्टड के साथ शुरू करने पर आईईईएमए को बधाई देता हूं। पिछले 5 वर्षों में हमने अपने उद्योग में बड़े परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं। हम जलवायु के अनुकूल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम अपने प्रधान मंत्री के स्वस्थ ग्रह को सुनिश्चित करने के विश्वास के साथ आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे खुशी है कि इलेक्रामा 2023 का फोकस ऊर्जा परिवर्तन और भविष्य की तकनीक पर है, जो भारत सरकार के 'भारत के लिए दृष्टिकोण - 2047 के अनुरूप है। हम 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखते हैं। और हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं।। देश की ऊर्जा आवश्यकता में बिजली का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। उद्योग की यात्रा और विकास को देखकर मुझे गर्व है।

### बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड, मेक इन इंडिया को दे रही बढ़ावा

**नई दिल्ली।** कृषि के लिए अपने रासायनिक उत्पादों की श्रंखला का विस्तार करते हुए, भारत की अग्रणी कृषि रसायन निमार्ता कंपनी, बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) ने अपने महत्वपूर्ण उत्पादों सिटीजन और विस्तारा के साथ छह नए उत्पादों - एमिटो, प्रोमो, प्रोपिक, घोटू, डोडी और हेडशॉट लॉन्च को लॉन्च किया।ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के 200 से अधिक वितरकों ने भाग लिया। बीएएल ने यहाँ पेश किये गए अपने उत्पादों के फायदों के बारे में जानकारी को साझा किया और लोगों को बयाता की किस तरह ये उत्पाद भारतीय कृषि क्षेत्र में उत्पादकता में कैसे कुशलतापूर्वक वृद्धि कर सकते हैं।विमल अलावाधी, प्रबंध निदेशक, बीएएल ने कहा यह वास्तव में हमारे लिए एक मील का पत्थर है, बेस्ट एग्रोलाइफ हमारे प्रधान मंत्री के मेक इन इंडिया अभियान में दृढ़ता से विश्वास करता है और कृषि उपज और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए इसमें अपना सक्रिय योगदान दे रहा है। हमारा मानना है कि हम केवल तभी बढ़ सकते हैं जब हम अपनी प्रगति को अपने उद्योग से जुड़े सभी लोगों के साथ साझा करें। हम विभिन्न क्षेत्रों के डीलरों की इतनी जबरदस्त भागीदारी देखकर बहुत खुशी हुई। हमारे सभी लॉन्च किए गए उत्पाद अत्यधिक प्रभावी और किफायती फसल समाधान पेश करते हैं और यह हमारे कृषि क्षेत्र के लिए वरदान हैं। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के अलावा, यह वितरकों और डीलरों को एक मार्केटिंग एज भी प्रदान करेंगे।

### राजेश राय ने संभाला आईटीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक का पद

**बेंगलुरु।** राजेश राय ने दूरसंचार कंपनी आईटीआई लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाल लिया है। यह कंपनी आजाद भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की पहली उपक्रम है और इसका मुख्यालय बेंगलुरु में है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि राय दूरसंचार क्षेत्र में लंबे समय से हैं और उन्हें इस उद्योग का 30 साल से भी अधिक समय का अनुभव है। इसमें बताया गया कि इससे पहले राय महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मुंबई में महाप्रबंधक थे। वह 12 वर्ष तक मॉरीशस में महानगर टेलीफोन मॉरीशस लिमिटेड (एमटीएमएल) में मुख्य तकनीकी अधिकारी भी रह चुके हैं। कंपनी की ओर से जारी बयान में राय के हवाले से कहा गया, मेरा ध्यान उत्पादन बढ़ाने, कंपनी का राजस्व बढ़ाने पर और काम के लिहाज से इसे कर्मचारियों के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक बनाने पर होगा।

### कीमतों में कमी लाने के लिए खुले बाजार में 20 लाख टन अतिरिक्त गेहूं बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गेहूं और आटे की कीमतों में कमी लाने के लिए खुले बाजार में 20 लाख टन गेहूं अतिरिक्त बेचने का फैसला किया है। केंद्र ने 25 जनवरी को गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में तेजी पर काबू पाने के लिए अपने बफर स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं खुले बाजार में बेचने की घोषणा की थी। मंगलवार को जारी एक सरकारी बयान के अनुसार, सरकार ने फैसला किया है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 20 लाख टन अतिरिक्त गेहूं खुले बाजार में लायेगा। यह स्टॉक ई-नीलामी के माध्यम से आटा मिलों/निजी व्यापारियों/थोक खरीदारों/गेहूं उत्पादों के निमार्ताओं को बेचने के लिए होगा। सूत्रों ने कहा कि गेहूं के स्टॉक को खुले बाजार में बेचने का प्रस्ताव मंत्रियों के एक समूह ने लिया था। बयान में कहा गया है, अब तक 50 लाख टन (30+20 लाख टन) गेहूं को ओएमएसएस के तहत बेचने का फैसला किया गया है। 20 लाख टन गेहूं की अतिरिक्त बिक्री के साथ आरक्षित मूल्य में कमी करने जैसे फैसले से उपभोक्ताओं के लिए गेहूं और गेहूं के उत्पादों के बाजार मूल्य में कमी लाने में मदद मिलेगी।

### विप्रो ने फ्रेशर्स की सैलरी 50% घटाई: 6.5 लाख से घटाकर 3.5 लाख रुपए किया सालाना पैकेज, कर्मचारी यूनियन कर रहा विरोध

**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी विप्रो ने फ्रेशर्स की सैलरी में 50% तक कटौती की है। विप्रो ने हाल में जिन उम्मीदवारों को 6.5 लाख रुपए सालाना सैलरी की पेशकश की थी, अब इसे घटाकर 3.5 लाख कर दिया है। ये कटौती उन फ्रेशर्स की सैलरी में की गई है जिन्होंने 2023 में कंपनी के वेलोसिटी ग्रेजुएट प्रोग्राम का पास किया था। ये फ्रेशर्स नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। पहले ज्यादा वेतन का वादा करने के बाद अब कंपनी ने चुने हुए केंडिडेट्स को एक ईमेल भेजा है। इसमें फ्रेशर्स को आर्थिक कारणों से कम वेतन के लिए समझौता करने के लिए कहा गया है। दूसरी ओर आईटी कर्मचारियों की यूनियन एनआइटीइएस ने इस कदम को 'अन्यायपूर्ण' बताया है। उन्होंने आईटी कंपनी से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने को कहा है। इससे पिहले पिछले महीने खबर आई थी कि विप्रो ने इंटरनल टेस्ट में फेल होने वाले 800 फ्रेशर्स को निकाला था। हालांकि, कंपनी का कहना है कि उसने 452 कर्मचारियों को टर्मिनेट किया है। पिछले दिनों खबर आई थी कि इंफोसिस ने इंटरनल टेस्ट में फेल होने पर 600 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। रिपोट्र्स के अनुसार पिछले एफए टेस्ट में फेल होने के बाद इन्हें नौकरी से निकाला गया है। हालांकि, अब तक कंपनी की तरफ से इसको लेकर कोई बयान नहीं आया है।

### निवेशकों के एक दिन में 51,000 करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** शेयरों में गिरावट के चलते अडाणी ग्रुप का मार्केट कैप 51,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कम होकर 7.5 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। मंगलवार को, ग्रुप के 10 शेयरों का कंबाइन्ड मार्केट कैप 8,09,182 करोड़ रुपए था। वहीं 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने से पहले ग्रुप का एम कैप 19.19 लाख करोड़ था। इतना ही नहीं, फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक गौतम अडाणी की नेटवर्थ सिर्फ 43.4 बिलियन डॉलर रह गई है। अडाणी को बीते 24 घंटे में 6.2 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। वे दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 26वें नंबर पर आ गए हैं।

# भ्रमण के दौरान डीएम ने सड़क खुदवाकर किया परीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

**प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों पर पुलिस पिकेट लगाकर भारी वाहनों के आवागमन पर लगेगी रोक**

**जिलाधिकारी ने औराई व माधोसिंह में अतिक्रमण व साफ-सफाई के दृष्टिगत किया निरीक्षण**

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सिंहपुर-चकवॉ नहर पटरी मार्ग एवं औराई व माधोसिंह में अतिक्रमण व साफ-सफाई का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने रास्ते में सड़क खुदवा कर सड़क की गुणवत्ता की जांच की व खामियां मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत निर्मित सिंहपुर-चकवॉ नहर पटरी मार्ग के बीच में गाड़ी रूकवाकर सड़क को खुदवाकर गुणवत्ता व फिटनेस परीक्षण किया। आगे बढ़ने पर चकवा महावीर मंदिर के प्रवेश द्वार के पास चौराहे पर सड़क क्रेक पाये जाने पर डीएम ने सम्बन्धित जेई पर पचीस हजार का फाइन करते हुए स्पष्टीकरण नोटिस देने का निर्देश दिया। जनमानस की शिकायतों का स्वतः संज्ञान लेते हुए डीएम ने दुगार्गंज-कड़वॉ मार्ग से सम्बन्धित जेई पर 20 हजार का फाईन करते हुए स्पष्टीकरण नोटिस देने का निर्देश दिया। इन दिनों प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों की वाहन क्षमता कम होने पर भी हैवी ट्रक चल रहे है। निरीक्षण के क्रम में



वाकर सड़क खुदवाकर परीक्षण करते डीएम गौरांग राठी

## सरकारी बस से निकलने लगा धुंआ, मची अफरातफरी

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय राजमार्ग के नगर पुलिस चौकी के सामने अचानक प्रयागराज से वाराणसी को जा रही यूपी डीटी 3668 बस में अचानक धुंआ निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। सभी यात्री बस के रुकते ही दरवाजे से अपनी जान बचाने को भागने लगे, किसी के घायल होने की सूचना नही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही रोडवेज की बस मे कुल 17 सवारी बैठे थे। जैसे ही पुलिस चौकी के सामने पहुंची अचानक बस के नीचे से धूंआ निकलने लगा। जिसे देखकर यात्रियों में अफरातफरी मच गई। बस के रुकते ही सभी यात्री अपनी जान बचाने को गेट से निकलने के लिए एक दूसरे पर गिरते पड़ते निकले। इसी बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती स्थानीय नागरिकों द्वारा अपने अपने घरों से पानी लाकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। जिसकी वजह से आधे घंटे तक रोड पर जाम की हालत बनी रही। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज राय, दीवान एजाज खान सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम को हटाकर रास्ता सुचारू रूप से चालू कराया।

# 295 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वचन

**आयोजन**

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफलः मुख्य विकास अधिकारी**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** शासन के अति महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा दिये गये निदेशों के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शादी सम्पन्न कराई गयी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विभिन्न विकासखण्डो में ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्यगण, नामित जिला स्तरीय अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

विकासखण्ड ज्ञानपुर में 69, भदोही में 29, डीघ में 65, अभोली में 19, औराई में 52, सुरियावां में 46 तथा सभी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में कुल 15 कुल 295 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 184 अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग 101 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 10 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि शुभ विवाह एक पवित्र गठबंधन है जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं। यह सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफल है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोड़े शादी पर रू. 51000 व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें 35000 रुपये मात्र कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के दौरान मौजूद जोड़े

# केशव प्रसाद मिश्र की रोवर्स रेंजर्स चैंपियन

**प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं**

**दो दिवसीय जनपदीय रोवर्स रेंजर्स समागम-2023 के अंतर्गत आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं**

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय रोवर्स रेंजर्स समागम-2023 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण प्रतियोगिता, क्विज, पोस्टर, निबंध, लोकनृत्य, रोल प्ले, टेंट निर्माण, मार्च पास्ट, दल अभिलेख, झांकी, स्क्लीरोमा, ध्वज शिष्टाचार, किम्स गेम, कलर पार्टी में केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई के रेंजर्स की छात्राओं रानी यादव, नंदनी चौबे, एकता तिवारी, श्वेता शुक्ला, अनुप्रिया यादव, सुमन यादव, खुशी सिंह, जया, निकिता सिंह, अन्तिमा आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतिभागी महाविद्यालयों काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही, घनश्याम दुबे महाविद्यालय सुरियांवा की रेंजर्स टीम के मध्य अपना वर्चस्व कायम रखा। रेंजर्स लीडर डॉ. प्रज्ञा वर्मा एवं डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की रेंजर्स छात्राओं ने द्विदिवसीय रेंजर्स जनपदीय समागम रैली में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृज किशोर त्रिपाठी ने रेंजर्स जनपदीय समागम रैली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत होने वाली समस्त छात्राओं एवं साथ ही रेंजर्स लीडर्स को समस्त महाविद्यालय की तरफ से ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



चैंपियन को पुरस्कृत करते प्राचार्य मुरलीधर

# तमंचे से धमकाकर बाइक लूट का आरोपी गिरफ्तार

**सफलता**

**कब्जे से लूटी गई बाइक व तमंचा मय खोखा, कारतूस बरामद**

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर चौथार गांव में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तारशुदा लुटेरा थाना गोपीगंज का टॉप टेन व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है। उसके विरुद्ध भदोही प्रयागराज व मीरजापुर में हत्या के प्रयास चोरी जालसाजी एनडीपीएस शस्त्र व गोवध अधिनियम के अंतर्गत लगभग दो दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत है। मुठभेड़ के दौरान फरार व लूट की घटना में शामिल लुटेरे के साथी की तलाश जारी है।

गोपीगंज थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौथार मोड़ के पास दो अज्ञात बदमाशों द्वारा तमंचे से डरा धमका कर ईट भट्टे से लौट रहे शेषमणि से बाइक छीन लिया था। सूचना पर संक्रिय हुई पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और चेकिंग व घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू कर दिया। लूट के शिकार हुए नथईपुर निवासी शेषमणि ईट भट्टे के मुनीब की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुअसं. 39/2023 धारा 356 भादवि. तरमीम धारा 392 भादवि. का अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम गोपीगंज सुरियावा मार्ग पर पीछा करते हुए सनशाइन पब्लिक स्कूल के पास मुठभेड़ के दौरान लुटेरे अकील उर्फ मुर्गा निवासी सराय जगदीश गोपीगंज को गिरफ्तार कर लिया।

लुटेरे के कब्जे से लूटी गई बाइक व एक अदद देसी तमंचा मय दो अदद खोखा एक अदद मिस कारतूस बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411भादवि की बढ़ोतरी तथा पुलिस टीम पर फायरिंग की घटना के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मु.अ.सं. 40/2023 धारा 307 भादवि 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सीएचसी सुरियावां का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

**सुरियावां।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सन्तोष कुमार चक ने बुधवार को प्रातः 10:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने साफ सफाई, दवा की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर व उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया। सीएमओ के निरीक्षण में डॉक्टर डीएन मिश्रा परामर्शदाता एवं अर्जुन जयसवाल, आयुष्मान मित्र अनुपस्थित पाए गए। उक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया।

## दो चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

भदोही। चौरी थाना क्षेत्र के अनेगपुर स्थित यादव बस्ती में गत तीन दिन पूर्व घर के अंदर घुस कर चोरो ने हजारों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया था। बुधवार को प्रातः मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार व चौकी प्रभारी अविनाश चन्द्र त्रिपाठी ने परसीपुर रेलवे फाटक से अभियुक्त कैलाश बनवासी पुत्र स्व. सुखु निवासी कोल्हड़ व दिनेश बनवासी पुत्र स्व. भोनू निवासी चौरी निदूरपट्टी को पायल बिछियां व नगदी रुपये के साथ गिरफ्तार करते हुए धारा 380 व 411 के तहत जेल भेज दिया।

# स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की मनाई गई पुण्यतिथि



**भदोही।** महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के प्रथम पूर्व शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के 65वें पुण्यतिथि पर गोपीगंज में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करके विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भदोही के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य माबूद खान ने कहा कि देश की तरक्की में शिक्षा का महत्व विशेष रूप दिया था। उनके के द्वारा आजादी के बाद देश में सैकडो महाविद्यालय, विश्व विधालय, मेडिकल कालेज, इंजिनियरिंग कालेज, आईआईटी कालेज, सैनिक स्कूल की स्थापना की थी। श्री खान ने देश वासियों से अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि पर जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चो के भविष्य व देश की तरक्की में शिक्षा का महत्व समझे विशेष रूप से बच्चों को शिक्षित बनाने पर बल दे और भारत को मजबूत करने में अभिभावक अपना योगदान दें। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परवेज हाशमी, महताब आलम, गुलशेर राइन, मनोज मौर्य, सराफत अली, युसूफ बबलू, शमीम अहमद आदी लोग उपस्थिति रहे।

# जाति जनगणना से ही सबको मिलेगा समान अधिकार



जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** नगर के डाक बंगले पर बुधवार को दोपहर 12 बजे सपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधान सभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने अपने उदबोधन में कहा कि जाति जनगणना से ही सबको समान अधिकार मिल सकता है। सभी बूथ प्रभारियों को सक्रिय करने के लिए पूरे विधान सभा को 11 जोन में परिवर्तित करते हुए 4-4 सेक्टरों में एक जोन प्रभारी पार्टी के नीतियों एवं सिद्धान्तों को जन चौपाल के माध्यम से जाति वार जनगणना को प्रमुखता से जनता के बीच बताने का कार्य करेंगें। साथ ही बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति तैयार करने सम्बन्धी उक्त बातें कही। इस अवसर पर डॉ. हरिराम, सत्यनारायण यादव, सुरेश यादव, राम अवतार सोनकर, जयसिंह चौहान, जयप्रकाश राम, विजय दत्त मौर्य समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महासचिव पवन मण्डल ने किया।

## होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों की हो सघन जांच

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के जिला स्तरीय कमेटी की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों (विशेष रूप से खोया एवं मिठाई से सम्बन्धित) का सघन निरीक्षण कर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, ने जनपद के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील है कि अपने प्रतिष्ठान से शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के निर्माण/संग्रह/विक्रय का कार्य करें, क्योंकि नमूना जांच रिपोर्ट मानक के विपरीत पाये जाने की स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के विभिन्न धाराओं में नियमानुसार अर्थदण्ड अथवा अर्थदण्ड एवं कारावास दोनों से दण्डित किये जाने का प्राविधान है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हजरत शेखू शाह का मनाया गया सालाना उर्स ए मुबारक

**जौनपुर।** हजरत शेखू शाह बाबा का 43वां उर्स ए मुबारक बुधवार को बड़े ही अकीदत के साथ शाही पुल स्थित शेर मस्जिद में मनाया गया जहाँ उपस्थित हजारों लोगों ने शेखू शाह बाबा की मजार पर चादर पोशी व गुलपोशी करके मुल्क में अमन और शान्ति के लिए दुआएं मांगी।

उर्स का शुभारंभ सुबह 7 बजे कुरआन ख़्वानी से हुआ उसके बाद नमाज ए जोहर जलसा ए सीरतुन्नबी स.अ.व.एवं नातिया मुशायरा प्रोग्राम का आयोजन हुआ जिसकी शुरूआत मस्जिद के पेश इमाम कारी इश्तियाक अहमद ने तिलावत ए कुरआन से किया। नातिया मुशायरे में शहर व जनपद के बाहर के शायरों व नातख्वां ने नात ए नबी का नजराना पेश करके लोगों को मनमुग्ध कर दिया। प्रोग्राम का संचालन नासिर जौनपुरी व यामीन सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से किया।

जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना अहमद रजा ने कहा कि हम सभी को नबी की सुन्नतों पर अमल करना जरूरी है तभी हम दोनों जहाँ की कामयाबी हासिल कर सकते हैं। उर्स कमेटी के अध्यक्ष व शेर मस्जिद के पेश इमाम कारी इश्तेयाक अहमद ने बताया कि शेखु शाह के दरबार में हर धर्म व मजहब के लोग हाजरी देते थे और शिफा पाते हैं। उन्होंने बताया कि यहां उनको चाहने वाले सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं और अपनी अकीदत व मोहब्बत का नजराना पेश करके अपनी मन्नतें और मुरादें माँगते हैं। इसके अलावा आजम मछली शहरी, अनवारुल हक, अनवार जौनपुरी, कारी जिया जौनपुरी, कमल जौनपुरी, जुनैद कादरी, ताहिर गुफरान, शफीक जौनपुरी, अहमद अजीज ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर इरफान जौनपुरी, शकील मंसूरी, मौलाना हफीज जौनपुरी, मौलाना हनीफुल कादरी, असीम मछली शहरी, मौलाना कयामुद्दीन समेत भारी संख्या में अकीदत मंद उपस्थित रहे।



उर्स ए मुबारक को सम्बोधित करते वक्ता

## संक्षेप

### रोजगार मेले के माध्यम से 26 का चयन

जौनपुर। विधानसभा मल्हनी के विकास खण्ड बक्शा परिसर में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की 6 कम्पनियों में कुल 235 अभ्यर्थियों ने योग्यतानुसार प्रतिभाग किया। उक्त कम्पनियों के द्वारा साक्षात्कार उपरांत अभ्यर्थियों का शार्टलिस्टेट चयनितों की संख्या 26 रही। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान किये जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन नि:शुल्क किया जा रहा है। रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव ने सेवायोजन पोर्टल से रोजगार मेले/आउटसोसिंग के माध्यम से रोजगार पाने की जानकारी दी।

### साप्ताहिक बंदी का नहीं हो रहा पालन

गौराबादशाहपुर। कस्बे में बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन है। फिर भी कुछ दुकानदार दुकानें धड़ल्ले से खोल कर माहौल को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने श्रम विभाग और नगर पंचायत के ईओ को साप्ताहिक बंदी का पालन कड़ाई के साथ कराये जाने का निर्देश दिया था लेकिन जिले का श्रम विभाग और नगर पंचायत उदासीन बना हुआ है। कस्बे में साप्ताहिक बंदी का पालन कराने में प्रशासन अब तक विफल रहा है।

### दुराचार व पॉक्सो का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सुइथाकला। थाना क्षेत्र में दुराचार व पाक्सो एक्ट का आरोपी बुधवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मामले में आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपी का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। छीतमपट्टी गाँव निवासी हीरालाल गौतम 26 पुत्र गनेश पाक्सो एक्ट में आरोपी था जिसे बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द मय हमराह द्वारा बरबसपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपी का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान मय हमराह कान्स्टेबल श्रीकान्त गुप्ता मौजूद रहे।

### दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के बीबीगंज चौकी अंतर्गत कुड़ियारी गांव में दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता गांव के महेश्वरा नामक स्थान पर किया गया है। जिसका समापन शुक्रवार को होगा। अध्यक्ष अजय सैनी (गुड्डू) ने बताया कि यहाँ हर साल ग्राम सभा द्वारा दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता खेला जाता है। इस बार भी आयोजन किया गया है जिसमें पड़ोस गांव के गोड़िला, चकहकीमी, गोल्हगौर, ताखा पश्चिम शिवपुर, छभवां, परासिन, मदरहा आदि दूर-दूर गांवों से आई टीमें हिस्सा लेंगी।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

गौराबादशाहपुर। मुफ्तीगंज स्थित शिव मंदिर रामलीला गली में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर शाम को हुए भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया जिसमें क्षेत्र के अधिकतम गावों कुंडी जमुआरी, रामपुर, उदीयासन उर्फ मुफ्तीगंज, हनुवाडीह, नैपुरा, गद्दीपुर, कन्हौली आदि गांवों से जुटे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य समझ कर इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा किया। यहां पर ऐसे आयोजन प्रति वर्ष कराए जाते है। इस अवसर पर रूपेश मोदन वाल, शुभम सोनी, रितेश गुप्ता, लालू गुप्ता, सिंटू मोदनवाल, लालचंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, नन्दकिशोर, प्रदीप कुमार मोदनवाल, शिवपूजन गुप्ता, मुरली मनोहर, मिथिलेश गुप्ता आदि समस्त बाजार निवासियों के सहयोग से कार्यक्रम परिपूर्ण कर सभी का आभार ज्ञापित किया गया।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का आगमन आज

जौनपुर। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह तथा सदस्य बृजेश कुमार का आगमन जनपद में 23 फरवरी को प्रस्तावित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जाँच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके।

# दिव्यांगजनों में सहायक उपकरण वितरित

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, नोएडा एवं सृजन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 16 मानसिक दिव्यांगजनों को शिक्षण सहायक सामग्री वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला और रामकेश मीना राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान क्षेत्रीय केंद्र नोएडा उपस्थित रहे। दिव्या शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रजलित कर किया और डॉ. संजय मिश्रा ने विगत वर्षो में संस्था द्वारा किये गए कार्यो के बारे में बताते हुए कहाकि आगे भी संस्था द्वारा जिले के हर दिव्यांगजन तक पहुँच कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर रामकेश मीणा ने सृजन संस्था के कार्यो की सराहना की और भविष्य में हर संभव मदद का यकीन दिलाया। कार्यक्रम का शुभांरभ ललित कुमार मैनेजर सृजन संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष सरिता जैसवार एवं धन्यवाद ज्ञापन सोनी यादव समन्वयक ने किया। इस अवसर पर अनामिका सिंह, सुमन देवी, पूजा मिश्रा, आरती कन्नोजिया रही और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



दिव्यांग बच्चे को सहायक उपकरण प्रदान करते अतिथि

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## शांतिपूर्वक मनाएं होली का त्योहार

**सुजानगंज।** थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई, जिसमें धर्मगुरुओं, प्रधान, प्रधान प्रतिनिधियों की मौजूदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला ने बताया कि होली का त्योहार शांति माहौल में हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाए। हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार होली दीपावली है जिसे हम भाईचारे की भावना से एक दूसरे के साथ हंसी खुशी से त्योहार को मनाते हैं। इस त्यौहार में किसी भी प्रकार का माहौल न बिगड़े किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो उसे तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार की गलत अफवाह न फैलाएं। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रधान प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी अपने अपने गांव में इस त्योहार को हंसी खुशी और हर्षोल्लास के साथ मनाएं। इस मौके पर ग्राम प्रधान संजय सिंह, अनिल कुमार पांडे, प्रधानपति राधेश्याम यादव जगदीश बिंद, विजय कुमार सिंह, सुधीर त्रिपाठी, नितिन तिवारी, अनवर अली, अखिलेश्वर मिश्रा, उप निरीक्षक ईश्वर चंद्र मिश्रा, कांस्टेबल अरुण यादव, विवेक, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित




**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि पाइप पेयजल योजना के तहत निर्माण हेतु जिस गांव में कनेक्शन देने का कार्य शुरू किया है उसे संतृप्त करने के बाद ही अन्य गांव में नया कनेक्शन देना शुरू करें। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था वेलस्पन और एफकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए डीपीआर में दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव/मजरे मुनादी कराते हुए जल जीवन मिशन की परियोजना की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराएं। कार्यदायी संस्था वेलस्पन और एफकॉन के एक्सईएन को निर्देश दिए कि परियोजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी गांव में डिस्प्ले कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, एक्सईएन जल निगम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जगतगंज बसाने के समय सारनाथ के महत्व की हुई खोज

## पुरखों की विरासत संजोने को गांव स्तर पर जागरूकता जरूरी : डॉ. सुभाष चंद्र यादव

सुरोजीत चैटर्जी

**खास मुलाकात**

वाराणसी। एक मुहल्ला बसाने के दौरान जहां सारनाथ के महत्व का पता चला वहीं रेल पटरी बिछाते समय जानकारी हुई कि ये तो काशी महाजनपद या काशी राज्य की राजधानी वाराणसी है। दूसरी ओर, पुरातात्विक साक्ष्य बताते हैं कि विंध्य क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख वर्ष पूर्व से लेकर अब तक मनुष्य के निरंतर आवास के प्रमाण हैं। सरकार ऐसे ही तमाम पुरातत्व महत्व के स्थलों को संरक्षित कर रही है लेकिन सभी संबंधित स्थलों का संरक्षण मात्र शासन स्तर से संभव नहीं है। इसके लिए जनजागरूकता की आवश्यकता है। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में स्थित पुरावशेषों या पुरातत्व महत्व के स्थलों को संरक्षित करने के लिए ग्राम समितियों को भी आगे आना होगा।'जनसंदेश टाइम्स' ने जब अपने विशेष कॉलम 'खास मुलाकात' के दौरान क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बनारस की प्राचीनता को लेकर बातचीत की तो उन्होंने यह बात कही। वो बताते हैं कि 18वीं शताब्दी के अंतिम दशक सन 1794 में जब तत्कालीन काशी नरेश के दीवान जगत सिंह ने जगतगंज मुहल्ला बसाने के लिए सारनाथ क्षेत्र में इधर-उधर बिखरे पड़े पत्थरों समेत वहां जमीन खोदकर पत्थर निकलवाकर मंगवा रहे थे। उसी क्रम में पत्थर हासिल करने के लिअ सारनाथ के धर्मराजिका स्तूप के निकट की गई खोदाई में कुछ ऐसे अवशेष मिले जिन्हें जगत सिंह ने गंगा में प्रवाहित करा दिया। इस बात की जानकारी उस वक्त के कलेक्टर जोनाथन डंकन की मिली। उन्होंने मामले की गंभीरता का अनुमान लगाते हुए सारनाथ क्षेत्र की वह खोदाई तत्काल रुकवा दी और पुरातत्व विशेषज्ञों के जरिये वहां पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से उत्खनन आरंभ कराया। उसी उत्खनन के कारण आधुनिक भारत को सारनाथ और भगवान बुद्ध की प्रथम तपोस्थली की जानकारी मिली। जोनाथन डंकन की इस अत्यंत महत्वपूर्ण पहल के बाद तो सिलसिला चल पड़ा। उसी क्रम में 1934 में एलेक्ज़ेंडर कनिंघम ने सारनाथ का सर्वेक्षण शुरु कराया। ब्रिटिश और भारतीय विशेषज्ञों ने सारनाथ के विभिन्न स्थलों का उत्खनन आदि कराते हुए और भी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां आमलोगों के सामने लाने में सफल रहे।

**भारत सरकार और उत्तर प्रदेश का पुरातत्व विभाग समेत तमाम कर रहे शोध**

**विंध्य क्षेत्र में डेढ़ लाख वर्ष पहले से लेकर अबतक मानव आवास के हैं साक्ष्य**

**काशी का प्राचीनतम एकमात्र जीवंत पूजित देवालय है कर्दमेश्वर महादेव मंदिर**



## बढ़ती आबादी और अज्ञानता एक बड़ी चुनौती

देश में असंख्य पुरातात्विक संपदा और विरासत विभिन्न स्वरूपों में स्थित हैं। अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थलों का संरक्षण सरकार करती है लेकिन गांवों में स्थित ऐसे स्थलों को संरक्षित करने के लिए ग्रामीणों का जागरूक करना आवश्यक है। बढ़ती आबादी और अज्ञानता के चलते ऐसे स्थलों पर अतिक्रमण की समस्या एक बड़ी चुनौती के रूप में है। वास्तव में वर्तमान समय में पर्यटन व्यापक क्षेत्र बन चुका है। इस दृष्टि से भी पुरातात्विक महत्व के अज्ञात और कम प्रचारित स्थलों की ओर आमलोगों का ध्यान आकृष्ट कर जागरूकता बढ़ानी होगी। ग्राम समितियों के जरिये यह कार्य बेहतर ढंग से संभव है। यदि हम इन इन विरासतों को नहीं बचा सके को अपने अत्यंत महत्वपूर्ण इतिहास को भुला देंगे।

## काशी के चार हजार साल पुराने साक्ष्य हैं उपलब्ध

क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव कहते हैं कि जगह या स्थान विशेष की ऐतिहासिकता की जानकारी हासिल करने के लिए वहां उत्खनन कर उसका मूल्यांकन करने के बाद ही पुष्ट हो पाता है कि उस जगह का महत्व क्या है। वाराणसी में कराए गये इतने उत्खनन में प्राप्त पुरातात्विक साक्ष्य लगभग चार हजार साल पुराने हैं। केंद्र और राज्य सरकार समेत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुरातत्व से जुड़े विभागों के व्यापक प्रयासों से प्राप्त पुरावशेषों का सर्वेक्षण और अभिलेखीकरण लगातार जारी है। इन शोधों के फलस्वरूप अबतक वाराणसी एवं विंध्याचल मंडल में लगभग 300 शैल चित्र और करीब एक हजार पुरातात्विक स्थल प्रकाश में आ चुके हैं।



## जिले के अन्य क्षेत्रों में हुआ उत्खनन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की प्रो, विदुला जायसवाल ने कोटवां, आशापुर, तिलमापुर, अकथा, रामनगर, शूलटंकेश्वर, सरस्वती फाटक स्थित सरस्वती उद्यान का उत्खनन पुरातत्व महत्व के उद्देश्य से कराया था।

## काशी राज्य की राजधानी का यूं चला पता

डॉ. यादव के मुताबिक सन 1939 में राजघाट क्षेत्र में रेलवे लाइन बिछाने के लिए की जा रही खोदाई के दौरान वहां कुछ पुरातात्विक अवशेष मिले। यह सूचना रेलवे के अधिकारियों ने नई दिल्ली स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अफसरों को दी। उसके बाद सन 1940 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कृष्णदेव ने राजघाट इलाके का सर्वे करने के लिए पुरातात्विक उत्खनन आरंभ कराया। फलस्वरूप वहां प्राप्त अवशेषों और सामग्री के खुलासा हुआ कि काशी महाजनपद या काशी राज्य की राजधानी वाराणसी का क्षेत्र यही है। इसी क्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संबंधित विभागों ने राजघाट इलाके में सन 1957-58, 1960 से 1965 तक और सामने घाट स्थित ज्ञान प्रवाह की ओर से 2013-14 में उत्खनन कराया गया। ऐसे ही कई अन्य प्रयासों के परिणाम स्वरूप राजघाट का पूरा स्वरूप उभरकर सामने आया।



## लोगों को कर रहे जागरूक


☛ उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग ट्वीट के जरिये सांस्कृतिक विरासतों की जानकारी दे रहा है। ☛ भारत सरकार के स्तर से भी कई प्रकार से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ☛ पर्यटन विभाग विभिन्न फोल्डर और ब्रोशर के माध्यम से जानकारी दे रहा है। ☛ स्मारकों के भ्रमण के लिए विभागीय वेबसाइट और विभिन्न पोर्टल के जरिये जानकारी दी जा रही है। ☛ स्कूल-कॉलेजों में व्याख्यान, प्रदर्शनी, पेंटिंग-निबंध प्रतियोगिता आदि कराते हैं।

## कई विभागों की है जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने उत्तर भारत के बौद्ध स्थलों के उत्खनित अवशेषों पर आधारित विषय लेकर पीएचडी की है। वह पहली बार सन 2007 में सहायक पुरातत्व अधिकारी के तौर पर लखनऊ में तैनात हुए। इनका कार्यक्षेत्र वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर एवं जौनपुर सहित विंध्याचल मंडल कके संत रविदास नगर भदोही, मीरजापुर एवं सोनभद्र और अयोध्या मंडल के सुल्तानपुर तथा अमेठी है। कभी-कभी आजमगढ़ मंडल के मऊ एवं आजमगढ़ जिले को भी विभागीय कार्य संभालते हैं। उनके पास क्षेत्रीय सांस्कृति केंद्र, क्षेत्रीय अभिलेखागार, लालबहादुर शास्त्री स्मृति भवन संग्रहालय रामनगर का अतिरिक्त प्रभार भी है।



डॉ. सुभाष चंद्र यादव
क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी








## सारनाथ में कब-कब हुआ सर्वेक्षण

1794, 1815, 1834-1835, 1851-1852, 1865, 1904-1905, 1906-1907, 1914-1915, 1921-1922, 1927-1928, 1963-1964, 1992-1993, 2013-2014



## पूर्वांचल के अन्य जिलों में उत्खनन

वाराणसी के आसपास के जनपदों में भी पुरातत्व महत्व के उत्खनन कार्य कराए गये हैं। जिसके तहत मीरजापुर में अगियाबीर एवं बड़गांव, सोनभद्र में राजा नल का टीला, नई डीह, भगवास, रैपुरा, चंदौली जिले में मलहर, लतीफशाह, गाजीपुर में मसोनडीह और जौनपुर में हरिहरपुर आदि समेत विभिन्न स्थलों पुरास्थलों की खोदाई हुई है।



## मालवीय पुल पहले था डफरिन ब्रिज

राजघाट में गंगा पर बने वर्तमान पुल का नाम पहले 'दि डफरिन ब्रिज' था। इसे अवध एवं रुहेलखंड रेलवे कंपनी के इंजीनियरों ने बनाया था। उस वक्त यह पुल सिर्फ पैदल या वाहनों की आवाजाही के लिए था। जनवरी 1882 में इसका निर्माण आरंभ हुआ था। आम जनता के लिए यह पुल एक अक्टूबर 1887 को खोला गया। मूलत: सिंगल ट्रैक (इकहरी रेल लाइन) के लिए बने इस ब्रिज पर सड़क यातायात का प्रावधान था। पुल की रिगर्डरिंग का काम ब्रेथव्हाइट बर्म व जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी ने और डिजाइन रेंडल पामर व ट्रिटॉन ने किया। उसके बाद पांच दिसंबर पांच दिसंबर 1947 को पं. गोविंद बल्लभ पंत की मुख्य उपस्थिति में इस ब्रिज का नाम बदलकर 'मालवीय ब्रिज' कर दिया गया।



## जनपद में किया सर्वे

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संबंधित विभिन्न विभाग, सामनेघाट क्षेत्र स्थित ज्ञानप्रवाह, इनटैक समेत विभिन्न शोधार्थी

# ब्रिटेन में महंगाई का तांडव

ब्रिटेन में महंगाई ने हालात और खराब कर दिया है। अब आम लोगों के साथ ही टीचर्स, स्वास्थ्यकर्मी और पेंशनधारियों को भी फूड बैंक के सहारे पर रहना पड़ रहा है। दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 में लोगों ने सबसे ज्यादा फूड बैंक से मदद मांगी। ब्रिटेन में 154 संस्थाएं फूड बैंक चलाती हैं, जो लोगों को मुफ्त भोजन बांटते हैं।

इंडिपेंडेंट फूड एड नेटवर्क ने 90 फीसदी फूड बैंकों के आंकड़ों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। फूड बैंक संचालित करने वाली 85 संस्थाओं ने बताया कि जब भोजन की मांग करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी तो उन्होंने कई बार भोजन में कटौती की और खाना मांगने आए बहुत से लोगों को लौटा दिया। ब्रिटेन में सबसे ज्यादा फूड बैंक द ट्रसेल ट्रस्ट नाम की संस्था चला रही है। उसके 1300 से अधिक फूड बैंक हैं। ट्रस्ट के मुताबिक उसने पिछले साल अप्रैल से सितंबर के बीच 13 लाख आपातकालीन फूड पैकेट बांटे। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 3 लाख 20 हजार से ज्यादा लोग खाने के लिए फूड बैंक जा चुके हैं।

2021 की तुलना में यह संख्या एक तिहाई ज्यादा है, जबकि महामारी के पहले से तुलना करें तो यह 50% ज्यादा है। महंगाई के कारण लोगों के खरीदने की क्षमता भी प्रभावित हुई हैं। ब्रिटेन में हाल के महीनों में इसके चलते लगातार हड़तालों का सिलसिला भी चला। वहीं जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने की भी आशंका है। लिहाजा, आम लोग भोजन खरीदने में अपने को अक्षम पा रहे हैं। ऐसे लोगों की ही निर्भरता फूड बैंकों पर बढ़ी है।

### तूल पकड़ता मुद्दा

**खाने का खर्च नहीं उठा पा रहे शिक्षक, हेल्थकर्मी और पेंशनधारी**

**सवा तीन लाख लोग फूड बैंक की शरण में जा चुके हैं**


### नौकरीशुदा भी ले रहे हैं फूड बैंकों की मदद

इफान के अध्ययन से सामने आया है कि ऐसे बहुत से लोग भोजन के लिए फूड बैंकों के पास गए हैं, जो अभी नौकरी में हैं। जो लोग फूड बैंकों के पास जा रहे हैं, उनमें से 80 फीसदी से ज्यादा ऐसे लोग हैं, जिन्होंने पहले कभी इस तरह की मदद नहीं ली थी। ब्रिटेन मे कई परिवारों को केवल टोस्ट खाकर अपनी भूख मिटानी पड़ रही है। यूके के डेली न्यूजपेपर को दिए एक इंटरव्यू में लिजा क्लार्क नाम की महिला बताती है कि खाने के दाम बढ़ जाने के कारण वो खुद भूखी रह रही हैं। वो बच्चों के स्कूल से घर आने का इंतजार करती हैं, ताकि बच्चों का छोड़ा हुआ खाना खाकर अपनी भूख मिटा सकें। फूड फाउंडेशन की रिसर्च के मुताबिक सितंबर माह तक 40 लाख बच्चे बगैर प्रॉपर खाने के रहने को विवश थे।

### ब्रिटेन में तेजी से बढ़े खाने के दाम

ब्रिटिश रिटेल कंसोर्टियम की लेटेस्ट इंफलेशन रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर माह में सालाना फूड इंफलेशन 10.06 फीसदी तक बढ़ी। वहीं अगर बात रोजमर्रा इस्तेमाल किए जाने वाले खाने की करें तो इनकी कीमतों में भी काफी तेजी से उछाल देखा गया। फ्रेश फूड यानी तुरंत इस्तेमाल होने वाले खाने की महंगाई में केवल सितंबर के महीने में 12.1% बढ़ोतरी हुई। जबकि इन उत्पदों की सालाना महंगाई दर 13.3% तक रही थी। ब्रिटेन में बुधवार को 5 लाख से ज्यादा लोगों ने लंदन की सड़कों पर उतर ऋषि सुनक की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे ब्रिटेन का पिछले एक दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। विरोध करने वाले लोगों में सबसे ज्यादा टीचर्स, सिविल सरवेंट और ट्रेन के ड्राइवर्स रहे, जो अपना काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। इन लोगों ने सरकार से वेतन बढ़ाने और महंगाई को कंट्रोल में करने की मांग की है।

# यूएस राष्ट्रपति बाइडन की यूक्रेन यात्रा इतनी गुप्त क्यों



चार दिन पहले अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडन बड़े ही नाटकीय व सीक्रेट तरीके से यूक्रेन पहुंचे। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक पोलैंड के बॉर्डर पर बहुत गोपनीय तरीके से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को ट्रेन से यूक्रेन पहुंचाया गया। पोलैंड से अचानक यूक्रेन की राजधानी कीएव पहुंचे बाइडन की यात्रा को सुरक्षा कारणों से बहुत गोपनीय रखा गया था। बाद में बताया गया कि राष्ट्रपति बाइडन यूक्रेन से निकल चुके हैं। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि शनिवार को बाइडन ने अपनी पत्नी जिल के साथ एक रेस्तरां में डिनर किया और उसके बाद खामोशी से वॉशिंगटन से रवाना हो गए थे। हालांकि इससे पहले अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया था कि पहले से निर्धारित पूर्वी यूरोप के दौरे में बाइडन यूक्रेन भी जाएंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा है, रविवार रात को व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति का जो कार्यक्रम जारी किया था, उसके मुताबिक सोमवार को राष्ट्रपति को वॉशिंगटन में ही होना था और शाम को वे वॉरसा रवाना होना था, जबकि उस समय तक वे अपनी आधी यात्रा पूरी कर चुके थे। साल भर पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा है। इससे पहले, बाइडन पोलैंड के राष्ट्रपति एंद्रेज दुदा से मिलने गए थे। जो बाइडन ने यूक्रेन के नागरिकों की तारीफ करते हुए कहा कि बिना सैन्य ट्रेनिंग के अनुभव के उन्होंने बहुत शानदार तरीके से लड़ाई लड़ी।

### टॉप सीक्रेट सुरक्षा

**कैसे रखी गई ये यात्रा सीक्रेट, एयर में बढ़ाई गई सुरक्षा और बाइडन पहुंचे ट्रेन से**